विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

▸ वर्ष 72 ▸ अंक 256 ▸ पृष्ठ 12

▸ रीवा, शनिवार 14 जून, 2025
▸ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

**शुक्रवार तड़के इजराइल ने 200 विमानों से किया ईरान पर भीषण हमला**

6 परमाणु वैज्ञानिक और टॉप 4 मिलिट्री कमांडर समेत 20 प्रमुख लोग मारे गए। (विस्तृत पेज-3 पर)



मेडिकल कॉलेज कैंटीन की छत पर गिरा था विमान। उसकी टेल छत में धंस गई थी, जबकि बाकी हिस्सा छत पर रगड़ते हुए आगे जा गिरा था, जिससे हॉस्टल की बिल्डिंगों में आग लग गई थी। शुक्रवार को इसी छत पर ब्लैक बाक्स मिला।

# विमान का ब्लैक बॉक्स और डीवीआर बरामद

## सभी 270 शवों का पोस्टमार्टम, डीएनए टेस्ट के बाद सात शव परिजनों को सौंपे

**अहमदाबाद, जेएनएन।** दुर्घटना की शिकार हुई एअर इंडिया की उड़ान एआई 171 का ब्लैक बॉक्स मिल गया है। विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। मंत्रालय ने बताया कि ब्लैक बॉक्स को इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी बरामद कर लिया गया है। डीवीआर एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान के मलबे के बीच पाया गया है।

वहीं घटनास्थल से शुक्रवार को रेस्क्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए। सात लोगों के शव डीएनए टेस्ट के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए गए। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि सभी शवों का डीएनए टेस्ट रविवार तक पूरा होगा। शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि बिना डीएनए टेस्ट के किसी को नहीं पहचाना जा सकता। डीएनए टेस्ट के लिए 200 सैंपलों के कलेक्शन का काम हो चुका है। उधर, अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के बाहर दिनभर मृतकों के परिजनों की कतार लगी रही। नम आंखें शवों की भीड़ में अपनों को तलाश रही थीं। गुजरात सरकार ने मृतकों और घायलों के परिजनों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर- 9978405304 और 079232 51900 जारी किए हैं। एअर इंडिया ने अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली और गैटविक एयरपोर्ट पर मृतकों के परिजन की मदद के लिए हेल्प सेंटर खोला है। भारत के लिए 1800 5691 444 और भारत के बाहर से 8062779200 पर संपर्क किया जा सकता है। यह नंबर अगले तीन दिनों तक काम करते रहेंगे।

ब्रिटेन का जांच दल अहमदाबाद आ चुका है और उसने मौके का मुआयना किया। दरअसल, मृतकों में 53 ब्रिटिश नागरिक हैं। ब्रिटेन की सरकार ने गुरुवार को हादसे के बाद ही घोषणा कर दी थी कि वह अपने स्तर पर भी हादसे की जांच कराएगी। अमेरिका ने कहा है कि अगर भारत सरकार चाहेगी तो वह भी जांच में सहयोग देने को तैयार है।

## अब हर उड़ान से पहले बोइंग 787 की जांच जरूरी

डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश 12 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे में 241 लोगों की मौत के एक दिन बाद जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बोइंग के 787-8 और 787-9 हवाई जहाजों की हर उड़ान से पहले जांच होगी। सभी रिपोर्ट्स डीजीसीए को सौंपी जाएंगी। डीजीसीए ने एअर इंडिया को जेनएक्स इंजन वाले बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों के अतिरिक्त रखरखाव का निर्देश दिया है। यह आदेश 15 जून से लागू हो जाएगा। टाटा ग्रुप की एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9 हैं। अब हर उड़ान से पहले फ्यूल सिस्टम की जांच होगी यानी यह देखा जाएगा कि ईंधन से जुड़े पैरामीटर सही हैं या नहीं। कैबिन में हवा पहुंचाने वाले सिस्टम की भी जांच होगी। इंजन कंट्रोल सिस्टम, हाइड्रोलिक सिस्टम, जो प्लेन के पहिए, ब्रेक कंट्रोल करता है, की भी जांच का आदेश दिया गया है। एक नया फ्लाइट कंट्रोल चेक शुरू होगा। यानी हर स्टॉप पर फ्लाइट की जांच होगी। अगर किसी विमान में 15 दिन तक बार-बार एक ही जैसी खराबी आती है तो उस विमान को सेवा से बाहर कर दिया जाएगा।



## पीएम मोदी ने जिंदा बचे शख्स से की मुलाकात

अहमदाबाद प्लेन हादसे में जिंदा बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास कुमार ने बताया कि मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। शायद दरवाजा टूटा और सीट समेत नीचे गिर गया। रमेश कुमार अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को उनसे मुलाकात की और हालचाल जाना। दोनों के बीच करीब 10 मिनट तक बातचीत हुई। रमेश ने प्रधानमंत्री को बताया कि जब विमान ने उड़ान भरी तो कुछ भी गड़बड़ी समझ में नहीं आई। सभी यात्री खुश थे लेकिन एक मिनट बाद ही विमान में चीख-पुकार मच गई और उसके बाद क्या हुआ, इसके बारे में रमेश को कुछ भी पता नहीं है।

## विमान हादसे में इंदौर की हरप्रीत व ग्वालियर के आर्यन की मौत

**जागरण, इंदौर/ग्वालियर।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में प्रदेश के दो लोगों की जान गई है। इनकी पहचान इंदौर की हरप्रीत कौर होरा और ग्वालियर के आर्यन राजपूत के रूप में हुई है। हरप्रीत पति से मिलने लंदन जा रही थी। वहीं, आर्यन बीजे मेडिकल कॉलेज में मेडिकल का छात्र था। विमान इसी मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा था। हरप्रीत इंदौर के राजमोहल्ला में रहती थी। वह गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने के लिए दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार हुई थी, उसका सीट नंबर 22-ई था। वह अपने पति रॉबी होरा से मिलने लंदन जा रही थी। रॉबी के चाचा राजेंद्र सिंह होरा ने बताया- रॉबी लंदन से इंदौर पहुंच रहे हैं और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अहमदाबाद जाएंगे।



हरप्रीत कौर

### 31 मई को आखिरी बार घर आया था आर्यन राजपूत

विमान हादसे में जान गंवाने वाला आर्यन राजपूत एक साल पहले ही एमबीबीएस करने अहमदाबाद गया था। अभी वह सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था। 31 मई को वह गांव में आखिर बार एक शादी में शामिल होने आया था और दो दिन बाद लौट गया। आर्यन घर में सबसे छोटा था। उसकी एक बड़ी बहन निकिता और भाई आदित्य है। पिता रामहेत किसान हैं। ग्रामीण पंकज सिंह किरार ने बताया, आर्यन कैंटीन में लंच करने गया था, तभी विमान आकर हॉस्टल पर गिर गया। आर्यन बहुत ही प्रतिभावन छात्र था। गांव के लोग अभी भी इस हादसे पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।



आर्यन राजपूत



# डेलौरा पंचायत में पानी का गहराता संकट, बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण

## राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के क्षेत्र में है पानी का भारी संकट

जागरण, सतना

सोहावल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत डेलौरा में पेयजल संकट दिन.ब.दिन गंभीर होता जा रहा है लगभग सौ घरों की इस बस्ती में मात्र एक हैण्डपम्प कार्यरत है लेकिन उसका जल स्तर इतना नीचे चला गया है कि अब उसमें से भी पानी नहीं निकल रहा है ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दो से तीन किलोमीटर दूर दूसरी पंचायतों में जाना पड़ रहा है तेज गर्मी और बढ़ते तापमान के चलते हालात और भी खराब हो गए हैं बुजुर्ग,महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं ग्रामीणों ने पीएचई विभाग और पंचायत को इस संबंध में कई बार लिखित शिकायत दी है लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है लोग मजबूरी में गंदा पानी पीने को विवश हैंए जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है ग्रामीणों ने शासन.प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था दुरुस्त की जाए और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाए ताकि उन्हें इस भीषण जल संकट से राहत मिल सके।



पी एच ई अधिकारी को कई बार दे चुके हैं पानी संकट की जानकारी लेकिन आज तक कोई भी निराकरण नहीं हुआ है और गांव की सारी रोड खोद दी गई और सप्लाई डाली गई वह भी आज तक चालू नहीं हो पाई।

**वार्ड सदस्य योगेंद्र सिंह उर्फरिंकू सिंह**

दूसरे गांव से ले आना पड़ता है पानी हैंड पंप के होल में मोटर भी पंचायत के द्वारा डाली गई है तब भी पानी नहीं मिल पा रहा है वाटर लेवल बहुत नीचे जा चुका है दूसरे होल की है जरूरत।

**ग्रामीण धर्मपाल सिंह**

जान बचाना मुश्किल पड़ रहा है भीषण गर्मी मैं नहीं मिल पा रहा पीने को जी भर के पानी और गांव में सप्लाई भी खोद कर डाली गई है पर आज तक चालू नहीं हुई ना ही कोई बोर हुआ है कि पानी गांव तक पहुंच सके रोड भी बनी थी उसकी खोज कर चौपट कर दिया गया है

**जयलाल सिंह उर्फजागीरदार**

## झाड़ियों में मिला अज्ञात युवक का शव

**सतना।** जिले के उचेहरा थाना अंतर्गत मैंहर एवं उंचेहरा रेल्वे स्टेशन के मध्य अप ट्रैक के किनारे झाड़ियों में सुरही मंदिर के नजदीक लगभग 40 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसकी सूचना मिलने में मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत शव को मरचुरी में रखवाया एवं मर्ग कायम कर जांच कर रही है। शव 2 दिन पुराना बताया जा रहा है।

## अमृत हरित योजना का प्रशिक्षण एक दिखावा



**सतना।** अमृत हरित शहरी पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला का लाइव प्रसारण भोपाल से लाखों रुपए खर्च करके किया जा रहा है मगर प्रशिक्षण कितनी गंभीरता से लिया जा रहा है यह रामपुर बघेलान नगर परिषद के प्रशिक्षण हाल में देखा जा सकता है जिसमें अपने जवाबदारियों का निर्वाह करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उपन्यत्री भोपाल प्रशिक्षण प्राप्त करने गए हुए हैं मगर नगर परिषद रामपुर बघेलान में प्रशिक्षण लेने वाले कर्मचारियों का यह है प्रशिक्षण लेने का नजरिया।

# प्रयागराज से सतना पहुंची साढ़े तीन क्विं. पनीर को कराया नष्ट



**जागरण, सतना।** प्रयागराज से आने वाला 345 किलो कीमत लगभग 84 हजार रु का पनीर जो कि 18 मई को बिरला रोड सतना में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 35 बीटी 1838 को रोककर जांच में लिया गया तो उसमें थर्मोकोल के 07 इवग में 350 किलो पनीर एवं 15 केजी के 10 जार में दही रखा पाया गया। वाहन के चालक नीरज कुशवाहा से उक्त माल के संबंध में पूछताछ करने पर बतलाया कि यह माल अनिग डेयरीए खोदायपुर, बगई खुर्दए फूलपुरए प्रयागराज उत्तर प्रदेश से नागौद और रीवा की पार्टियों को पक्के बिल द्वारा देने आया हूं। मौके पर उसके द्वारा विनीत गोलू 56 डेयरी नागौद एवं रवि शंकर रीवा का बिल प्रस्तुत किया गया जिसमें गोलू 56 डेयरी नागौद द्वारा 250 केजी पनीर एवं 150 केजी दही पाया गया। 100 किलो पनीर रीवा का है। गोलू 56 डेयरी और अनिग डेयरी को सूचित किया गया। एस डी एम सतना एल आर जांगड़े ए राजस्व विभाग के आर आई और पटवारी की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। विनीत सिंह के मौके पर उपस्थित होने पर थर्मोकोल में पैक पनीर के 05 बॉक्स को खोलकर 05 नमूने पनीर के लिए गए। पनीर के बॉक्स में अंदर और बाहर पनीर निर्माण या यूज बाय डेट आदि कोई जानकारी अंकित नहीं पाया। लाइट दही के दो डिब्बों से दो नमूने दही के लिए गए हैं जिनमें बैच नंबरध्डेट ऑफ मैन्युफैक्करिंगध्यूज बाय डेट एफएस एस ए आई लाइसेंस नंबर आदि अंकित थे। उक्त खाद्य पदार्थों को जिस वाहन से परिवहन किया जा रहा था उसका खाद्य पदार्थ परिवहन का लाइसेंसध्पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया है। वाहन में टेंपरेचर मेंटेन करने की कोई सुविधा नहीं थी। नमूना लेने के पश्चात शेष पनीर 345 ाह को जप्त कर कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षार्थ रखा दिया गया था। 13 जून को जप्त शुदा 345 केजी पनीर को नगर निगम के डंपिंग यार्ड मटेहना तह रघुराज नगर में गड्ढा खुदवाकर पनीर को गड्ढे में डलवाकर नष्ट करवा दिया गया है। विनष्टीकरण कार्यवाही में अभिषेक बिहारी गौड़,शीतल सिंह और नगर निगम सतना के स्वच्छता पर्यवेक्षक हरभजन सिंह, रेमकी के सुपरवाइजर धीरेंद्र प्यासी आदि उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ ने मलेरिया रथ को दिखाई हरी झंडी



**जागरण, सतना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मलेरिया रोकथाम हेतु जन जागरूकता अभियान के लिए आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर स्ण्ज्ञ तिवारी ने मलेरिया रथ को हरी झंडी दिखाकर जिले के भ्रमण हेतु रवाना किया इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी सुश्री शीला सोनकर प्रशासनिक अधिकारी शवेंद्र सिंह डीसीएम हलंदमी मिश्रा लेखपाल अजय भाटेले स्टोर कीपर अनिल त्रिपाठी सहित सीएमएचओ कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे याह जिले के विभिन्न ब्लॉकों में होते हुए ग्रामीण स्तर तक जाएगा सीएससी पीएससी एवं सब सेंटर लेवल में जाकर मलेरिया का प्रचार प्रसार किया जाएगा या रथ आज अमरपाटन देवराज नगर मैहर उचेहरा एवं नागौर होते हुए सतना शहरी क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाएगा मलेरिया में त्क् किट के माध्यम से बुखार से प्रभावित व्यक्तियों का जांच एवं उपचार की व्यवस्था भी की गई है सभी जगह आशा कार्यकर्ताओं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य चंतअमबीको एमपीडब्ल्यू मी के सहयोग से या कार्यक्रम ग्रामीण तक पहुंचाया जाएगा मलेरिया 30 जून तक लगातार जिले के विभिन्न ग्रामीण के समक्ष पहुंचकर उन्हें मलेरिया से बचाव की जानकारी उपलब्ध कराएगी मलेरिया रथ के द्वारा ग्रामीण तक पंपलेट वितरण एवं पहुंच बिन क्षेत्र में किट का विवरण किया जाएगा।

# ओपन कैंपस ड्राइव में 135 छात्रों का चयन

**जागरण, सतना।** अदित्य ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स सतना में सिप्ला फ़ार्मास्युटिकल्स लिमिटेड का ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सफ़लतापूर्वक सम्पन्नए 135 छात्रों का चयन सतना। अदित्य ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स,सतना के प्रांगण में सिप्ला फ़ार्मास्युटिकल्स लिमिटेड द्वारा आयोजित ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफ़ल आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे रीवाए सीधी, सिंगरौली, जबलपुर, कटनी, मैहर, पन्ना, छतरपुर सहित अन्य स्थानों से आए 800 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस ड्राइव में बी.फ़ार्मा एवं डिप्लोमा मैकेनिकल इलेक्ट्रिकल, सिविल से संबंधित छात्र.छात्राओं ने भागीदारी की। कंपनी द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में छात्रों की तकनीकी दक्षता सैद्धांतिक ज्ञान और प्रैक्टिकल स्किल्स का गहन मूल्यांकन किया गया। चयन प्रक्रिया में दो प्रमुख चरण शामिल थे लिखित परीक्षा और टेक्निकल पर्सनल इंटरव्यू जिसे कंपनी के अनुभवी एचआर विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया गया। इस प्रक्रिया के अंत में कुल 135 छात्रों का चयन विभिन्न विभागों जैसे क्वालिटी कंट्रोल क्वालिटी एश्योरेंसए प्रोडक्शन एवं मैनेजमेंट के लिए किया गया। संस्थान के चेयरमैन अजय कटारे ने चयनित सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि दृष्यह सफ़लता न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है बल्कि अदिति ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स की निरंतर प्रगतिशील सोच और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली का भी प्रमाण है। बी.फ़ार्मा के प्रमुख चयनित छात्ररू किरण मिश्रा, श्रद्धा गौतम, प्राची पांडेयए संजय प्रजापति, निखिल कुमार चौहान, विनय हरिजन, सतीश कुमारए अमन द्विवेदी, हिमांशु तिवारी, विवेकानंद तिवारी, आनंद सेन, नीरज वर्मा, रामकृष्ण गर्ग इत्यादि। फ़र्मेसी और इंजीनियरिंग विभाग की अहम भागीदारी के साथ आयोजित यह ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव न केवल छात्रों के लिए एक सशक्त करियर आरंभ का माध्यम बना, बल्कि यह अदिति ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन्स की उद्योगों से मजबूत साझेदारी और प्लेसमेंट में उत्कृष्टता का प्रतीक भी बन गया।



## मझगवां में संगठन सृजन की बैठक 14 को

**जागरण, सतना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक अनिल चौधरी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक विनय सक्सेना बबिता साकेत प्रियदर्शन गौर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझगवां द्वारा 14 जून को 10:30 बजे दिनअग्रसेन पैलेस मझगवां में आयोजित संगठन सृजन अभियान की आवश्यक बैठक में शामिल होकर उपस्थित कांग्रेस जनों से भेंट मुलाकात कर एक .एक से संगठनात्मक चर्चा करेंगे उपरोक्त जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझगवां के अध्यक्ष राजेंन्द्र प्रसाद गर्ग ने पार्टी के पूर्व विधायक लोकसभा एवं विधानसभा के प्रत्याशी जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मोर्चा संगठनों मंडलम कांग्रेस कमेटी सेक्टर कांग्रेस कमेटी बूथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों पंचायती राज स्थानीय निकाय एवं मंडियो के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारियो सहित वरिष्ठ नेताओं से बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है।

# वित्तीय मामलों मे जिला कोषालय अधिकारी से मिला संगठन का प्रतिनिधिमण्डल



**जागरण, सतना।** अधिकारी कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल जिला इकाई सतना के अध्यक्ष विकल्प गौतम के नेतृत्व मे जिला कोषालय अधिकारी से मिलकर आहरण संवितरण अधिकारी व कार्यालय प्रमुख के बीच समन्वय स्थापित कराने के लिए एक आदेश जारी करने के लिए अपनी बात रखी है । आइ एफएम आइ पोर्टल पर वित्तीय मामलों के निराकरण के लिए सुझाव दिया गया कि आहरण अधिकारी अपने सहयोगी अधिकारियों के साथ माह मे एक या दो बार बैठक कर लम्बित वित्तीय मामलों का हल निकाले ।कलेक्टर सतना की अध्यक्षता में 19 जून की सन्युक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला कोषालय अधिकारी से बात कर सहयोग करने की अपील की गयी है। जिला स्तर पर बैठक के बाद जिला कोषालय स्तर पर सभी आहरण संवितरण अधिकारियों के साथ सन्गठनो की बैठक के लिए भी सुझाव दिया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय में सम्पर्क कर लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में ड्यूटी पर लगाई गई आगनबाडी कार्यकर्ता विशेष पुलिस बल सहित अन्य के मानदेय की राशि भुगतान नहीं कराये जाने की ओर इलेक्सन सुपरवाइजर का ध्यानाकर्षण किया गया है। प्रतिनिधि मण्डल मे सन्गठन के सचिव के के शुक्ल व आर डी द्विवेदी प्रान्तीय महामंत्री म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी सन्घ व सन्योजक अधिकारी कर्मचारी सन्युक्त मोर्चा जिला सतना मौजूद रहे है।

# वन अमले ने नीलगाय का रेस्क्यू कर पकड़ा



**सतना।** ऊचेहरा रेंज की बंधी मोहर में नीलगाय नर लगभग तीन माह से परेशान किया हुआ था जिसकी सूचना एदीपक सिघ के द्वाराएबन मंडल अधिकारी सतना मयंक चादी वाल को दी गयीएजिनकेएद्वारा ऊडन दस्ता प्रभारी नरेंद्र पयासी को रेस्क्यू करा कर दूर जंगल में छोड़ने हेतु निर्देशित किया गया ,जो परिक्षेत्र अधिकारी ऊचेहरा सचिन नामदेव,परिक्षेत्र सहायक, ब्रजमोहन,रावत अपनी टीम के साथ मौके मे पहुचे,और रेस्क्यू प्रभारी अरबेन्दं सिंह, मुकेश पाडै दिलीप निगम,ब्रजेश मिश्रा, ब्रजलाल बर्मा,किसोरी सेन संजय प्रजा पती,शंकर यादव,महेश प्रजापति, धाकड़,ग्रामीण बाबूलाल कुसबाहा,की पांच घंटे की कडी मेहनत से रेस्क्यू कर मेड़िकल परीक्षण उपरांत दूर पानी घासा वाले जंगल में छोड़ा गया।

## स्थगन के बाद भी नहीं रूका निर्माण

**जागरण सतना।** एसडीएम द्वारा जारी किये गये स्थगन आदेश के बाद भी मकान का अवैध निर्माण नही रूका । अवैध निर्माण को रोके जाने के लिए एसडीएम ने पुलिस को पत्र लिखा था मगर इसके बाद भी निर्माण कार्य नही रूका। बताया जाता है कि सन 2024 में स्थगन जारी किया गया था यानी तकरीबन एक साल पूर्व जारी किये गये स्थगन के बाद भी उसपर अमल नही हो पाया। बताया जाता है कि ग्राम करही लामी के अराजी नंबर 191/1 अंश भाग में शासकीय भूमि पर दबंगई से अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। जानकार बताते है कि, रामकुमार दुबे पिता रामकृपाल दुबे का मकान पहले इसी भूमि पर था, जिसे वर्ष 2016–17 में फोरलेन निर्माण के दौरान अधिग्रहित कर लिया गया था। इसके एवज में रामकुमार को मुआवज़ा राशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी गई । इस अवैध निर्माण को रोकने के लिए आवेदक सत्येंद्र कुमार द्विवेदी ने एसडीएम रामपुर बघेलान के समक्ष धारा 147 जफ्ता फौजदारी के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम द्वारा दिनांक 19 जून 2024 को स्थगन आदेश पारित कर निर्माण कार्य पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। यह आदेश थाना रामपुर बघेलान को प्रस्तुत किया गया था।


**कार्यालय नगर परिषद कोटर, जिला-सतना (म.प्र.)**

क्र. 275 /न.प. / राजस्व कर नामांतरण / इस्तहार सूचना /2025 कोटर दिनांक 12.6.25

**नामान्तरण /हस्तान्तरण हेतु सार्वजनिक सूचना**

नगर परिषद कोटर क्षेत्र के आवेदको द्वारा मकान / रिक्त भुखण्ड के राजस्व कर नामान्तरण हेतु निम्नानुसार आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है।

| क्र | हस्तान्तरण कर्ता का नाम | हस्तान्तण गृहीता का नाम | वार्ड क्र | नामान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मुन्नी बाई कुशवाहा पति श्री रामकुमार कुशवाहा | श्री रविनाथ शुक्ला पिता श्री रामलखन शुक्ला | 13 | बिक्री नामा |
| 2 | श्री चन्द्रभान त्रिपाठी पिता रामप्रकाश त्रिपाठी | श्रीमती विद्या शुक्ला पति श्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ला | 13 | बिक्री नामा |
| 3 | श्री लालमन तिवारी पिता श्री कालू राम तिवारी | श्री देवेन्द्र गौतम पिता श्री भगवादीन गौतम | 07 | बिक्री नामा |
| 4 | श्री गंगा कुशवाहा पिता श्री रामेश्वर कुशवाहा | श्री महेश कुशवाहा एवं उमेश कुशवाहा पिता गंगा कुशवाहा | 12 | पिता की सहमति से आपसी बटवारा |
| 5 | श्री रामबहोरी गौतम पिता रामाधार गौतम | श्री रजेश गौतम पिता गिरधारी लाल गौतम | 08 | चाचा की मृत्यु उपरांत नामान्तरण |
| 6 | श्री रामसेवक शुक्ला पिता नन्द किशोर शुक्ला | श्री छेदीलाल शुक्ला पिता श्री रामसेवक शुक्ला | 07 | पिता की मृत्यु के बाद नामान्तरण |

उपरोक्तनुसार भवन / रिक्त भूमि में राजस्व कर नामान्तरण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 15 (पन्द्रह ) दिवस के अंदर आपत्ति नगर परिषद कार्यालय कोटर में प्रस्तुत कर सकते है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद कोटर जिला सतना म.प्र.**


## ट्रेनी आईएएस ने जनसम्पर्क की कार्यप्रणाली का किया अध्ययन



**सतना।** प्रोबेसेनरी आई ए एस अधिकारी सतना जिले के सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य ने शुक्रवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय सतना का निरीक्षण कर विभागीय गतिविधियों और कार्यप्रणाली का अध्ययन किया। इस दौरान जनसम्पर्क अधिकारी राजेश प्रताप सिंह ने उन्हें मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा प्रकाशित मध्यप्रदेश संदेश पत्रिका की जानकारी देते हुए एक प्रति भेट की।

# 4 बारात घरों में तालाबंदी और एक को किया गया जुर्माना

## नगर निगम द्वारा की गई अनाधिकृत रूप से संचालित बारातघरों पर सख्त कार्रवाई

**जागरण, रीवा।** शहर में अवैध रूप से संचालित बारातघरों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा तालाबंदी और जुर्माने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। हालाकि बारात घरों का सीजन निकल गया है और अगले पांच महीनों तक शुभ मुहूर्त नहीं होने के कारण शीद विवाह के कार्यक्रम नहीं होंगे। इसके बावजूद बारात घर संचालकों में नगर निगम की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। नगर निगम द्वारा बारात घरों के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। बहरहाल निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर गुरुवार को अनाधिकृत रूप से संचालित बरात घरों के खिलाफ नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। नगर निगम के राजस्व एवं निर्माण दल द्वारा मैरिज गार्डनों पर नियमों के उल्लंघन को लेकर जुर्माना एवं तालाबंदी की कार्रवाई की गई। जोन क्र. 04 वार्ड 27 में हरिओम मैरिज गार्डन, कान्हा मैरिज गार्डन, विन्ध्य मैरिज गार्डन को एवं वार्ड 44 में पद्ममैरिज गार्डन तालाबंदी कर सीज करने की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार जोन क्र. 04 वार्ड 26 में नियमों के उल्लंघन पाये जाने पर बृजवाटिका मैरिज गार्डन पर रू. 11 हजार के जुर्माने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही नगर निगम के अधिकारियों की टीम द्वारा समझाइस दी गई कि निर्धारित मापदंडों का अनुपालन एक सप्ताह की भीतर करें, अन्यथा सीज करने की कार्यवाही की जावेगी। बताया गया कि शासन की निर्धारित गाइडलाइन अनुसार ही मैरिज गार्डन संचालन किया जा सकेगा। बिना अनुमति एवं नियमों के उल्लंघन पर निरंतर कड़ी कार्यवाही की जावेगी।


**कार्यालय नगर परिषद चित्रकूट: जिला–सतना (म0प्र0)**

E-mail – cmochitrakoot@mpurban.gov.in Phone:- 07670-265329, Fax – 07670-265677

क्रमांक / E-Tender / जलप्रदाय / 1879 /2025 चित्रकूट दिनांक 03/06/2025

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर परिषद चित्रकूट द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑलाईन निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_429452_1 | नगर परिषद चित्रकूट जलप्रदाय सिरसावन में सबमर्सिबल पम्प एवं स्टार्टर मरम्मत कार्य | 1200000.00 | 9000 | 2000 | वित्तीय वर्ष 2025–26 |

शर्ते :–

1. इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देख सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 07/06/2025 को 17:30 बजे से 08/07/2025 में 17:30 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते हैं।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
4. सम्पूर्ण दरें जी.एस.टी. छोडकर प्रस्तुत की जावें।
5. संविदाकार की स्वयं का वर्कशॉप होना अनिवार्य है। जिन संविदाकार की स्वंय की वर्कशॉप नही होगी उनकी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. निविदा में भाग लेने वाले सविंदाकारों को पम्प एवं मोटर मरम्मत कार्य का पांच साल का अनुभव होना अनिवार्य है।
7. सविंदाकार को मरम्मत हेतु मटेरियल जल प्रदाय गृह सिरसावन से लेना एवं पहुंचाना अनिवार्य होगा। एवं पम्प मोटरों से निकलने वाले सामग्री को निकाय में जमा करना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद चित्रकूट, सतना (म.प्र.)



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सतना म0प्र0**

कमांक/ वाहन /2023/6021 सतना दिनांक 10.6.25

**द्वितीय निविदा आमंत्रण**

वर्ष 2025.26 में कार्यालय के अधीनस्थ संचालित शासकीय वाहनों के मरम्मत कार्य हेतु निविदाएं प्राप्त न होने के कारण स्थानीय शहर सतना के मैकनिको से दिनांक 18.06.2025 को सायकाल 4.00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में पुनः निविदाये आंमत्रित की जाती हैं । निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रपत्र दिनांक 08.05.2023 तक कलपुर्जा की अपूर्ति हेतु रू 1500/- एवं मरम्मत कार्य हेतु 1000/ कार्यालय में नगद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं । अमानत राशि के रूप में कलपुर्जो की आपूर्ति हेतु रूपये 25000/- जमा कराने एवं निविदा के लिये अमानत राशि के च में मरम्मत कार्य हेतु रूपये 5000/- की राशि फिक्स डिपाजिट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना के नाम से संलग्न करना अनिवार्य होगा । प्राप्त निविदाये दिनांक 19.06.2025 को सांयकाल 5.00 बजे कय समिति एवं निविदा दाताओ के समक्ष खोली जावेगी।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला सतना म0प्र0**

वर्ष 72 अंक 256 पृष्ठ 12
रीवा, शनिवार 14 जून, 2025
आषाढ़ कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

"युद्ध एक ऐसा खेल है जिसमें हार और जीत दोनों ही विनाशकारी होती हैं।
- विन्सटन चर्चिल"

# इजरायल का ईरान के छह परमाणु ठिकानों पर हमला, नतांज शहर पर सबसे जोरदार स्ट्राइक

## 100 से ज्यादा ड्रोन दागकर ईरान ने बदला लेने की कोशिश की लेकिन नाकाम

**ईरान, जेएनएन।** इजराइल ने शुक्रवार सुबह 200 फाइटर जेट्स से ईरान के 6 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इस हमले में ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक और टॉप 4 मिलिट्री कमांडर समेत 20 प्रमुख लोग मारे गए। इनमें आर्मी और एयरफोर्स के चीफ भी शामिल हैं। इजराइली एयरस्ट्राइक में ईरान के 4 परमाणु ठिकाने और 2 मिलिट्री साइट्स भी तबाह हो गईं। इजराइली हमले में अब तक 78 लोग मारे गए और 329 घायल हुए हैं।

जवाब में ईरान ने 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। इजराइल की आर्मी के दावे का समर्थन यूरोप के मीडिया ने भी किया है। हमले के बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कहा कि ईरान परमाणु बम तैयार करने वाला था, इसलिए उस पर हमला किया गया। इजराइली सेना का दावा है कि ईरान के पास 15 परमाणु बम बनाने लायक यूरेनियम है। इजराइल ने इसीलिए टारगेट भी 4 बड़े न्यूक्लियर प्लांट्स को किया। उसने नतांज पर सबसे भीषण हमला किया है। नतांज तेहरान से लगभग 250 किलोमीटर दक्षिण में मौजूद है। इस सेंटर की सैटेलाइट तस्वीरें पहली बार 2002 में सामने आई थीं।



### हमले में 6 परमाणु वैज्ञानिकों की मौत

इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान पर भी जोरदार हमला बोला। यहां न्यूक्लियर रिसर्च सेंटर को निशाना बनाया गया है। इस शहर की कई अन्य इमारतों को भी ध्वस्त कर दिया गया है। ईरानी गार्ड्स के कमांडर हुसैन सलामी, सेनाध्यक्ष मोहम्मद बघेरी और 6 परमाणु वैज्ञानिकों की मौत तेहरान पर हुए हमले में ही हुई है। इसके अलावा, इजरायल ने इस्फहान, अराक, तबरीज और करमनशाह पर भी हमला किया। करमनशाह शहर इराक के दियाला प्रांत और सुलेमानिया जैसे क्षेत्रों के पास है। यहां कई महत्वपूर्ण सीमा क्रॉसिंग पॉइंट हैं, जैसे खोसवी सीमा चौकी, जो ईरान और इराक के बीच व्यापार और तीर्थयात्रा (विशेष रूप से शिया तीर्थयात्रियों के लिए, जो इराक में करबला और नजफ जाते हैं) के लिए उपयोग होती है।



अली शामखानी | अमर अली | मोहम्मद बघेरी | हुसैन सलामी

### ईरान परमाणु समझौता करे वरना और हमले होंगे: डोनाल्ड ट्रंप



ईरान पर इजरायल के हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौता करने की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान ने अगर जल्दी समझौता नहीं किया तो हमले और भी कठोर होंगे जो विनाश का कारण बनेंगे। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, ईरान समझौता कर ले। उन्होंने कहा कि अमेरिका दुनिया में सबसे बेहतरीन और सबसे घातक हथियार बनाता है और इजरायल के पास बहुत सारे ऐसे घातक हथियार हैं। ट्रंप ने कहा- मैंने ईरान को सौदा करने के कई मौके दिए लेकिन उन्होंने फायदा नहीं उठाया। कुछ ईरानी कट्टरपंथियों ने बहादुरी से बात की, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि क्या होने वाला है। वे सभी अब मर चुके हैं। ट्रंप ने इजरायल का खुलकर समर्थन किया और उसके हमलों को ग्रेट जॉब बताया।

### मस्जिद पर लाल झंडा, यह बदले लेने की निशानी



इजरायल के हमले के बाद ईरान ने कोम शहर के पास जामकरान मस्जिद के गुंबद पर लाल झंडा फहराया है। यह लाल झंडा शिया इस्लाम में बलिदान और बदले का प्रतीक माना जाता है। यह झंडा किसी बड़े हमले या महत्वपूर्ण व्यक्ति की मौत का बदला लेने की कसम का प्रतीक है। शिया मुस्लिम मानते हैं कि मंगलवार की रात इमाम मेहदी इस मस्जिद में आध्यात्मिक तौर पर मौजूद होते हैं।

## ऑफ बीट

### 71 साल की बुजुर्ग महिला ने जीता कांस्य




*बुढ़ापे में लोग बिस्तर को दोस्त मान लेते हैं और कमजोरी के कारण काम-काज नहीं कर पाते लेकिन हालांकि कुछ बुजुर्गों का जज्बा उन्हें ऐतिहासिक चीजें करने के लिए प्रेरित करता है। ऐसा ही कुछ चीन में हुआ है, जहां 71 साल की बुजुर्ग महिला की फिटनेस ने लोगों को अचंभित कर दिया। वह इतनी उम्रदराज होने के बावजूद इतनी मेहनती हैं कि उन्होंने बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। महिला का नाम सुन मिंगुई है, जो मूल रूप से मध्य चीन के अनहुई प्रांत के मानशान की रहने वाली हैं। उन्होंने न केवल फिटनेस प्रतियोगिता में भाग लिया, बल्कि तीसरा स्थान हासिल करके इतिहास भी रच डाला। उन्होंने मिश्रित लिंग वर्ग में कांस्य पदक जीता। इसका मतलब है कि उन्होंने न केवल अपने से आधी उम्र की महिलाओं को हराया, बल्कि पुरुषों को भी मात दी।*

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय मंत्री अमित शाह आज पचमढ़ी आएंगे

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को पचमढ़ी के प्रवास पर रहेंगे। जहां उनके द्वारा भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। जानकारी के अनुसार शाह अपरान्ह 3 बजे पचमढ़ी पहुंचेंगे, जहां के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ करने के उपरांत जनसंघ से लेकर भाजपा विषय पर उनका उद्बोधन होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश सहित दूसरे नेता मौजूद रहेंगे। इस वर्ग में पूरी मोहन कैबिनेट तीन दिनों तक पचमढ़ी में ही रहेगी। उनके अलावा पार्टी के सभी विधायक, सांसद और राज्यसभा सांसद भी प्रशिक्षण वर्ग का हिस्सा बनेंगे।



### एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग



**बैंकॉक, जेएनएन।** थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। नेशन थाईलैंड ने बताया कि बम की धमकी मिलते ही फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान एक्टिवेट कर दिया। एयरपोर्ट अफसरों ने कहा कि धमकी को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं।

### एक्सिओम-4 मिशन की देरी पर बोला इसरो
## शुभांशु को अंतरिक्ष भेजने की नई तारीख का ऐलान जल्द

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक्सिओम-4 मिशन में देरी के बीच भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा और मिशन की संपूर्णता उसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। वह इस संबंध में नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स के साथ मिलकर काम कर रही है। शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष भेजने की तारीख जल्द घोषित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत के शुभांशु शुक्ला को तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस जाना है। फिलहाल इस मिशन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसरो ने बताया कि नासा रॉकेट में लीकेज की जांच कर रहा है। तब तक के लिए नासा और एक्सिओम स्पेस आईएसएस के लिए एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण को स्थगित कर रहे हैं। बता दें कि एक्सिओम मिशन को पहले भी कई बार टालना पड़ा था।



### राजा हत्याकांड: पूछताछ में कुछ नहीं बोले आरोपी

शिलॉन्ग, जेएनएन। मेघालय पुलिस ने इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के पांचों आरोपियों से शुक्रवार को भी पूछताछ की। हालांकि वे कुछ बोले नहीं। शिलॉन्ग के सदर थाने के लॉकअप में बंद आरोपियों की आपसी बातचीत पर पुलिसकर्मी नजर रख रहे हैं। हालांकि, ये लोग ज्यादातर समय शांत ही रहते हैं। वहीं सोनम समेत सभी आरोपियों ने पुलिस से नॉर्थ इंडियन भोजन की मांग की। पुलिस ने उन्हें खाना मंगाकर दिया। वहीं शुक्रवार को नोंग्रियाट में शिपारा होम स्टे के मालिक कॉन्स्टेंटाइन का बयान भी सामने आया। उन्होंने बताया कि इंदौर के दंपती ने 22 मई को हमारे यहां चेकइन किया था। उन्होंने यहां ठहरने और डिनर के लिए 1380 रुपए चुकाए थे।

## करंट लगने से तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत
### सीएम डॉ. यादव ने किया मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख देने का ऐलान

**जागरण, नरसिंहपुर/भोपाल।** गाडरवारा स्थित श्री पैलेस मैरिज गार्डन के सामने शुक्रवार सुबह भीषण हादसा हो गया। यहां करंट लगने से तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं इस घटना पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया है। सीएम यादव ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की आर्थिक सहायता और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने के निर्देश दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जमाना रोड गाडरवारा में स्थित श्री पैलेस मैरिज गार्डन में शादी समारोह की तैयारियों को लेकर झूला लगाने का काम चल रहा था। इसी दौरान कर्मचारी भवन से सीढ़ी निकालकर बाहर ले जा रहे थे। तभी ऊपर से गुजरी हाई टेंशन सीढ़ी से टकरा गई और इस हादसे में तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक राजकुमार साहू नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, पूरनलाल जाटव राजेंद्र बाबू वार्ड गाडरवारा और पीयूष इंदौर के निवासी बताए जा रहे हैं।



घायलों को नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं गाडरवारा से विधायक व परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने तत्काल मृतकों को 50-50 हजार और घायलों को 20-20 हजार की सहायता राशि प्रदान की है। बहरहाल मृतकों के परिजनों ने मैरिज गार्डन के संचालक की लापरवाही बताते हुए प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

## सरकार एमएसपी पर मूंग और उड़द की करेगी खरीदी, 19 से पंजीयन होगा शुरु

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ग्रीष्मकालीन उड़द और मूंग की फसल का उपार्जन करेगी, इसके लिए 19 जून से पंजीयन प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि सरकार प्रदेश में किसानों की बेहतरी के लिए वह सभी तरह के प्रयास कर रही है, जिससे किसान समृद्ध हों। उन्होंने कहा-प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने पहले राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाया और उन्नत प्रकार की कृषि हो और उन्नत किस्म के बीज मिलें, इसके लिए कृषि मेले लगाए। सीएम ने कहा अब हमने प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द का उपार्जन करने का फैसला किया है। इसके लिए उनकी केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी चर्चा हुई है। इसके बाद राज्य सरकार द्वारा इन फसलों के उपार्जन के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। सीएम ने किसानों से आग्रह किया कि जिन क्षेत्रों में इन फसलों की पैदावार हुई है, वहां के किसान अपने नजदीकी केन्द्रों में जाकर अपनी फसलों के उपार्जन के लिए पंजीयन कराएं। सीएम ने कहा कि इस मामले में भारतीय किसान संघ से भी लगातार चर्चा हो रही है कि किस तरह से किसानों को और मजबूत किया जाए।



### प्रदेश के 36 जिलों में मूंग और 13 जिलों में उड़द की पैदावार

प्रदेश के 36 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक मूंग की फसल कटाई और प्रदेश के 13 जिलों में मई माह के तृतीय सप्ताह से जून माह के प्रथम सप्ताह तक उड़द फसल की कटाई की जाती है। प्रदेश में मूंग का संभावित क्षेत्राच्छादन 14.35 लाख हेक्टेयर और संभावित उत्पादन 20.23 लाख मीट्रिक टन है। इसी प्रकार उड़द का संभावित क्षेत्राच्छादन 0.95 लाख हेक्टेयर और संभावित उत्पादन 1.24 लाख मीट्रिक टन है।

### देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने की आशंका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईरान पर इजरायल के हमले के बाद देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। दरअसल, ईरान दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है और इसका ज्यादातर ऑइल चीन जाता है।

चीन से इस तेल का बड़ा हिस्सा भारत आता है। भारत ईरान से सीधे तेल इसलिए नहीं खरीदता क्योंकि अमेरिका इसके खिलाफ है। ईरान पर इजरायल के हमले के बाद अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम एक साथ 10 प्रतिशत बढ़ गए हैं। ईरान से चीन को आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। इसका असर भारत में तेल की कीमतों पर जल्दी देखने को मिल सकता है। हालांकि, भारत अपनी जरूरत का 20 प्रतिशत ऑइल रूस से खरीदता है।

### सतना में मुरैना का युवक गिरफ्तार
## सॉल्वर के सहारे बना आरक्षक ज्वाइन करने आया, भेजा जेल



**जागरण, सतना।** भर्ती घोटाले में फर्जीवाड़े से आरक्षक बना एक और अभ्यर्थी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। सॉल्वर के सहारे परीक्षा पास करने के बाद मुरैना का यह उम्मीदवार नौकरी ज्वाइन करने सतना पहुंचा था। मगर दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा सामने आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने इस युवक को नौकरी में रखने की बजाय जेल भेज दिया। ग्वालियर में हुई आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 का रिजल्ट आने के बाद अब तक दो दर्जन फर्जी आरक्षक सामने आ चुके हैं।

जानकारी के अनुसार मुरैना के बेराई का निवासी सौरभ शर्मा गुरुवार को ज्वाइनिंग के लिए सतना पहुंचा था। मगर उसकी गतिविधियां संदिग्ध नजर आईं। फिर दस्तावेजों में भी गड़बड़ी दिखी। मामला संदिग्ध देख जांच की गई तो पूरा फर्जीवाड़ा खुल गया। सौरभ के बदले किसी और ने परीक्षा दी थी। परीक्षा में चयनित होने के बाद आधार अपडेट कराकर आरोपी नौकरी ज्वाइन करने पहुंचा था। वह खुद को असली अभ्यर्थी बता रहा था। इस मामले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही थी। सिविल लाइन थाना पुलिस के मुताबिक सौरभ ने परीक्षा के पहले और बाद कई बार अपना आधार अपडेट कराया था। ताकि परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की जगह खुद ज्वाइनिंग कर सके। जांच में यह साफ हो गया कि सौरभ ने परीक्षा नहीं दी थी। किसी अन्य व्यक्ति से परीक्षा दिलवाकर अब खुद नियुक्ति पाने पहुंचा था। फर्जीवाड़ा सामने आते ही पुलिस ने सौरभ शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरक्षक भर्ती परीक्षा-2023 का रिजल्ट आने के बाद बड़ी संख्या में फर्जीवाड़ा सामने आ रहा है। इस मामले में लगातार आरोपी बढ़ते जा रहे हैं। इस परीक्षा में दूसरों की बैठाकर कई उम्मीदवार आधार में बदलाव कर फिजिकल टेस्ट देने पहुंच गए थे। वहीं कई मामले में तो फिजिकल भी किसी दूसरे ने दी थी। इस फर्जीवाड़े में लोक सेवा केंद्रों और आधार अपडेट करने वाला अमला की भी मिलीभगत मिली है। जबकि मध्यप्रदेश के चंबल-ग्वालियर अंचल के अलावा बिहार, छत्तीसगढ़ के सॉल्वर पकड़े गए हैं।

**अनुमान** | एयरलाइन कंपनियां तीन बीमा कराती हैं- एयरक्राफ्ट, स्पेयर पार्ट्स और लीगल लायबिलिटी

# बीमा कंपनी को महंगा पड़ने जा रहा विमान हादसा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे को भारत का अब तक का सबसे महंगा एविएशन इंश्योरेंस क्लेम केस माना जा रहा है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया प्लेन क्रैश से जुड़े इंश्योरेंस क्लेम की राशि 211 मिलियन डॉलर से लेकर 280 मिलियन डॉलर तक हो सकती है, जो कि भारतीय रुपए में लगभग 2,400 करोड़ रुपए है। विमान हादसों में एयरलाइन कंपनियां आमतौर पर एयरक्राफ्ट इंश्योरेंस, स्पेयर पार्ट्स इंश्योरेंस और लीगल लायबिलिटी यानी कानूनी जिम्मेदारी के लिए इंश्योरेंस लेती हैं। इस मामले में एयर इंडिया की ओर से लिया गया इंश्योरेंस दोनों हिस्सों में क्लेम ट्रिगर करेगा यानी विमान की पूरी क्षति और यात्रियों की मौत दोनों कवर में आएंगे। जीआईसी आरई चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर रामास्वामी नारायणन ने बताया कि ऐसे हादसों में एयरक्राफ्ट की डिक्लेयर्ड वैल्यू इंश्योरेंस कंपनी को बतानी होती है और उसी आधार पर नुकसान का आकलन किया जाता है। हादसे में शामिल एयरक्राफ्ट 2013 मॉडल का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर था, जिसकी इंश्योरेंस वैल्यू 2021 में लगभग 115 मिलियन डॉलर थी। हालांकि, इस क्लास के विमान की वैल्यू आज की तारीख में 211 से 280 मिलियन डॉलर के बीच मानी जाती है, जो उसके कॉन्फिगरेशन और उम्र पर निर्भर करता है। हाउडेन इंडिया के सीईओ अमित अग्रवाल के मुताबिक, एयरलाइंस कंपनियां अकसर एक एडिशनल इंश्योरेंस कवर भी लेती हैं जिसे हुल वॉर रिस्क कवर कहा जाता है। अगर किसी हादसे की वजह आतंकवादी हमला या युद्ध जैसे हालात हैं, तो वह इंश्योरेंस भी ट्रिगर हो सकता है। हालांकि, इस केस में ऐसी पुष्टि नहीं हुई है। इस हादसे में सबसे बड़ा इंश्योरेंस क्लेम यात्रियों और थर्ड पार्टी को होने वाले नुकसान से जुड़ेगा। विमान रिहायशी इलाके में गिरा, जिससे थर्ड पार्टी को भी नुकसान हुआ है। इनसे जुड़े क्लेम आमतौर पर कई इंश्योरेंस कंपनियों और रीइंश्योरेंस कंपनियों के बीच बांटे जाते हैं।



### ऐसे होगा परिवारों को मिलने वाले मुआवजे का निर्धारण

इस हादसे में मारे गए यात्रियों के परिवारों को मिलने वाले मुआवजे का कैलकुलेशन मॉन्टेरियल कन्वेंशन 1999 के तहत किया जाएगा। इसमें भारत 2009 में शामिल हुआ था। इसके तहत एक व्यक्ति के लिए 128,821 स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) तक का मुआवजा तय हो सकता है, जो अक्टूबर 2024 तक के रेट के हिसाब से करीब 1.33 डॉलर प्रति एसडीआर है। इसके हिसाब से अगर मोटा अनुमान लगाया जाए तो प्रति यात्री दो करोड़ के आसपास मुआवजा मिल सकता है। एक हजार करोड़ से ज्यादा का मुआवजा एयरलाइन कंपनी को मिलेगा जबकि जिस स्थान पर विमान गिरा है, वहां हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति भी बीमा कंपनी को करनी पड़ेगी। अभी यह सामने नहीं आया है कि एअर इंडिया ने किस कंपनी से बीमा कराया है लेकिन यह तय है कि उसे लगभग 2400 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

# बालश्रमः अभियान के बाद भी सैंकड़ों बच्चे शिक्षा से दूर

## कोई होटल में जूठन धो रहा तो कोई कर रहा दुकान में मजदूरी, कुछ मांग रहे भीख



जागरण, रीवा

शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए सरकार और गैर सरकारी संगठन लगातार प्रयास करते रहे हैं। इन प्रयासों में प्रवेशोत्सव, शाला त्यागी बच्चों की खोज, विशेष शिविर और जागरुकता अभियान शामिल हैं। बावजूद इसके रीवा जिले में कई बच्चे अभी भी शिक्षा से वंचित हैं। जिले में कितने बच्चे शिक्षा से दूर हैं, सटीक आंकड़ा बता पाना तो मुश्किल है, किन्तु अकेले शहर में ही ऐसे सैकड़ों बच्चे हैं जिन्होंने अभी तक स्कूल का मुंह तक नहीं देखा। शहर में खुलेआम कुछ बच्चे होटलों में जूठन धो रहे हैं, सब्जी सहित अन्य दुकानों में मजूरी कर रहे हैं तो देवालयों के आसपास बड़ी संख्या में सुबह-शाम बच्चों को भीख मांगते देखा जा सकता है। इनमें से अधिकतर बच्चे ऐसे हैं जिन्हें उनके माता-पिता ही भीख मांगने को प्रेरित करते हैं। यानी शासन-प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी बालश्रम पर अंकुश नहीं लग पाया।

**आंकड़ों के हिसाब से अब तक शत-प्रतिशत साक्षर होने थे :** जिले के साथ ही अन्य जिलों से भी नवीन शिक्षा सत्र के दौरान एजुकेशन पोर्टल पर प्रतिवर्ष शाला त्यागी बच्चों को प्रवेश दिलाने के आंकड़े डाले जाते हैं। डाले गए आंकड़ों की वास्तविकता क्या है ये तो डालने वाले ही बेहतर बता सकते हैं। क्योंकि प्रतिवर्ष बच्चों की संख्या डालकर प्रवेश दिलाने की जानकारी शिक्षा प्रशासन को भेजी जाती है, वर्षों से शिक्षा प्रशासन का प्रयास रहा है कि शिक्षा से दूर अधिक से अधिक बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाया जाए। इसके लिए नवीन शिक्षा सत्र के दौरान प्रत्येक स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाता है, शाला आने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाता है, इतना सब होने के बावजूद आज भी कई बच्चे अध्यापन कार्य छोड़ दैनिक मजदूरी कर रहे हैं, जबकि एजूकेशन पोर्टल पर डले आंकड़ों के अनुसार तो अब तक जिला शत-प्रतिशत साक्षरता की श्रेणी में आ जाना चाहिए था? बालश्रम को रोकने श्रम विभाग, श्रम न्यायालय बने हैं, बच्चों से काम करवाने वालों के लिए कानून बने हैं, लेकिन शहर में लंबे समय से इस प्रकार की कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिली।

### शासकीय स्कूलों से उठा भरोसा

शासकीय स्कूलों की बात करें तो पिछले कुछ वर्षों से सरकारी स्कूलों की हालत खराब है। यहां पढ़ाई के नाम पर प्रतिवर्ष अरबों रुपया पानी की तरह बहाया जा रहा है, बच्चों को गणवेश मुफ्त, साइकिल मुफ्त, पाठ्य-पुस्तकें मुफ्त इसके अलावा छात्रवृत्ति वितरण की जा रही है। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को आवास किराया भी उपलब्ध कराया जा रहा है, किन्तु धरातल की वास्तविकता कुछ ओर बयां कर रही है। कई सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहां नाममात्र उपस्थिति दर्ज हो रही है। इसका मुख्य कारण अधिकतर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पिछले शिक्षा सत्र की ही गणवेश राशि उपलब्ध नहीं हो पाई, जिसका उदाहरण सच्चा नगर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में देखा जा सकता है। छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थी चक्कर काटते रहते हैं, जनसुनवाई में उक्ताशय की दर्जनों शिकायतें भी आ चुकी हैं, गत मंगलवार को ही कुछ छात्राओं ने छात्रवृत्ति दिलाने जनसुनवाई में गुहार लगाई। माध्यमिक स्तर से लगाकर हायर सेकेण्डरी तक के अधिकांश बच्चों को समस्त विषयों की पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पाती। प्राथमिक स्तर की शिक्षा में जहां से बच्चों की पढ़ाई का श्रीगणेश होता है, उन प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अपने कर्तव्य स्थल से नदारद रहते हैं। इस अव्यवस्था के चलते अभिभावकों का शासकीय स्कूलों से भरोसा उठ गया है। मजदूरी करने वाला भी अपने बच्चों को निजी स्कूल में प्रवेश दिलाने का प्रयास करता है। इस स्थिति तो ये ही जाहिर होता है कि जिलों द्वारा शिक्षा प्रशासन को भेजे जा रहे आंकड़ें महज कागजी हैं, जो बच्चे हैं ही नहीं, उनके नाम दर्ज हैं और जो बालश्रम करने को मजबूर हैं, उन्हें शिक्षा से जोड़ने के प्रयास ही नहीं हुए।

# बहुती और त्योंथर फ्लो सिंचाई परियोजना का कार्य 31 अक्टूबर तक पूरा करें: कमिश्नर

## सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों की बाधाएं समन्वय से दूर करने के निर्देश




जागरण, रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग की प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि जल संसाधन विभाग के इंजीनियर तथा निर्माण एजेंसी मिलकर सिंचाई परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा कराएं। सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य की सभी बाधाएं समन्वय से दूर करें। भू अर्जन तथा अन्य अन्तर्विभागीय मुद्दों को हर सप्ताह आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें। बहुती सिंचाई परियोजना तथा त्योंथर फ्लो परियोजना एवं त्योंथर माइक्रो सिंचाई परियोजना का कार्य 31 अक्टूबर तक हरहाल में पूरा करें जिससे किसानों को गेहूं एवं अन्य फसलों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके।

कमिश्नर ने कहा कि नहरों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। बारिश से पहले शेष कार्य पूरा करने का प्रयास करें। बहुती नहर में डम्प 4500 घनमीटर मिट्टी को अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के सहयोग से नहर से हटाएं। यदि किसी स्थान पर भू अर्जन के कारण किसान निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं तो उन्हें समझाइश देकर मुआवजा राशि का भुगतान कराएं। निर्माण कार्यों से आमजनता और किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। बहुती नहर में चार स्थानों पर सीपेज की समस्या है। इसे दूर करने के लिए सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। नईगढ़ी सिंचाई परियोजना में लगभग 20 किलोमीटर में नहर का निर्माण कार्य शेष है। इस परियोजना में 10 वर्ष से अधिक की देरी हो चुकी है। शेष कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक पूरा कराएं। सतना जिले की रामनगर सिंचाई परियोजना में एक ट्रांसफार्मर लगाया दिया गया है। दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर शेष क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा दें।

कमिश्नर ने कहा कि सीतापुर-हनुमना लिफ्ट सिंचाई परियोजना के मुख्य बांध के निर्माण के लिए वन विभाग तथा पर्यावरण की मंजूरी के लिए पूरा प्रयास करें। इसके लिए कंसल्टेंट एजेंसी की सेवाओं का भी उपयोग करें। बैठक में कमिश्नर ने दौरी सागर परियोजना, गोंड़ सिंचाई परियोजना, बहरी नहर प्रणाली, सेमरिया परियोजना तथा सिरमौर माइक्रो सिंचाई परियोजना की समीक्षा की।

## टीपी सिंह को बनाया गया डाइट प्राचार्य

**रीवा।** शिक्षा विभाग में फर्जी अनुकंपा नियुक्ति घोटाले के उजागर होने एवं नित नए घोटाले सामने आने की मची उथल पुथल के बीच राज्य शासन ने डाइट रीवा के प्राचार्य गंगा उपाध्याय को हटाकर प्राचार्य गोविंदगढ़ बना दिया है। वहीं सतना के जिला शिक्षा अधिकारी उप संचालक टीपी सिंह को डाइट रीवा में प्राचार्य के पद पर पदस्थ किया गया है। गौरतलब है कि रीवा में अनुकंपा नियुक्ति में हुए फर्जीवाड़े एवं जांच के दौरान एक ही परिवार से दो लोगों को अनुकंपा नियुक्ति देने का मामला भी उजागर हुआ था। जिस पर तत्कालीन डीइओ गंगा प्रसाद उपाध्याय के हस्ताक्षर से नियुक्ति हुई थी। जिस पर कार्यवाही की अटकलें लगाई जा रही थी। स्थानीय स्तर पर प्रभारी लिपिक को निलंबित करने के बाद लिंक अधिकारी अखिलेश मिश्रा के निलंबन प्रस्ताव भेजे जाने की चर्चा भी जोरों पर थी।

## समाज की जिम्मेदारी है बालश्रम उन्मूलन: डॉ महेश शुक्ला

**रीवा।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में बालश्रम निषेध दिवस का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता देश के प्रमुख समाजशास्त्री डॉ महेश शुक्ला रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य मेजर डॉ विभा श्रीवास्तव ने की। संगोष्ठी में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रचना श्रीवास्तव एवं डॉ मनीषा द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे। बालश्रम निषेध दिवस पर मुख्य वक्ता ठा. रणमत सिंह स्वशासी महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ महेश शुक्ला ने कहा कि उच्च पदासीन अधिकारियों की लापरवाही और कानूनों के क्रियान्वयन की कमजोरी के कारण आज भारत में एक करोड़ से ज्यादा बच्चे, बाल श्रमिक के रूप में कार्य करने के लिये मजबूर हैं। होटलों में, मैकेनिक्स की दुकानों में, पटाखों के निर्माण में और सबसे ज्यादा उत्तरप्रदेश के कालीन उद्योग में बच्चों से गैरकानूनी तरीके काम कराया जा रहा है। डॉ महेश शुक्ला ने कहा कि गरीबी,बेरोजगारी के साथ पिछड़े परिवारों की कमजोर आर्थिक स्थिति भी बालश्रम के लिये जिम्मेदार है। लेकिन इस समस्या का समाधान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना भी समाज की जिम्मेदारी है। संगोष्ठी में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रचना श्रीवास्तव ने कहा कि समाज के समस्त विचारों का समग्रता से अध्ययन के साथ उसके कुविचारों और कुप्रथाओं का खात्मा करने की पहल करना प्रत्येक विचारवान व्यक्तियों का कर्तव्य है।

# घरों में नल कनेक्शन की हर सप्ताह समीक्षा कलेक्टर करें : प्रमुख सचिव

## घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य 15 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश




रीवा। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी नरहरि ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा तथा शहडोल संभाग में एकल नलजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने कहा कि सभी एकल नलजल योजनाएं एक माह में पूरी कराकर उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। नलजल योजनाओं से घरों में नल कनेक्शन का शत-प्रतिशत लक्ष्य 15 अगस्त तक पूरा करें। इसके लिए कार्यपालन यंत्री मंथवार लक्ष्यपूर्ति की कार्ययोजना बनाकर उसके अनुरूप समस्त कार्यवाहियाँ करें। सभी कलेक्टर नलजल योजनाओं की प्रगति तथा नल कनेक्शन की हर सप्ताह समीक्षा करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नलजल योजनाओं का कार्य पूरा कराने और घरों में नल कनेक्शन के लिए ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा अन्य विभागों के उपयंत्री तैनात करें। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तय समय सीमा में पूरा कराएं। बैठक में प्रमुख सचिव ने कहा कि शहडोल और रीवा जिलों में घरों में नल कनेक्शन की सर्वाधिक संख्या शेष है। संबंधित कार्यपालन यंत्री इसके लिए विशेष प्रयास करें। निर्माण एजेंसियों के आवश्यक होने पर तत्काल टेण्डर जारी करें। निर्माण एजेंसियों के पास सामग्री की उपलब्धता तथा संसाधनों का भी आकलन कर लें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में घरों में कार्यशील नल कनेक्शन तय समय सीमा में पूरे कर दिए जाएंगे। कार्य की प्रगति की मैं स्वयं हर सप्ताह समीक्षा करूंगा। लापरवाही बरतने वाले संविदाकारों और अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री महेन्द्र सिंह, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री रीवा और मऊगंज संजय पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री डीएल कनेल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैठक 20 जून को

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 20 जून को शाम 4 बजे से जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल मार्च तिमाही की उपलब्धियों, बैंकों के ऋण-जमा अनुपात, किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा प्राथमिक क्षेत्र में निवेश की बैंकवार समीक्षा करेंगी।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्र. 0457/प्रवाचक/2025
रीवा, दिनांक 30/05/2025

**आम-इश्तहार**

विषयान्तर्गत आवेदक मोतीलाल पिता स्व. गौरीशंकर मिश्रा वगै. दोनों निवासी ग्राम अगडाल, तहसील हुजूर, रीवा द्वारा नायब तहसीलदार हुजूर नगर रीवा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0049/अ-27/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 27.03.2023 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जो मोतीलाल मिश्रा वगै. विरूद्ध श्रीनिवास सोनी वगै. मौजा अगडाल से विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 17.06.2025 नियत है। अपीलार्थी के द्वारा निवेदन किया गया है कि, उत्तरवादी की तलबी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जाकर न्यायालय में उपस्थित कराई जावे।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर,
जिला-रीवा (म.प्र.)



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (**ई-टेन्डरिंग**) के माध्यम से **खुली निविदा** आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी-इन्जी0-सी-2025-98

**कार्य का नाम :** झाँसी डिवीज़न - कंस्ट्रक्शन ऑफ़ याई ड्रेनस इन वेरियस याई इन बीना - झाँसी सेक्शन अंडर एडीईएन ललितपुर सब डिवीज़न एंड वेरियस याई इन परौना - कानपुर सेक्शन अंडर एडीईएन कानपुर सब डिवीज़न।

**अनुमानित लागत रू :** 39186835.25 | **अमानत राशि :** 345900.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 10/07/2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

- निविदा दिनांक **10.07.2025** को **15:00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। **1019/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



## जन्मतिथि सुधार सूचना

मैं रेखा रानी सिंह पिता श्री राजेन्द्र सिंह निवासी सेमरिया रोड ग्राम कुशवार पोस्ट कुशवार तह. सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.) की हूं तथा मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। मेरा पुत्र यान सिंह वर्तमान सत्र 2025-26 में सेकेण्ड हार्ट कान्वेंन्ट स्कूल पडरा रीवा (म.प्र.) में कक्षा 08 में अध्ययनरत है। मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र की जन्मतिथि 25/08/2011 लिखी है जबकी मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 25/03/2011 है, जो की उसके आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। अत: मेरे पुत्र के उक्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र की जन्मतिथि 25/08/2011 की जगह सही जन्मतिथि 25/03/2011 दर्ज किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 82532 — रेखा रानी सिंह



## पश्चिम मध्य रेल

कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य विभाग) जबलपुर
क्रमांकः जबल सी 124/एटीवीएम/अधिसूचना-03-2025 दिनांक 12.06.2025
आवेदन की अंतिम तिथिः 03.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रंबधक, जबलपुर डब्ल्यूसीआर की ओर से निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने पर स्मार्ट कार्ड आधरित स्वचालित टिकट वेंडिग मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए जबलपुर मंडल के निम्न 31 स्टेशनों पर ATVM फेसिलिटर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। फेसिलिटर के रूप में नियुक्ति के लिए प्राथमिकता का क्रम निम्नानुसार होगा। 1. हाल ही में सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी।, 2. सेवानिवृत रेलवे कर्मचारीयों (ग्रुप 'सी' और डी.) के जीवनसाथी अथवा वयस्क बच्चा भी पात्र होगें। (एक सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी द्वारा केवल एक व्यक्ति को नामांकित किया जा सकता है।) 3. इस संबंध में पूर्ण जानकारी हेतु आवश्यक नियम एवं शर्ते आवेदन पत्र वेबसाईट www.wcr.indianrailway.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। 4. एक सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी एक स्टेशन हेतु केवल एक आवेदन कर सकता है। 5. एटीवीएम हेतु चयनित स्टेशनों एवं रिक्त स्थानों की सूची

| क्र. | स्टेशन | स्टेशन श्रेणी | नियुक्त किये जाने वाले ATVM फैसिलिटर की संख्या | क्र. | स्टेशन | स्टेशन श्रेणी | नियुक्त किये जाने वाले ATVM फैसिलिटर की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JBP | NSG-2 | 11 | 17 | BNU | NSG-5 | 12 |
| 2 | STA | NSG-2 | 01 | 18 | KY | NSG-5 | 05 |
| 3 | KTE | NSG-3 | 07 | 19 | KYE | NSG-5 | 08 |
| 4 | REWA | NSG-3 | 19 | 20 | MAKR | NSG-5 | 09 |
| 5 | SGO | NSG-3 | 20 | 21 | MKRN | NSG-5 | 09 |
| 6 | MYR | NSG-3 | 18 | 22 | BEHR | NSG-5 | 07 |
| 7 | DMO | NSG-3 | 13 | 23 | PHA | NSG-5 | 07 |
| 8 | KMZ | NSG-3 | 08 | 24 | SGAM | NSG-5 | 05 |
| 9 | PPI | NSG-3 | 13 | 25 | SGP | NSG-5 | 12 |
| 10 | NU | NSG-4 | 11 | 26 | SHR | NSG-5 | 05 |
| 11 | GAR | NSG-4 | 04 | 27 | SRID | NSG-5 | 08 |
| 12 | KTES | NSG-4 | 09 | 28 | KHBJ | NSG-6 | 06 |
| 13 | MML | NSG-4 | 15 | 29 | NWB | NSG-6 | 03 |
| 14 | BRGW | NSG-5 | 04 | 30 | MWJ | NSG-6 | 03 |
| 15 | BKH | NSG-5 | 05 | 31 | SCKR | NSG-6 | 02 |
| 16 | JTW | NSG-5 | 12 | | | | 271 |

6. आवेदन पत्र वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रंबधक, जबलपुर/पश्चिम मध्य रेलवे के कार्यालय में रखे सीलबंद बॉक्स में दिनांक 03.07.2025 को 10:30 बजे से 15:00 बजे के बीच डाले जाने चाहिए। सीलबदं बॉक्स आवेदन दिनांक 03.07.2025 को 16:00 बजे खुलेगा। 7. डाक द्वारा प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। 8. रेलवे प्रशासन किसी भी आवेदक की सेवाओं को चुनने/अस्वीकार समाप्त करने और बिना कोई कारण बताए अधिसूचना रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी विवरण/प्रश्न के लिए कृपया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जबलपुर/पमरे कार्यालय में संपर्क करें।

(हस्ता.)
सहायक वाणिज्य प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



## M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED

Office of Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Distt.-Rewa (M.P.), E-mail : eehqthc@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)**

M.P. Power Generating Co.Ltd. Invites e-tenders from reputed contractor/firm on percentage rate basis for the works as detailed below :-

| Tender No. | Name of Work | Estimated Cost/Tender Cost (in Rs.) | EMD in Rs. | Date & Time for Closing of Online Submission | Date & Time E-Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_MPPGC_424174_1 | Providing and Engaging unskilled labour for recording approach channel water level at Intake and informing to control room at PH-I (3x105MW) THC, MPPGCL, Sirmour, Distt.-Rewa (M.P.) | 13.40 Lakh/ 1,000 | 26800/- | 11.07.2025 Upto 15.30 Hrs. | 14.07.2025 Upto 15.30 Hrs. |

For detailed NIT, eligibility criteria, Other terms & conditions of tender document & for any extension of due date/corrigendum/addendum etc shall be available only on e-tendering website **www.mptenders.gov.in** and shall not be issued in print media.

M.P. Madhyam/120633/2025 — // SAVE ELECTRICITY // — ADDL. CHIEF ENGINEER. (THC)



## कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2025/3782 — सीधी दिनांक 12.06.2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासकीय हाथियों के भोजन के लिये निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र दुबरी के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क. | सामग्री का नाम | सामग्री प्रदाय मात्रा प्रति माह | सामग्री प्रदाय वर्ष में कुल मात्रा | प्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गेहू का आटा | 1080 कि0ग्रा0 | 12960 कि0ग्रा0 | संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र दुबरी के अंतर्गत हाथी कैम्प में प्रदाय किया जाना अनिवार्य है। जिला-सीधी (म0प्र0) |
| 2 | चने का आटा | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 3 | गुड़ | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 4 | सोयावीन का तेल | 120 कि0ग्रा0 | 1440 कि0ग्रा0 | |
| 5 | नमक | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्रा0 | |
| 6 | नारियल का गोला | 60 कि0ग्रा0 | 720 कि0ग्रा0 | |
| 7 | गन्ना | 2400 नग | 28800 नग | |
| 8 | सर्को फेराल(फीड सप्लीमेन्ट) | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्रा0 | |
| 9 | नीम तेल | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्राम | |
| 10 | अरंडी तेल | 30 कि0ग्रा0 | 360 कि0ग्राम | |

इस निविदा के लिये दिनांक 18.06.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी **https://mptenders.gov.in/** के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.06.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 28.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट **https://mpforest.gov.in/** पर भी देखी जा सकेगी।

जी-14318/25

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी



## कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2025/3780 — सीधी दिनांक 12/06/2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में भवन निर्माण /मरम्मत , पुलिया, रपटा, चेकडेम निर्माण मरम्मत के लिये शासकीय कार्यो हेतु निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से मोहन, पोंड़ी, दुबरी, बस्तुआ, ब्यौहारी बफर, मड़वास बफर, टमसार बफर, भुईमाड़ बफर, सोनघड़ियाल अभयारण्य सीधी , सोनघड़ियाल अभयारण्य चितरंगी , सोनघड़ियाल अभयारण्य रामपुर नैकिन , बगदरा अभयारण्य सीधी के लिये ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | ईट पक्की (गुटका) 9"x 4"x4" | 170000 नग |
| 2 | फ्लाई एस. ईट 8"x 4"x4" | 60000 नग |
| 3 | रेत (बालू) | 600 घ.मी. |
| 4 | गिट्टी 20,40 एमएम | 500 घ.मी. |
| 5 | लोहा/सरिया 8,10,12 एमएम | 18000 कि.ग्रा. |
| 6 | सीमेन्ट (ISI Mark 53-Grade ) मेजर प्लांट | 20000 बैग (50Kg Wt.) |
| 7 | हार्ड मुरूम | 400 घ.मी. |
| 8 | स्टोन डस्ट (राखड़) | 350 घ.मी. |
| 9 | स्ट्रेक्चर स्टील (ISI Mark) | 30 क्विंटल |
| 10 | बाईडिंग वायर | 300 कि.ग्रा |
| 11 | अनगढ़ा पत्थर | 400 घ.मी. |
| 12 | फर्स टाईल्स 600 mm ×600mm×9mm प्रति वर्ग फिट | 525 वर्ग फिट |
| 13 | बाथरूम फ्लोर टाइल्स 30×30cm प्रति वर्ग फिट | 2000 वर्ग फिट |
| 14 | बाथरूम वाल टाइल्स 45×30cm प्रति वर्ग फिट | 2000 वर्ग फिट |
| 15 | इमल्सन पेन्ट अंदर दीवार हेतु | 4000 लीटर |
| 16 | इमल्सन पेन्ट बाहरी दीवार हेतु | 4000 लीटर |
| 17 | पेन्ट हरा, लाल, सफेद, ब्राउन | 2000 लीटर |
| 18 | चौखट सालवुड-दरवाजा मय पल्ला | 3'6"×7'0"=15 Nos<br>2'9"×7'0"=20 Nos |
| 19 | लकड़ी सालवुड की खिड़की मय पल्ला | 5'0"×4'6"=15 Nos<br>4'0"×4'6"=10 Nos<br>3'0"×4'6"=05 Nos |

इस निविदा के लिये दिनांक 18.06.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे है। टेण्डर की विस्तृत जानकारी **https://mptenders.gov.in/** के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.06.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 28.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगी। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट **https://mpforest.gov.in/** पर भी देखी जा सकेगी।

G- 14317/25

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

## बढ़ती जा रही खड्डी कॉलेज में अतिथि विद्वान की मनमानी, अधिकारियों ने साधा मौन

# अब 5 अतिथि विद्वानों को धमकाया, थाने में हुई शिकायत

जागरण दहशत

### प्राचार्य सहित अधिकारियों पर सुनवाई न करने का आरोप

### स्टाफ में डर का माहौल, कॉलेज जाने में बताया खतरा




जागरण, सीधी

शासकीय कॉलेज खड्डी में अतिथि विद्वान की गुंडागर्दी का वीडियो वॉयरल होने के बाद से अन्य अतिथि विद्वानों का डर का माहौल है। वह कॉलेज में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिसका बड़ा कारण अतिथि विद्वान द्वारा प्रयोगशाला परिचायक के साथ की गई अभद्रता मामले में अब तक कोई कार्यवाही का न होना है। वहीं अब 5 अतिथि विद्वानों ने भी अतिथि विद्वान डॉ. अजय सिंह गहरवार के खिलाफ शिकायत की है व धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। कॉलेज के ही पांच अतिथि विद्वानों ने पहले तो मामले की शिकायत प्राचार्य और क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा से की लेकिन जब किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई तो शुक्रवार को कॉलेज के पांचो अतिथि विद्वान खड्डी पुलिस चौकी पहुंचे और आवेदन देते हुए अपनी जान को खतरा बताया है। दिए गए आवेदन में बताया है कि गुरुवार दिनांक 12 जून 2025 को कुछ लोग कॉलेज के समीप घूम रहे थे और बाते कर रहे थे कि सुटिया कहा से आता है कौन है और यह अन्य अतिथि विद्वान कहा सें आते हैं। देखते हैं इनको। इस दौरान पांचो अतिथि विद्वान वहां मौजूद थे। इसकी जानकारी प्रभारी प्राचार्य को व्हाट्सएप के माध्यम से दी व एडी रीवा को दी गई है। मामले में अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई न ही जवाब दिया गया। उनका कहना है कि इस घटना के बाद से पांचो अतिथि विद्वानों में डर का महौल है। कभी भी किसी प्रकार की अनहोनी उन सबके साथ हो सकती है। यह पांचो रोजाना रीवा से अप-डाऊन करते हैं और लंबा रास्ता तय करके आते हैं। कॉलेज में भी कोई नहीं रहता जिससे किसी प्रकार की अनहोनी का डर बना हुआ है। पहले भी डॉ. अजय सिंह द्वारा उनके खिलाफ हुई सीएम हेल्पलाइन शिकायत के लिए झूठा आरोप लगा चुके हैं इसलिए उन्हें अब यह डर है कि इस मामले में भी डॉ. अजय सिंह खुद व किसी अन्य से उन लोगों पर झूठा आरोप लगवा सकते हैं।

### प्राचार्य ने अतिथि विद्वान को दे दी जानकारी

आवेदन में पांचो अतिथि विद्वानों ने बताया है कि उनके द्वारा उक्त घटनाक्रम की जानकारी प्रभारी प्राचार्य डॉ. रामसुरेश भारती को दी गई। जिसके कुछ समय बाद अतिथि विद्वान डॉ. अजय सिंह गहरवार ने सुनाते हुए कहा कि हमसे पांच अतिथि विद्वानों की जान को खतरा है। अभी तक यह खतरा नहीं था अब यह खतरा जरूर है। जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि प्राचार्य ने हमारी शिकायत की जानकारी डॉ. अजय सिंह को दी गई। बताया कि डॉ. रामसुरेश भारती संजय गांधी कॉलेज खड्डी में पदस्थ हैं। उनको खड्डी कॉलेज का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जब से वह प्रभारी प्राचार्य बने हैं एक दिन भी कॉलेज नहीं आए। इतना ही नहीं इस बड़ी घटना के बाद भी वह कॉलेज नहीं पहुंचे और न ही फोन उठाते हैं। प्रयोगशाला परिचायक सुखसेन सुटिया अवकाश पर चले गए हैं और यह कहते हुए कॉलेज नहीं आते कि अतिथि विद्वान डॉ. अजय सिंह गहरवार से उनकी जान को खतरा है।

### जिम्मेदारों ने साध रखा है मौन

जिस प्रकार खड्डी कॉलेज में मामला सामने आ रहा है, उससे किसी भी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि लगातार प्रयोगशाला परिचायक सहित अन्य अतिथि विद्वानों द्वारा शिकायत की जा रही है। घटना के बाद से कॉलेज में दो गुट हो गए हैं, बताया जा रहा है कि जिनके द्वारा अतिथि विद्वान द्वारा की गई अभद्रता का विरोध करते हुए प्रयोगशाला परिचायक सुखसेन सुटिया के पक्ष में बात की गई उनको भी अब परेशान किया जा रहा है। वह भी अब शिकायत करने पहुंच रहे हैं। वहीं एक गुट जो कि अभद्रता करने वाले अतिथि विद्वान के साथ है। मामले को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संज्ञान लिया जाना चाहिए लेकिन वह इस मामले पर गंभीर नहीं हैं। संजय गांधी लीड कॉलेज सीधी में कुर्सी को लेकर खींचतान मची हुई है। वहीं क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा ने भी अभी तक कोई कार्यवाही मामले में नहीं की है। जिससे बड़े सवाल खड़े हो रह हैं।

# कनिष्ठ अभियंता बघवार की सह पर हो रही है बिजली चोरी

### शिकायत के बाद भी बिजली चोरी पर कोई कार्रवाई नहीं करते कनिष्ठ अभियंता

### विद्युत वितरण केन्द्र बघवार अन्तर्गत खुले आम हो रही है बिजली की चोरी



जागरण, सीधी

जिले के विद्युत वितरण केन्द्र बघवार में कनिष्ठ अभियंता की सह पर जगह-जगह बिजली की चोरी हो रही है। जहां एक ओर बिजली विभाग के आला अधिकारी बिजली चोरी को पकड़ने का अभियान चलायें है तो दूसरी ओर विभाग के ही कनिष्ठ अभियंता स्वयं बिजली चोरी करने वालों को संरक्षण दे रहें हैं। बताया गया है कि यदि लाइममैन अवैध बिजली का उपयोग करने वालों का कनेक्शन काट देते हैं तो कनिष्ठ अभियंता लाइन मैन को फटकार लगाकर काटा गया कनेक्शन जोड़वा देते हैं। इतना ही नहीं यदि कोई व्यक्ति बिजली चोरी की शिकायत व सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करता है तो संबंधित जनों को बुलाकर उनसे सुविधा शुल्क लेकर शिकायत को दबा देते हैं। नाम उजागर ना करने की शर्त पर विद्युत वितरण केन्द्र बघवार में पदस्थ लाइन मैन ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता की सह पर क्षेत्र में बिजली की चोरी व्यापक पैमाने पर चल रही है। हम लोगों को बिजली चोरी करने वालों पर कार्रवाई नहीं करने दिया जाता। बताया गया है लोग घरेलू कनेक्शन से बोर एवं पम्प चला रहे हैं और घरेलू कनेक्शन लेकर कमर्शियल बिजली का उपयोग कर रहे हैं और कनिष्ठ अभियंता बघवार को सुविधा शुल्क देकर बिजली विभाग को लाखों का चूना लगा रहे हैं। जो उपभोक्ता कनिष्ठ अभियंता को सुविधा शुल्क नहीं देता उसका जबरन ओव्हर लोड का मामला बना देते हैं। जब तक कनिष्ठ अभियंता विद्युत वितरण केन्द्र में पदस्थ रहेंगे तब तक बिजली की चोरी नहीं रूकेगी। ग्रामीण जनों ने तत्काल कनिष्ठ अभियंता को बघवार विद्युत वितरण केन्द्र से हटाने की मांग किये है।

## समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने अधिसूचना जारी कर जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध किया है। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग का ज्ञापन दिनांक 23 जुलाई 1987 के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें विनिर्दिष्ट जल की परिभाषा के अतंर्गत नहीं लिया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि (प्रजनन) दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बन्द ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहता है। साथ ही मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनियम एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इन नियमों के उलंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रूपये या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

# गांजा विक्रेताओं के विरुद्ध सीधी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### 3 मामलों में आरोपियों को किया गिरफ्तार, मादक पदार्थ गांजा जब्त



जागरण, सीधी

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन में सीधी पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के विरुद्ध अभियान चलाकर पृथक-पृथक तीन मामलों में कार्यवाही की गई है। इन मामलों में गांजा तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 2 किलो 970 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। सभी कार्यवाहियां संबंधित थाना प्रभारियों की नेतृत्व में की गईं। थाना प्रभारी कमर्जी उनि विवेक द्विवेदी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम शिवपुरवा निवासी संगीता पटेल अपने घर में गांजा छिपाकर अवैध बिक्री कर रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई। तलाशी में आलमारी से 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा अनुमानित मूल्य 12,000 बरामद किया गया। आरोपिया संगीता पटेल पति शिवपुजन पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी शिवपुरवा थाना कमर्जी को गिरफ्तार कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया एवं न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में उनि विवेक द्विवेदी, प्रआर अभय वर्मा, राजू जायसवाल, आरक्षक शुभम सिंह, नीरज सिंह एवं महिला आरक्षक अंजली कुशवाहा का सराहनीय योगदान रहा। दूसरे मामले में थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पाण्डेय को 12 जून 2025 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पथरौही निवासी रामसिया कुशवाहा द्वारा अपने घर में अवैध गांजा बिक्री हेतु रखा गया है। दबिश के दौरान आरोपी के कब्जे से 1 किलो 170 ग्राम गांजा अनुमानित मूल्य 15,000 बरामद किया गया। आरोपी रामसिया कुशवाहा पिता गणेश कुशवाहा उम्र 55 वर्ष को गिरफ्तार कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश पाण्डेय, सउनि रामसिया सोनवंशी, प्रआर रामसुन्दर साकेत, आरक्षक राजकमल भुर्तिया, राजधर विश्वकर्मा एवं प्रभात तिवारी का योगदान रहा। वहीं तीसरे मामले में थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी को सूचना प्राप्त हुई कि गांधीग्राम निवासी शिवनाथ यादव पिता रामजियावन यादव उम्र 65 वर्ष के पास अवैध गांजा बिक्री हेतु रखा गया है। दबिश के दौरान 600 ग्राम गांजा अनुमानित मूल्य 6,000 बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। टीम में शामिल अधिकारी/कर्मचारी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सउनि गोविंदलाल साकेत, प्रधान आरक्षक लल्लू, महाराणा, गुरु प्रसन्न, आरक्षक केपी सिंह एवं महिला आरक्षक कृति त्रिपाठी का सराहनीय योगदान रहा।

## सड़क हादसे में महिला एवं बाइक चालक घायल



**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया थाना के पुलिस चौकी बम्हनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुशमहर में आज 13 जून को दोपहर लगभग एक बजे सड़क दुर्घटना में महिला एवं बाइक चालक घायल हो गए। हादसे के बाद दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुशमहर की मदबा टोला निवासी गुजरतुआ बाई बैगा 65 वर्ष अपने घर से उचित मूल्य की दुकान पर राशन लेने जा रही थीं। तभी कुशमहर चौराहे के पास तेज रफ्तार बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गुजरतुआ बैगा के साथ ही बाइक चालक संजू सिंह पिता लखपति सिंह निवासी कुशमहर भी घायल हो गया। बाइक क्र. एमपी 17 एमजे 3457 का चालक कथित तौर पर नशे की हालत में था। हादसे के बाद ग्रामीणों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज जारी है।

## 26 नव आरक्षकों को नियुक्ति आदेश किया गया जारी



**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के द्वारा आज दिनांक 13 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर नव नियुक्त 26 आरक्षकों को औपचारिक रूप से नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी नव आरक्षकों का पुलिस विभाग में प्रथम बार प्रवेश करने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्होंने सभी नव आरक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि श्आरक्षक पद पुलिस संगठन की रीढ़ होता है। समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आमजन में सुरक्षा का भाव स्थापित करने और अपराधों पर नियंत्रण हेतु आरक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। पुलिस अधीक्षक ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में नव आरक्षकों को यह संदेश दिया कि पुलिस की ड्यूटी केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि यह एक कर्तव्यबोध और सेवा भावना से ओत-प्रोत पेशा है। समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रति निष्पक्ष, संवेदनशील और अनुशासित व्यवहार को उन्होंने प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में विभागीय ट्रेनिंग और फील्ड ड्यूटी में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की कसौटी पर सभी नव आरक्षकों को खरा उतरना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी नव आरक्षकों को मुंह मीठा करवा कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## लापता नाबालिग किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया के निर्देशन में चौकी प्रभारी सिहावल उप निरीक्षक विशाल शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा एक सप्ताह से लापता नाबालिग किशोरी को उत्तर प्रदेश से दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया है। पुलिस के अनुसार 9 जून 2025 को चौकी सिहावल क्षेत्र अंतर्गत एक परिजन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा संभावित स्थानों एवं रिश्तेदारों में खोजबीन करने पर भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगाए तो चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विशाल शर्मा ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया एवं उनके निर्देशानुसार तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश प्रारंभ की गई। लगातार प्रयासों एवं सूचनाओं के विश्लेषण के पश्चात सिहावल पुलिस ने महज 72 घंटों के भीतर उत्तर प्रदेश के हलिया, मिर्जापुर से किशोरी को दस्तयाब कर सिहावल चौकी लाया। वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर किशोरी को सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया है। कार्यवाही में उप निरीक्षक विशाल शर्मा चौकी प्रभारी सिहावल, प्रधान आरक्षक रोहित सिंह परिहार, आरक्षक चैतन्य मिश्रा, राहुल सिंह, विकास सिंह, दिवाकर सिंह एवं शिवम पाण्डेय एवं साइबर सेल से आरक्षक कृष्ण मुरारी द्विवेदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**जागरण, सीधी।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून के अवसर पर श्रमायुक्त मध्यप्रदेश शासन इंदौर के निर्देशानुसार जिले में बाल श्रम विषय पर कार्यशाला सह बैठक जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण तथा जिला टास्क फोर्स समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में आयोजन किया गया। जिला बाल कल्याण समिति (न्यायिक खण्डपीठ) सीधी के सदस्य श्री सचिन्द्र कुमार मिश्रा ने चर्चा में बताया कि जितने बाल एवं किशोर श्रमिक संस्थानों में नियोजित नहीं रहते उससे ज्यादा कबाड़ बीनना तथा आरती घुमाना तथा गाड़ियों के साफ-सफाई का कार्य करने में संलग्न रहते हैं। एक विशेष टीम द्वारा ऐसे बच्चों के माता-पिता के साथ चर्चा की जावे।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



**जागरण, सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के सफल मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में विकासखण्ड मझौली अंतर्गत विकास सीएल पोंड़ी विकासखण्ड कुसमी के समस्त सीएलएफ सदस्यों के लिये प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे सीएल को समग्र रूप से सशक्त बनाये जाने हेतु मिशन के सभी घटक जैसे सामुदायिक संस्थागत विकास, सूक्ष्म वित्त, रोजगार एवं कौशल उन्नयन, वित्त, कृषि, उद्यमिता विकास, एमआईएस आदि घटकों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सीएल संकुल स्तरीय संगठन का अर्थ एक ऐसे संगठन को बनाना जो संकुल स्तर पर स्थित संगठनों को सहायता प्रदान करे। यह संगठन ग्राम संगठनो को स्व-प्रबंधित, स्व-नियंत्रित, स्व-संचालित और आत्मनिर्भर संस्था के रूप में विकसित करने में मदद करता है। सीएल एवं उनके सदस्यों को मिशन अंतर्गत सभी घटकों से क्या लाभ होंगे के बारे में विस्तृत जानकारियां प्रदान की गयीं। ताकि सीएल अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम संगठनों एवं समूहों को विस्तृत जानकारी प्रदाय करते हुये स्वयं के संचालन के साथ अपने संगठनों का भी सफल संचालन करने मे सक्षम बन सके। उपरोक्त प्रशिक्षण जिला मिशन स्टाफ से पुष्पेंद्र कुमार सिंह जिला परियोजना प्रबंधक, मनोज कुमार चंद्रिकापुरे जिला प्रबंधक वित्त, देवेश मिश्रा जिला प्रबंधक कौशल, शैलेन्द्र द्विवेदी जिला प्रबंधक लघु उद्यमिता विकास, अजय सिंह जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त, प्रशांत कुमार मिश्रा सहायक जिला प्रबंधक सामुदायिक प्रशिक्षण, विजय गोस्वामी प्रभारी जिला प्रबंधक कृषि, हरि राम त्रिपाठी युवा सलाहकार सम्बंधित विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण समापन के दौरान जिला स्तर से प्रशांत कुमार मिश्रा सहायक जिला प्रबंधक सामुदायिक प्रशिक्षण, हरि राम त्रिपाठी युवा सलाहकार तथा विकास खण्ड स्तर से चंद्रकांत सिंह विकासखण्ड प्रबंधक मझौली, भरत सोनी सहायक विकासखण्ड प्रबंधक मझौली, अरुण गौतम सहायक विकासखंड प्रबंधक मझौली, संजीव सिंह सहायक विकासखंड प्रबंधक मझौली उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**जागरण, सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमन राज के निर्देशन में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी धनंजय मिश्रा द्वारा जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक भ्रमण किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत पड़खुरी 88, अमरपुर, बघवार, गोपालपुर का भ्रमण करते हुए प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजनातर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यों यथा अमृत सरोवर, गौ शाला, पंचायत भवन एवं खेत तालाब आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।


**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open** for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068


# कुर्रवाह एवं भेलकी घाट से अवैध रेत की निकासी जोरों पर

### पुलिस, राजस्व, खनिज एवं सोन घड़ियाल विभाग की भूमिका संदिग्ध

### रात भर चलता है अवैध रेत खनन, परिवहन का कारोबार



जागरण, सीधी

सोन नदी के कुर्रवाह एवं भेलकी घाट से अवैध रेत की निकासी जोरों पर चल रही है। जानकारों के अनुसार पुलिस, राजस्व एवं सोन घड़ियाल विभाग की भूमिका रेत की अवैध निकासी के मामले में पूरी तरह से संदिग्ध है। लिहाजा रात भर उक्त घाटों से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन का कारोबार निर्बाध रूप से चलता रहता है। कलेक्टर सीधी के सख्त निर्देश के बाद कुछ दिनों तक रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही चली इसके बाद जिम्मेदार अमला पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुका है। बताया जाता है कि उक्त विभागों के संरक्षण के चलते ही स्थानीय माफिया रेत की अवैध निकासी एवं परिवहन में पूरी तरह से मशगूल हैं। माफिया के छोटे वाहन रात करीब 10 बजे से सोन नदी के कुर्रवाह एवं भेलकी घाट में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के लिए पहुंचना शुरू हो जाते हैं। माफिया द्वारा रेत के अवैध खनन के लिए पूर्व से आसपास के श्रमिकों की व्यवस्था बनाकर रखी जाती है। जिसके चलते अवैध उत्खनन एवं लोडिंग के लिए श्रमिक कुर्रवाह एवं भेलकी घाट में रात 10 बजे तक पहुंच जाते हैं। वाहनों के आते ही आनन-फानन में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए लोडिंग कर दी जाती है। स्थानीय माफिया द्वारा कुर्रवाह एवं भेलकी घाट से अवैध रूप से निकाले जाने वाले रेता की सुरक्षित डंपिंग आसपास के इलाके में करने के साथ ही मौका देखकर नजदीकी क्षेत्रों में काम के लिए भी गिरा दिया जाता है। यह अवश्य है कि रेत पर कार्यवाही शुरू होने के बाद से कीमतें काफी ज्यादा बढ़ा दी गई हैं। संबंधित विभागों को प्रति ट्रिप के अनुसार सुविधा शुल्क भी देने की खबरें सामने आ रही हैं। इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

### राजनेताओं के संरक्षण के लग रहे आरोप

सोन नदी का कुर्रवाह एवं भेलकी घाट जिला मुख्यालय के समीप होने के कारण यहां से सबसे ज्यादा रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन रात के अंधेरे में चलता है। जानकारों का कहना है कि सोन नदी के प्रतिबंधित सोन घड़ियाल अभ्यारण्य क्षेत्र होने के कारण यहां से रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के चलने के पीछे राजनेताओं का संरक्षण है। राजनेताओं के संरक्षण के चलते ही सोन नदी के कुर्रवाह एवं भेलकी घाट से रेत का अवैध उत्खनन अनवरत रूप से चलता है। मैदानी अमला की सांठ-गांठ एवं सुविधा शुल्क मिलने के कारण उनके द्वारा भी रेत के अवैध कारोबार को पूरा संरक्षण प्रदान किया जाता है। जब कभी वरिष्ठ अधिकारियों का कार्यवाही के लिए दबाव बढ़ता है उस दौरान माफिया तक यह सूचना पूर्व में ही पहुंचा दी जाती है कि कार्यवाही होनी है। इस वजह से वाहनों को कुर्रवाह एवं भेलकी घाट की ओर अभी कुछ दिन तक लेकर न जाएं। इस वजह से उस दौरान रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन बंद कर दिया जाता है। बाद में फिर से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन का काला कारोबार रात के अंधेरे में शुरू कर दिया जाता है। सोन नदी के कुर्रवाह एवं भेलकी घाट से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन पूरी तरह से रुके इसके लिए जिम्मेदार विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी कार्ययोजना के तहत कार्य करने की जरूरत है।




EXIDE TUBULAR बैट्री के साथ इन्वर्टर + ट्राली फ्री*

अधि.- प्रज्ञा बैट्री
सीधी - 9424641175 बैढ़न- 7415741556

प्रयाग बैट्री रीवा
पुराना बस स्टैण्ड के पास रीवा - 9424641172, 7879263443

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**एअर कंडीशनर का नया नियम फिलहाल सभी नए एअर कंडीशनर पर लागू होगा। यानी आने वाले दिनों में बाजार में उपलब्ध एअर कंडीशनर में तापमान 20 डिग्री से नीचे और 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं रखा जा सकेगा।**

भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। अपने घर या कार्यालय को मनमर्जी के मुताबिक वातानुकूलित करने की प्रवृति अब लोगों को बदलनी होगी। क्योंकि, आने वाले दिनों में एसी (एअर कंडीशनर) की हवा को ज्यादा ठंडा करने का विकल्प ही मौजूद नहीं होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि केंद्र सरकार एअर कंडीशनर के तापमान का मानकीकरण करने वाली है। नए नियमों के तहत इसके तापमान को न्यूनतम 20 डिग्री और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में ही रखा जाएगा। इससे न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद जरूरी है। कई देशों में इस तरह के नियम पहले से लागू हैं। भारत में भी इसको लेकर काफी पहले से विचार किया जा रहा था, लेकिन कुछ तकनीकी पहलू और सरकारी स्तर पर इच्छाशक्ति का अभाव इसमें रोड़ा बना हुआ था, पर अब सरकार ने इस दिशा में पहल करते हुए नए नियमों के मसविदे को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। देश में वातानुकूलन के लिए तापमान का मानकीकरण इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि गर्मियों के दिनों में बिजली की मांग चरम पर पहुंच जाती है। इसमें सबसे ज्यादा योगदान एअरकंडीशनर और हवा को ठंडा करने वाले अन्य उपकरणों का होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर वातानुकूलन तापमान तय सीमा में रखा जाए तो हजारों करोड़ यूनिट बिजली की बचत हो सकती है।

इससे कार्बन उत्सर्जन में भी खासी कमी आएगी। भारत के शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में भी यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

जापान, इटली, स्पेन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में एअर कंडीशनर के तापमान को लेकर पहले से ही सख्त नियम लागू हैं। जापान में तापमान की सीमा 26 डिग्री, जबकि इटली और स्पेन में 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रखी गई है। आने वाले दिनों में बाजार में उपलब्ध एअर कंडीशनर में तापमान 20 डिग्री से नीचे और 28 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं रखा जा सकेगा। इसका एक फायदा यह भी होगा कि बिजली की खपत कम होने से बिल की राशि भी कम होगी। घरों के अलावा सार्वजनिक भवनों, होटलों, माल, कार्यालयों, विपणन केंद्रों और कारों में लगे वातानुकूलन उपकरणों पर भी ये नियम लागू होंगे।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि 20 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान पर रहने से सांस संबंधी समस्याएं, सर्दी-खांसी, जोड़ों में दर्द और अन्य दिक्कतें बढ़ जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के लिए 24-26 डिग्री का तापमान आदर्श होता है।

# भविष्य की बड़ी चुनौती बन सकता है प्रजनन दर का गिरना

जनसांख्यिकीय रिपोर्ट

जयसिंह रावत



**जनगणना शुरू होने से पहले आई एक नयी वैश्विक रिपोर्ट चिंतित करने वाली है। यूएनएफपीए ने विश्व जनसंख्या स्थिति 2025 रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया है कि 2025 में 1.46 अरब की आबादी के साथ भारत दुनिया की सबसे आबादी वाला देश बना रहेगा। पर रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारत में प्रजनन दर घटकर 1.9 जन्म प्रति महिला पर पहुंच चुकी है। यह आंकड़ा 2.1 की प्रतिस्थापन दर से कम है।**

रिपोर्ट में जनसंख्या की संरचना, प्रजनन क्षमता और जीवन प्रत्याशा दर में अहम बदलावों के बारे में बताया गया है, जो बड़े जनसांख्यिकीय परिवर्तन का संकेत है। रिपोर्ट यह तो बताती है कि 2025 में 1.46 अरब की आबादी के साथ भारत दुनिया की सबसे आबादी वाला देश बना रहेगा। भारत ने 2022 में ही चीन को जनसंख्या के मामले में पीछे छोड़ दिया था। पर रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारत में प्रजनन दर घटकर 1.9 जन्म प्रति महिला पर पहुंच चुकी है। यह आंकड़ा 2.1 की प्रतिस्थापन दर से कम है। प्रतिस्थापन दर वह दर है, जो आबादी को बनाये रखने के लिए आवश्यक है। यानी अब भारतीय महिलाएं औसतन एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जनसंख्या के आकार को बनाये रखने के लिए आवश्यक बच्चों से कम बच्चे पैदा कर रही हैं। जाहिर है कि भारत 'हम दो, हमारे दो' की नीति से नीचे चला गया है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की विश्व जनसंख्या स्थिति 2025 रिपोर्ट यानी 'स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, द रियल फर्टिलिटी क्राइसिस' जारी हुई। यह रिपोर्ट भारत की जनसांख्यिकीय स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी देती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की नौजवान आबादी नौकरी की असुरक्षा और घर में सीमित जगह को बच्चे पैदा करने में बाधा के तौर पर देख रही है। बच्चे की भरोसेमंद देखभाल की कमी भी परिवार बढ़ाने में बाधा है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं को अब भी प्रजनन से जुड़े स्वतंत्र फैसले लेने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि, देश के विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों में प्रजनन संबंधी असमानताएं भी बनी हुई हैं। जैसे, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में प्रजनन दर उच्च है, जबकि दिल्ली, केरल और तमिलनाडु में प्रजनन दर प्रतिस्थापन दर से कम है। अभी तो भारत में युवा आबादी सबसे अधिक है। भविष्य में तब बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है, जब जन्म दर में कमी के कारण कामकाजी आबादी का आंकड़ा घटने लगेगा। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या, जो 2022 में ही चीन (1.411 अरब) को पीछे छोड़ 1.412 अरब हो गई थी, 2025 में 1.46 अरब तक पहुंच जाएगी। यह जनसंख्या 2060 के दशक में 1.7 अरब के शिखर पर पहुंचने के बाद धीरे-धीरे कम होने लगेगी। यह वृद्धि बड़ी संख्या में प्रजनन आयु की महिलाओं के कारण है, भले ही प्रजनन दर में कमी आई हो। रिपोर्ट के अनुसार, शिक्षा में सुधार, प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच और गर्भनिरोधकों के उपयोग में वृद्धि इसके प्रमुख कारण हैं।

**वास्तविक प्रजनन संकट** : यूएनएफपीए की रिपोर्ट प्रजनन संकट को जनसंख्या वृद्धि या कमी के रूप में नहीं, बल्कि लाखों लोगों की अपनी इच्छित परिवार संख्या प्राप्त करने में असमर्थता के रूप में परिभाषित करती है। भारत में, 36 फीसद वयस्क अनचाहे गर्भधारण का सामना करते हैं, और 30 फीसद अपनी इच्छा के अनुसार अधिक या कम बच्चे पैदा करने में असमर्थ हैं। गर्भनिरोध, सुरक्षित गर्भपात, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं और बांझपन उपचार तक सीमित पहुंच, साथ ही सामाजिक और लैंगिक मानदंड, इसके प्रमुख अवरोध हैं।

**जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर** : भारत की जनसंख्या युवा है। 68 फीसद जनसंख्या कार्यशील आयु (15-64 वर्ष) में है, जो उचित रोजगार, शिक्षा और नीतिगत ढांचे के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान कर सकती है। हालांकि, 7 फीसद बुजुर्ग जनसंख्या (65 वर्ष से अधिक) के बढ़ने की उम्मीद है, और जीवन प्रत्याशा पुरुषों के लिए 71 वर्ष और महिलाओं के लिए 74 वर्ष तक पहुंच गई है। जनसंख्या दोगुना होने का समय अब 79 वर्ष है, जो धीमी वृद्धि को दर्शाता है।

**प्रगति के साथ बनी असमानताएं** : भारत ने प्रजनन दर और मातृ मृत्यु दर को कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। 1970 के दशक से, बेहतर प्रजनन स्वास्थ्य और शिक्षा ने लाखों जिंदगियां बचाई हैं। फिर भी, राज्यों, जातियों और आय समूहों में गहरी असमानताएं मौजूद हैं। ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक कम पहुंच है। लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह और असंतुलित लिंगानुपात चुनौतियां बनी हुई हैं। यूएनएफपीए भारत की प्रतिनिधि, एंड्रिया एम. वोज्नर ने कहा, भारत ने प्रजनन दर को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन असमानताएं बनी हुई हैं। वास्तविक जनसांख्यिकीय लाभांश तब मिलेगा जब हर व्यक्ति को सूचित प्रजनन विकल्प चुनने की स्वतंत्रता और साधन मिलें।

**भविष्य की चुनौतियां** : भारत तेजी से जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजर रहा है। बुजुर्ग जनसंख्या 28 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी, जो फ्रांस (120 वर्ष) या स्वीडन (80 वर्ष) की तुलना में बहुत तेज है। 40 फीसद से अधिक बुजुर्ग सबसे गरीब आय वर्ग में हैं, जो स्वास्थ्य, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा के लिए चुनौतियां पेश करता है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि भारत धनी होने से पहले बूढ़ा हो रहा है।

**जनसंख्या नहीं, स्वायत्तता पर ध्यान** :रिपोर्ट जनसंख्या वृद्धि या कमी के डर को खारिज करती है और प्रजनन स्वायत्तता को प्राथमिकता देने का आह्वान करती है। भारत में इसका मतलब है कि परिवार के आकार को प्रोत्साहित या हतोत्साहित करने वाली नीतियों से हटकर प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना। गर्भनिरोध, सुरक्षित गर्भपात, मातृ स्वास्थ्य और बांझपन उपचार तक पहुंच बढ़ाने, बाल देखभाल, शिक्षा, आवास और कार्यस्थल लचीलापन में निवेश करने, अविवाहित व्यक्तियों, समलैंगिक समुदायों और हाशिए पर रहने वाले समूहों के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य साक्षरता बढ़ाने और सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने के लिए सामुदायिक पहल शुरू करने की आवश्यकता है। यह न केवल सामाजिक स्थिरता बल्कि आर्थिक समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**जनसांख्यिकीय चुनौतियों का समाधान** :संयुक्त राष्ट्र की यह रिपोर्ट भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर और चुनौती दोनों प्रस्तुत करती है। 1.46 अरब की जनसंख्या और 1.9 की प्रजनन दर के साथ, भारत को अपनी युवा आबादी का लाभ उठाने और तेजी से बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को संतुलित करने की आवश्यकता है। प्रजनन स्वायत्तता और समावेशी नीतियों पर ध्यान देकर, भारत न केवल अपनी जनसांख्यिकीय चुनौतियों का समाधान कर सकता है, बल्कि एक समृद्ध और समान भविष्य की ओर भी बढ़ सकता है।

# लोकतंत्र को रौंद रही हैं ट्रंप की आव्रजन नीतियां

अन्तर्राष्ट्रीय नीति

पुष्परंजन



**अराजकता के सम्राट ट्रंप का जब टैरिफ युद्ध से ध्यान हटता है, वो अप्रवासियों को भगाने की मुहिम में लग जाते हैं। यह पहला मौका है जब नेशनल गार्ड को गवर्नर की सहमति के बिना किसी राज्य में भेजा गया है। गवर्नर न्यूसम ने इसे 'सत्ता का बेशर्मी से दुरुपयोग' कहा और ऑन द रिकार्ड कहा कि राष्ट्रपति 'एक ज्वलनशील स्थिति' को भड़का रहे हैं।**

लॉस एंजेलिस में इमिग्रेशन छापों को लेकर हिंसक विरोध हुआ है। लोगों को काबू करने के वास्ते 2,100 नेशनल गार्ड को लॉस एंजेलिस में तैनात किया गया है। गवर्नर न्यूसम पहले ही कह चुके हैं कि ट्रंप इस आग को और भड़का रहे हैं, और वह यही चाहते थे। साफ लगता है, आर्थिक मोर्चे पर फेल ट्रम्प देश का ध्यान आव्रजन नीतियों में उलझाए रखना चाहते हैं। लॉस एंजेलिस में हालात बेकाबू हैं। ट्रम्प के बारे में यही कहा जा रहा है, कि उनका व्यवहार तानाशाहों वाला हो चुका है। आप ट्रंप के पूर्वजों के बारे में पता कीजिये। वो खांटी अमेरिकन्स नहीं थे। फ्रेडरिक ट्रम्प, डोनाल्ड ट्रम्प के दादा थे। जर्मनी के राइनलैंड में जन्मे और पले-बढ़े। जर्मन थे, तो अनिवार्य रूप से सैन्य सेवा में जाने से भागना ही फ्रेडरिक ट्रम्प ने तय किया। फ्रेडरिक ट्रम्प किशोरावस्था में नाई का काम करते थे। 7 अक्तूबर, 1885 को अमेरिका के लिए वन वे टिकट लेकर जहाज पर चढ़े, और फिर मुड़ कर नहीं देखा। वह न्यूयॉर्क पहुंचे, और एक रियल एस्टेट व्यवसाय में कर्मचारी से कारोबारी बन गए। फ्रेडरिक ट्रम्प के बेटे और पोते ने इस जर्मन विरासत को पूरी तरह से नकार दिया। ट्रम्प ने अपनी सह-लिखित पुस्तक 'द आर्ट ऑफ़ द डील' में दावा किया, 'मैं एक बच्चे के रूप में स्वीडन से यहां आया था। पिता जर्मन, मां स्कॉटिश।' इमिग्रेंट बैकग्राउंड वाले वही ट्रम्प, अप्रवासियों के पीछे हाथ धोकर पड़े हैं। ट्रम्प के जीवनी लेखक टिम ओ ब्रायन ने कहा, 'बदला वह ऑक्सीजन है, जो उन्हें बचाए रखती है।' और उन्होंने अपने इर्द-गिर्द ऐसे छोटे-मोटे लोगों को रखा है जो उनकी खूब चापलूसी करते हैं। मसखरे जैसे दिखने वाले लोग कैबिनेट बैठकों में उनका शौर्य बखान करते हैं। फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन के चेयरमैन ब्रेंडन कैर ने तो अपने कॉलर पर सुनहरे रंग का ट्रंप का सिर भी लटका रखा है। अराजकता के सम्राट ट्रंप का जब टैरिफ युद्ध से ध्यान हटता है, वो अप्रवासियों को भगाने की मुहिम में लग जाते हैं। अमेरिका को गौर से देखें तो यह देश आबाद ही हुआ बाहर से आये लोगों से। राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी द्वारा लिखी गई एक पुस्तक का शीर्षक ही है, 'ए नेशन ऑफ इमिग्रेंट्स'। 1965 के आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम ने एशिया और लैटिन अमेरिका से आप्रवास के दरवाजे खोल दिए। वर्ष 1990 के आव्रजन अधिनियम ने कानूनी आव्रजन को और भी शिथिल किया, जिससे बाकी देशों के अनिवासियों को कानूनी रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति मिल गई। 34.7 करोड़ की आबादी वाले अमेरिका में विदेश से आये लोगों की संख्या, 2023 में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, चार करोड़ 78 लाख तक पहुंच गई। ठीक से देखा जाये, तो ओरिजिनल अमेरिकी केवल दस फीसद हैं। पीईडब्ल्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़े बताते हैं, 'अमेरिका में मेक्सिको से आये आप्रवासी सबसे अधिक हैं। तीन साल पहले, अमेरिका में अनिवासियों का सबसे बड़ा समूह इंडो-अमेरिकन्स (6 प्रतिशत), चीनी (5 प्रतिशत), फिलीपीनी (4 प्रतिशत) और अल साल्वाडोर से आने वाले क्रमशः 3 फीसद बताये गए थे। लैटिन अमेरिका (27 प्रतिशत), लेटिन कैरिबियन (10 प्रतिशत), मध्य अमेरिका (9 प्रतिशत) और दक्षिण अमेरिका (9 प्रतिशत) शामिल हैं। यूरोप, कनाडा और अन्य उत्तरी अमेरिका 12 प्रतिशत, सब सहारा अफ्रीका के (5 प्रतिशत) और मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (4 प्रतिशत) अनिवासी अमेरिका में बसते हैं।'


ट्रंप प्रशासन, ने बार -बार कसम खाई है, कि अमेरिका को 'अवैध प्रवासियों से मुक्त' कर दिया जाएगा। ट्रम्प की प्रवासन विरोधी नीतियों का दुष्प्रभाव यूरोप में पड़ने लगा है। फिलहाल लॉस एंजिल्स में नेशनल गार्ड की संख्या चार हजार हो गई है। इससे स्थानीय अधिकारियों और कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम की चिंता और बढ़ गई है।

लॉस एंजिल्स (एलए) का ताजा अपडेट यह है, कि वहां कर्फ्यू लगाने के तुरंत बाद 'बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां' की गई हैं। लूटपाट अराजकता फैलाने के आरोप में 200 लोगों को मंगलवार से पहले ही हिरासत में लिया जा चुका है। एलए में अराजक माहौल का असर न्यूयॉर्क सहित अन्य शहरों पर भी पड़ा है। वहां भी ट्रम्प की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन हुए हैं। गिरफ्तारियां भी हुई हैं। ट्रम्प ने 4,000 नेशनल गार्ड और 700 मरीन को भेजने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा, कि यह कदम 'एलए' जैसे शहर को 'किसी विदेशी दुश्मन द्वारा कब्जा किए जाने' से बचाने के लिए था।

डेमोक्रेट जिन्हें कभी-कभी वामपंथी, उदारवादी या प्रगतिशील भी कहा जाता है, ट्रंप की आव्रजन विरोधी नीतियों का कैसे मुकाबला करते हैं? बड़ा सवाल है। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी का सिम्बल है 'हाथी'। यह हाथी मतवाला होकर लोकतंत्र को रौंद रहा है।

प्रसंगवश

# पीएम मोदी के प्रयासों ने देश को प्रदान किए सुरक्षा कवच



शिवप्रकाश

**भारत को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यह प्रयास देश की जनता में यह विश्वास जगाने में सफल हुए हैं कि मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक है । 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने, इस नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति इसी का उदाहरण है। रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है। 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोलाबारूद उपलब्ध था। व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट , नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म, नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिए लंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है शस्त्रों की खरीद के लंबे समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुकेहैं। राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है। एस -400 , सुखोई -30 , इजराईल से ड्रोन , हैमर मिसाईल, चिनूक हेलिकॉप्टर, प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर) , ( पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम , वरुणास्त्र आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। 11 वर्ष के सफलतम कालखंड में अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था । 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है। देश को नक्सल मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिको में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। 2014 में नक्सल आतंकवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, 2025 में वह संख्या मात्र 6 रह गई है। प्रत्येक प्रकार की गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया। इसमें अशोक स्तंभ, लंगर और नौसेना का आदर्श वाक्य 'शं नो वरुणः' अंकित है, जो भारत की समुद्री विरासत और आत्मगौरव का प्रतीक है। सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है। पूर्व सैनिको के कल्याण, अग्नि वीर योजना,विजयदशमी पर राफेल जैसे शस्त्रों का पूजन एवं दीपावली त्योहार में सैनिको के मध्य प्रधानमंत्री की उपस्थिति, सीमावर्ती सैनिक चौकियों पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का प्रवास यह सभी उपक्रम हमारे सुरक्षित भारत के संकल्प को प्रकट करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति, पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने, आतंकवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण को विश्व के सम्मुख रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल देश की एकजुटता को प्रकट करने का कूटनीतिक सराहनीय प्रयास है ।

**लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं।**

## ।।गीता।।



**श्लोक : यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति। शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः॥**

**भावार्थ** : जो न कभी हर्षित होता है, न द्वेष करता है, न शोक करता है, न कामना करता है तथा जो शुभ और अशुभ सम्पूर्ण कर्मों का त्यागी है- वह भक्तियुक्त पुरुष मुझको प्रिय है।

जीवन दर्शन

# अहंकार को बढ़ावा देने से होगा रिश्तों को नुकसान



दूसरों की कमियों को इंगित करना भले ही लुभावना हो, लेकिन अपने अहंकार को तुरंत बढ़ावा देने से हमारे रिश्तों को गंभीर नुकसान हो सकता है। क्या होगा अगर हम उस आवेग को पलट दें और अपनी कमियों पर ध्यान केंद्रित करें? इसके लिए प्रयास करना पड़ता है; यह एक कांटा निकालने के दर्द की तरह है - यह एक पल के लिए दर्द देता है, लेकिन बाद में राहत बहुत बड़ी होती है। जब हम अपनी गलतियों को स्वीकार करते हैं, तो यह क्षमा का दरवाज़ा खोलता है। भले ही हम अपनी गलती को स्वीकार कर लें, जैसे मुझे यह नहीं कहना चाहिए था कि आप कभी नहीं समझते। मैं देख सकता हूँ कि इससे आपको कितना दुख पहुँचा है, यह एक तनावपूर्ण स्थिति को टाल सकता है और संघर्ष के समाधान में सहायता कर सकता है। दूसरों के बजाय खुद को सही करने का विकल्प हमें अधिक खुले विचारों वाला और कम तर्कशील बनाकर सशक्त बनाता है। और उससे भी बढ़कर, यह हमें बेहतर इंसान बनाता है - यह हमारे रिश्तों में दोनों पक्षों की विजयी होने की स्थिति ।लोगों के साथ व्यवहार के बारे में अमेरिकी व्यापार जगत के दिग्गज एंड्रयू कार्नेगी का एक बेहतरीन उद्धरण है। वह इसकी तुलना बहुत सारे कीचड़ में सोना खोजने से करते हैं। हो सकता है कि बहुत सारी खामियाँ हों, लेकिन अगर हम लोगों में अच्छाई पर ध्यान दें, ठीक वैसे ही जैसे हम कीचड़ में सोना खोजते हैं, तो हम कुछ बहुत ही कीमती चीज़ खोज निकालेंगे ।यह संसार, द्वंद्वों का मिश्रण है। दिन और रात है; ठंड और गर्मी है; सफलता और असफलता है। इसी तरह हर कोई गुणों और दोषों से भरा हुआ है, लेकिन हमारे पास दूसरों में अच्छाई देखने के लिए सचेत विकल्प बनाने की शक्ति है। एक अधिक सहानुभूतिपूर्ण संसार बनाने के लिए, यह ज़िम्मेदारी हम सभी उठा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सोलर कैपिटल बनाने सरकार ने बनाई रणनीति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के किसानों की आमदनी को दोगुनी करने के मिशन में जुटी मध्यप्रदेश सरकार अपने किसानों को ऊर्जादाता बनाएंगी, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके। इस मिशन को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को सोलर केपिटल के रुप में स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। गौरतलब है कि राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में बढ़ोतरी एवं आर्थिक विकास के लिये सोलर एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा देगी। प्रदेश के रीवा, नीमच और ओंकारेश्वर सौर ऊर्जा का सशक्त संयंत्र स्थापित है। इब सरकार ने सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के जरिए प्रदेश के किसानों और छोटे निवेशकों को लाभ दिलाने रणनीति के तहत काम कर रही है। पिछले दिनों भोपाल में हुई समिट में यह प्रयास देखने को मिले है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मध्यप्रदेश के किसान बड़ी भूमिका निभाएंगे। ऊर्जा समिट में एक ही मंच पर निवेशक, किसान, विशेषज्ञ और नीति-निर्माताओं ने उपस्थित होकर समृद्धि के नये द्वार पर दस्तक दी है। प्रदेश में अब तक 80 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे 16 हजार से अधिक कृषि पम्पों को सौर उर्जा से उर्जीकृत किया जा चुका है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रोपे पौधे

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सेवा संकल्प युवा संगठन के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सिंदूर एवं विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लिंक रोड स्थिति बगीचें में लगायें। संगठन अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि संगठन के सभी सदस्य अपने जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप मनातें है। इसके तहत अश्राम में बुर्जगों की सेवा, जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदाय जैसे समाजिक कार्य कर सेवा दिवस मानते है। मालवीय ने बताया कि संगठन सदस्यों ने इन पौधो की सुरक्षा का संकल्प भी लिया संगठन की नई सदस्य दीपिका मालवीय के जन्मदिन पर भारतीय वायु सेना की वीरांगनाओं के साहस के परचम से प्रेरित होकर सेवा दिवस पर सिंदूर, शहतूत, जामुन, कटहल, आंवला, बादाम, अमरूद जैसे फलदार पौधरोपण कर सदस्यों ने सेवा दिवस मनाया।

### बाल श्रम मुक्त समाज में बनें सहयोगी: सीएम

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए अभावग्रस्त बच्चों को उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा और समानता प्रदान करने के प्रयासों में सरकार के सहभागी बनें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एक्स पर कहा कि एक सभ्य समाज में बाल श्रम के लिए कोई स्थान नहीं है, इस सामाजिक अपराध पर अंकुश लगाना सभी नागरिकों का कर्तव्य है।

### सरकार ने राज्य स्तरीय समिति का किया गठन

**विसं भोपाल।** राज्य शासन द्वारा एमपी स्टेट कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच में सहकार्यता अनुबंध के उद्देश्यों की पूर्ति और डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। समिति के उपाध्यक्ष मंत्री पशुपालन एवं डेयरी विकास और सहकारिता मंत्री होंगे। समिति में सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव सहकारिता, अध्यक्ष एनडीडीबी, प्रमुख सचिव वित्त विभाग, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, प्रबंध संचालक एवं कार्यकारी निदेशकगण एनडीडीबी तथा संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य सचिव प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश राज्य को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन होंगे।

### मैनिट में अंतर्राष्ट्रीय जल सम्मेलन का समापन

**जागरण, भोपाल।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एडवांस इन वॉटर रिसोर्सेज का समापन हुआ। इस सम्मेलन का उद्देश्य जल संसाधनों के हमेशा उपयोग और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करना था। इसका आयोजन जल शक्ति मंत्रालय और केंद्रीय जल आयोग के सहयोग से मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। सम्मेलन में देश-विदेश से 200 से अधिक वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। इसमें वॉटर शेड प्रबंधन, हाइड्रो-इन्फॉर्मेटिक्स, नदी अभियांत्रिकी और जलवायु अनुकूल संरचनाओं जैसे विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि प्रो. के.जी. रंगा राजू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक बड़ा संकट है और इसके लिए अनुकूल जल प्रबंधन की जरूरत है। उन्होंने युवाओं द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। मुख्य अभियंता आदित्य शर्मा ने कहा कि भारत जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है यदि स्मार्ट तकनीक का सही उपयोग हो। इसके साथ ही एक आइडिएथॉन प्रतियोगिता भी हुई।

# प्रशासनिक सर्जरी पर मंथन पूरा, सूची जारी करने की तैयारी

## सीएम और सीएस की बंद कमरे में चर्चा, पदोन्नति में आरक्षण और भर्तियों में पारदर्शिता पर भी हुआ मंथन, सीएम के प्रभार वाले विभागों की हुई समीक्षा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय होने से पहले एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी पूरी हो गई है। खबर है कि गुरुवार को इस मामले को लेकर सीएम और सीएस के बंद कमरे में संभावित सूची को लेकर मंथन किया है। इसके अलावा पदोन्नति में आरक्षण और सरकारी भर्तियों को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया गया है।

दरअसल गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के सुशासन भवन में कई घंटे अधिकारियों के साथ उन विभागों की समीक्षा की, जिनका प्रभार उन्होंने अपने पास रखा है। इसमें सबसे अहम गृह और सामान्य प्रशासन विभाग है। जानकारों की मानें तो सीएम ने सामान्य प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से पदोन्नति में आरक्षण को लेकर तैयार की गई नीति के बारे में चर्चा की। अधिकारियों ने सीएम के समक्ष एक बार फिर से पदोन्नति में आरक्षण की नीति का प्रजेंटेशन दिया। इस पर सीएम ने अपर मुख्य सचिव संजय दुबे से कहा कि इस नीति को कैबिनेट की बैठक में लाने से पहले यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि इसे लागू होने पर किसी भी तरह का विरोध किसी भी पक्ष की ओर से नहीं आए यानि कि ऐसा फार्मूला हो,कि सभी अधिकारी कर्मचारी संतुष्ट हो सके और उन्हें वर्ष 2016 के बाद एक बार फिर से पदोन्नति मिलनी शुरु हो जाए। जानकारों की माने तो सीएम ने सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों से यह भी कहा कि उनकी घोषणा के अनुसार अब तक कितने विभागों के पदों पर भर्ती होनी बाकी है और किन-किन विभागों की भर्ती के लिए अभी विज्ञापन निकाले जाने है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस मामले पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो और इसमें पात्रों को ही लाभ मिले।जिसमें सरकार युवाओं को नौकरी देने के अपने निर्णय को पूरा कर सके।



### कुछ जिलों के कलेक्टर पर अंतिम निर्णय लिया

सूत्रों की मानें तो समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुशासन भवन में ही मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ बंद कमरे में प्रशासनिक सर्जरी को लेकर चर्चा की है। बताया गया है कि कुछ जिलों के कलेक्टर को लेकर अंतिम निर्णय लिया जा चुका है। इसके अलावा कुछ अधिकारियों की मैदानी पोस्टिंग और मंत्रालय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों के कार्य दायित्वों में फेरबदल को लेकर भी चर्चा की गई है।

**इन विभागों की भी हुई समीक्षा:** मुख्यमंत्री ने गृह,औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन,खनिज साधना, वन और पर्यावरण विभागों की भी समीक्षा की।

### पदोन्नति में आरक्षण के ये हो सकते हैं नियम

सूत्रों की मानें तो पदोन्नति में आरक्षण को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने जो नियम बनाए हैं, उसमें यह तय किया गया है कि पूर्व में जिनकी पदोन्नति हो चुकी है, उन्हें न तो रिवर्ट किया जाएगा और न ही रिटायर्ड हो चुके कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जाएगा। पदोन्नति में आरक्षण के लाभ के लिए सबसे पहले अनुसूचित जाति के 16 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति वर्ग से आने वाले अधिकारी कर्मचारियों के 20 फीसदी पद भरे जाएंगे। इसके बाद दूसरे वर्गों को आरक्षण का फायदा दिया जाएगा। प्रारूप में तय किया गया है यदि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षित पद पर कोई पात्र व्यक्ति नहीं मिलता तो दूसरे वर्ग के कर्मचारी को इसका लाभ नहीं दिया जाएगा और यह पद खाली रखे जाएंगे। पदोन्नति के लिए जितने भी पद खाली होंगे। उससे दो गुना के साथ 4 अतिरिक्त नाम बुलाए जाएंगे। यानि कि यदि कोई 10 पद खाली हैं तो उसके लिए 20 और 4 अतिरिक्त यानी 24 कर्मचारियों के नाम पदोन्नति की सूची में शामिल किए जाएंगे। पदोन्नति के लिए हर साल सितंबर से लेकर नवंबर के बीच डीपीसी की जाएगी। इसके अलावा 31 दिसंबर को रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों की पात्रता का निर्धारण किया जाएगा। बताया गया है कि हर साल 1 जनवरी को रिक्त होने वाले पदों पर पात्र लोगों को प्रमोशन का लाभ मिलता जाएगा। जानकारी के अनुसार पदोन्नति के लिए दो तरह की सूची तैयार की जाएगी इसमें प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को पदोन्नति का आधार मैरिट कम सीनियेरिटी को बनाया जाएगा। इसी तरह क्लास 2 के लिए नीचे के पदों के लिए सीनियेरिटी कम मैरिट के आधार पर सूची तैयार की जाएगी। इससे सभी वर्गों को फायदा पहुंचेगा। ऐसा माना जा रहा है कि इसी माह किसी भी कैबिनेट बैठक में पदोन्नति में आरक्षण के प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है।

# डिजिटली होगा मप्र विधानसभा का मानसून सत्र, 80 प्रतिशत तैयारी पूरी

## विधानसभा के प्रश्नोत्तर, ध्यानाकर्षण और याचिकाएं ऑनलाइन ही भेजी जाएंगी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अगर सबकुछ तय प्रक्रिया के तहत हुआ तो मध्यप्रदेश विधानसभा का अगला मानसून सत्र की कार्यवाही पूरी तरह से डिजिटली होगी। इससे सरकार का ई-विधान प्रणाली लागू करने का लक्ष्य पूरा होगा। विधानसभा सचिवालय ने मानसून सत्र की पूरी कार्यवाही को डिजिटल करने को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी हैं। ई-विधान प्रणाली को लेकर एनआईसी द्वारा विधानसभा अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रजेंटेशन भी दिया गया है। बताया गया है कि ई-विधान प्रणाली लागू होने की वजह से विधानसभा के प्रश्नोत्तर, ध्यानाकर्षण और याचिकाएं इसी माध्यम से भेजी जाएंगी। इसके जरिए विधानसभा से संबंधित प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप से प्रबंधित किया जाएगा।

### जानिए क्या है ई-विधान

केन्द्र सरकार ने मिशन मोड परियोजना के तहत राज्यों की विधानसभाओं को पेपरलेस और डिजिटल बनाने का लक्ष्य तय किया है, जिसके तहत विधानसभा सदस्यों द्वारा डिजिटली प्रश्न पूछना, विधेयक पेश करना, चर्चा करना और दस्तावेजों का आदान-प्रदान ऑनलाइन किया जाएगा। इतना ही नहीं सदन में कार्यवाही को भी पूरी तरह से डिजिटल रुप से रिकॉर्ड किया जाएगा, जिसे बाद में सार्वजनिक पोर्टल पर प्रकाशित भी किया जाएगा।



### एनआईसी का काम शेष

विधानसभा सचिवालय द्वारा गैर तकनीकी व्यवस्था को पूरा कर लिया है। शेष 20 प्रतिशत भी इस माह पूरा होने का संभावना है। इसके बाद तकनीकी सुविधाएं एनआईसी को उपलब्ध करानी है। कुछ दिनों पहले एनआईसी द्वारा कुछ तकनीकी परीक्षण किए गए थे,जिसमें खामियां सामने आई थी। इसके बाद एनआईसी ने एक बार फिर से खामियों को दूर करने का प्रयास शुरू कर दिया है। अभी सदन में सभी सदस्यों को टैप उपलब्ध कराने सहित दूसरे तकनीक संयंत्र की खरीददारी होनी है। यदि एनआईसी इस माह इसे पूरा कर देती है, तभी मानसून सत्र पूरी तरह से ई-विधान का रूप ले सकेगा। बताया जा रहा है कि यदि किसी कारणवश तकनीकी तैयारी में बिलम्ब होता है,तो फिर मानसून सत्र के बाद होने वाले शीतकालीन सत्र पूरी तरह से डिजिटली हो सकेगा।

### खरीदे जाएंगे कम्प्यूटर, 18 को खुलेंगे टेंडर

जानकारों की मानें तो ई-विधान के लिए विधानसभा सचिवालय द्वारा 35 ऑल-इन-वन कंप्यूटर खरीदे जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बताया गया है कि जेम पोर्टल के माध्यम से आवश्यक कम्प्यूटर खरीदने के लिए 18 जून को टेंडर खोले जाएंगे।

### विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई में

मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र जुलाई में आहुत किया जा सकता है। इसे लेकर विधानसभा सचिवालय ने अपनी तैयारी शुरु कर दी है। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंत्रणा कर सकते है। गौरतलब है कि सत्र में सरकार का पहला अनुदान बजट आ सकता है।

"हमारी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। हम ई-विधान की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। तकनीकी कार्य के लिए एनआईसी अपने स्तर पर प्रयासरत है। यदि सभी तरह की तैयारी इस माह पूरी होती है, तो फिर मानसून सत्र को पूरी तरह से डिजिटली करने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और यदि किसी कारणवश ऐसा नहीं हुआ तो हमारा फोकस अगले सत्र पर रहेगा। अभी मानसून सत्र की तारीखों को लेकर फैसला भी नहीं हुआ है। लेकिन यह माना जा रहा है कि जुलाई के दूसरे या तीसरे सप्ताह में सत्र बुलाया जा सकता है।

■ **अवधेश प्रताप सिंह**, प्रमुख सचिव मप्र विधानसभा

# एनसीटीई कोर्स के बाद देर रात जारी हुए यूजी के अलाटमेंट

## 18 तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे विद्यार्थी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने गुरुवार को यूजी कालेजों में प्रवेश देने के लिए विद्यार्थियों को देर रात सीटें आवंटित कर दी हैं। पहले विभाग ने एनसीटीई कोर्स की सीटों का आवंटन किया है। प्रथम राउंड की काउंसलिंग में करीब चार लाख 15 हजार विद्यार्थियों ने पंजीयन करा लिए हैं। तीन लाख 44 हजार विद्यार्थियों ने अपनी सीटों को लॉक कर दिया था। जबकि तीन लाख दस हजार विद्यार्थियों का सत्यापन हुआ था। उक्त सत्यापित विद्यार्थियों को ही विभाग ने सीटें आवंटित की हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने रात 9:30 बजे 153000 विद्यार्थियों को यूजी कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए आवंटन किया। पीजी का अलाटमेंट शुक्रवार को जारी किया जाएगा। प्रवेश को पुख्ता करने के लिए विद्यार्थी शुक्रवार से 18 जून तक फीस जमा कर पाएंगे। बिना फीस के विद्यार्थियों के प्रवेश मान्य नहीं होंगे। विभाग ने गुरुवार रात आठ बजे एनसीटीई के कोर्स बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड, बीएडएमएड, आईटीईपी, बीएलएड, अंशकालीन बीएड और राज्य शिक्षा केंद्र के बीएड की सीटों का अलाटमेंट किया। एनसीटीई कोर्स में एक लाख पांच हजार विद्यार्थियों का पंजीयन कर चुके हैं। इसमें 88 हजार विद्यार्थियों का सत्यापन हुआ था। इसकी मेरिट विभाग ने नौ जून को जारी की गई थी। मेरिट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सीटें दी गई हैं। उक्त विद्यार्थी शुक्रवार से 18 जून तक मूल दस्तावेज, टीसी माईग्रेशन का भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर लिंग इनिशिएट कराएंगे। विद्यार्थी 14 से 19 जून तक प्रवेश ले पाएंगे।



### वेबसाइट और मोबाइल पर जमीं रहीं विद्यार्थियों की नजरें

गुरुवार को एनसीटीई और यूजी-पीजी कोर्स की सीटों पर प्रवेश आवंटित होना है। इसलिए विद्यार्थी सुबह से ही विभाग की वेबसाइट और अपने मोबाइल नजरें जमाए रहे। पहली राहत रात आठ बजे एनसीटीई कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को मिली जब उन्हें कालेज की सीट आवंटित हो गई। इसके बाद रात साढे नौ बजे यूजी के विद्यार्थियों को राहत मिली जब उन्हें पसंदीदा कालेज में उनका नाम का आवंटन हुआ। पीजी के अलाटमेंट में तकनीकी समस्या आने के कारण रोक दिया गया है।

# बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित करने छात्रवृत्ति देगी सरकार

## एक से पच्चीस हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति, ऑनलाइन होंगे आवेदन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार प्रदेश के बीड़ी और खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित करने के लिए उन्हें छात्रवृत्ति देगी। यह छात्रवृत्ति केंद्र सरकार की योजना के तहत दी जाएगी। इसमें एक हजार से पच्चीस हजार तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की शिक्षा के लिये वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत इन छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। इशैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन की प्रक्रिया भी प्रारम्भ कर दी गई है। योजना के तहत राज्य के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाईट और लौह-मैग्नीज- क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये छात्रवृत्ति दी जाएगी। योजना के तहत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में कक्षा पहली से लेकर उच्च शिक्षा तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को एक हजार रुपये से पच्चीस हजार रुपये तक छात्रवृत्ति की स्वीकृत दी गई है। उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 2 जून से प्रारंभ हो गई है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करते समय आवेदकों को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) करना होगा। इसके साथ ही फेस ऑथेंटिकेशन प्रक्रिया को भी पूरा करना आवश्यक होगा। उप कल्याण आयुक्त ने बताया कि यदि पोर्टल पर उपलब्ध अन्य किसी विभाग की ऐसी छात्रवृत्ति योजना प्रदर्शित होती है, जिसमें अधिक राशि प्रदान की जाती है और आवेदक उसकी पात्रता रखते हैं, तो ऐसे आवेदक संबंधित विभाग की छात्रवृत्ति योजना के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

### जनजातीय समूह के 360 गांवों में नल जल योजना

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत (पीवीटीजी) विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के परिवारों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दृष्टि से अन्य योजनाओं के साथ पेयजल आपूर्ति के लिये 360 पीवीटीजी गांवों के 7 लाख 84 हजार 327 घरों में नल कनेक्शन जारी किये गये है। प्रधानमंत्री जनमन आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत केन्द्र एवं राच्य सरकार द्वारा जनजाति संवर्ग के उत्थान के लिये इस योजना के यह सुविधा इन परिवारों को दी गई है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में 4197 पीवीटीजी गांव है। इसके अंतर्गत 11 लाख 67 हजार 373 परिवार इस योजना के तहत लाभांवित हुए है। वर्ष 2027 तक अधिकांश गांवों को सतही जल योजना के माध्यम से कवर कर लिया जाएगा।

### नपाध्यक्ष के खिलाफ पार्षदों के मोर्चा खोलने से भाजपा में मचा हड़कंप

**जागरण, शिवपुरी।** भाजपा शासित नगर पालिका में अध्यक्ष गायत्री शर्मा की कुर्सी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। उनके खिलाफ भाजपा के अधिकांश पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है और कांग्रेस के बहु संख्यक पार्षद भी उनके साथ आ गए हैं। कल घटनाक्रम काफी तेजी से घटित हुआ। नगर पालिका शिवपुरी के 22 भाजपा पार्षदों में से 15 पार्षद और पांच कांग्रेस पार्षद करैरा के प्रसिद्ध बगीचा हनुमान मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा को हटाने की शपथ खाई और कहा कि यदि वह गायत्री शर्मा को हटाने में सफल नहीं हुए तो स्वयं इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद भाजपा में हड़कंप मच गया और आज सुबह सर्किट हाउस में जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव और विधायक देवेन्द्र जैन ने भाजपा पार्षदों की बैठक बुलाई। जिसमें 26 भाजपा और समर्थक निर्दलीय पार्षद बैठक में पहुंचे जिनसे वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पहले वन टू वन चर्चा की और फिर सामूहिक रूप से उनसे बातचीत की तथा उनका पक्ष जाना।

### सभा में नेताओं के बिगड़े बोल, चेतावनी देते हुए बोले-

# कलेक्टर, नालायकी की तो ऐसी तैसी कर दूंगा, पता भी नहीं चलेगा

**जागरण, भिंड।** किसानों की जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के नेताओं की बदजुबानी सामने आई है। कलेक्टोरेट के सामने गुरूवार को सभा आयोजित कर आजाद समाज पार्टी के दतिया से प्रत्याशी रहे दामोदर यादव ने भिंड कलेक्टर को चेतावनी देते हुए कहाकि सुनो मिस्टर कलेक्टर श्रीवास्तव, तुम कहते हो कि तुम्हें भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी की जरूरत नहीं है। दोबारा से ऐसी नालायकी करोगे तो मुख्यमंत्री तुम्हें प्रदेश में जहां बैठाएगा। प्रदेश के उस कोने में तुम्हारी ऐसी तैसी करूंगा। अन्य पार्टियों के नेताओं को भी ललकारते हुए यादव ने कहाकि समझा दो अपने पिल्लों को और लौटा दो इन गरीब किसानों की जमीनों को। किसानों की जमीन से जुड़े मामलों को लेकर हुई इस सभा में बड़ी संख्या में भीम आर्मी, आजाद समाजवादी पार्टी और ओबीसी पिछड़ा वर्ग के लोग शामिल हुए। आजाद समाजवादी पार्टी के यादव ने कलेक्टर को चुनौती देते हुए कहाकि हमारे बाबा साहेब ने जो संविधान लिखा उसी के तहत तुम जिस बड़े पद पर बैठे हो, उसका मैं सम्मान करता हूं। वरना हमारे सामने तुम बहुत छोटे हो। किसानों के साथ ये जो षडयंत्र हुआ है, उसमें बड़े-बड़े लोग शामिल हैं।



**बैठक** | उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिए मप्र पुलिस ने तेज की तैयारियां

# एआई से ट्रैफिक की मॉनिटरिंग, ड्रोन से होगी श्रद्धालुओं पर नजर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए मध्य प्रदेश पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में सिंहस्थ की तैयारियों की समीक्षा हुई। बैठक में इंटेलिजेंस, दूरसंचार, रेल, प्रशिक्षण, योजना, प्रबंधन, पीटीआरआई और एसएएफ़ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा आईजी भोपाल ग्रामीण, आईजी सुरक्षा, डीआईजी एसडीआरएफ, नोडल अधिकारी सिंहस्थ, और पुलिस कमिश्नर भोपाल भी मौजूद थे। समीक्षा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एडीजी उज्जैन जोन, पुलिस आयुक्त इंदौर, आईजी एवं डीआईजी इंदौर ग्रामीण, डीआईजी उज्जैन के साथ-साथ उज्जैन, खंडवा, खरगोन, देवास, शाजापुर, धार, रतलाम, सीहोर एवं आगर-मालवा के पुलिस अधीक्षक भी वर्चुअली जुड़े। इस दौरान, उत्तर प्रदेश पुलिस के आईजी एटीएस प्रेम कुमार गौतम ने इसी साल आयोजित प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान अपनाए गए प्रबंधन और सुरक्षा उपायों का एक प्रेजेंटेशन भी दिया।



### सिंहस्थ के लिए बनेगा स्पेशल मोबाइल एप

बैठक में सिंहस्थ के दौरान स्मार्ट ट्रेफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए आर्टिफ्रिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ट्रेफिक कंट्रोल सेंटर की स्थापना पर सहमति बनी। इंटेलिजेंट ट्रेफिक सिस्टम के जरिए वास्तविक समय (रियल-टाइम) ट्रेफिक मॉनिटरिंग को भी अपनाया जाएगा। इसके अलावा, प्रयागराज कुंभ मेले की तर्ज पर सिंहस्थ में भी मेला क्षेत्रों को अलग-अलग हिस्सों में विभाजित कर यातायात का प्रबंधन किया जाएगा। भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर निगरानी के लिए ड्रोन का उपयोग, श्रद्धालुओं के लिए रूट डायवर्जन मोबाइल ऐप से लाइव ट्रेफिक अपडेट, और पैदल यात्रियों के लिए अस्थायी फ्लाईओवर एवं वॉकवे गलियारों के निर्माण पर भी चर्चा हुई।

### राष्ट्रीय एजेंसियां भी रहेंगी एक्टिव

सुरक्षा समीक्षा के दौरान, सिंहस्थ के लिए किसी भी आतंकी वारदात से निपटने हेतु एनआईए, आईबी और एटीएस जैसी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ मध्य प्रदेश पुलिस की समन्वय इकाई (कोऑर्डिनेशन यूनिट) बनाकर प्राप्त होने वाले सभी इनपुट्स पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए डॉग स्कॉड, बम डिस्पोजल यूनिट और एंटी-स्नाइपर टीम की भी तैनाती होगी। बैठक में डार्क वेब मॉनिटरिंग के जरिए संभावित साइबर खतरों और फेशियल रिकॉग्निशन ट्रैकिंग सिस्टम से संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर भी लगातार निगरानी रखने पर जोर दिया गया। सिंहस्थ में प्रयागराज की तर्ज पर मास सर्विलांस और रियल-टाइम मॉनिटरिंग के तहत एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों के साथ फ्राइट डिटेक्शन, फ्रॉल डिटेक्शन और ड्रोन फ्रीड की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। डीजीपी ने बैठक में कहा कि उज्जैन में मेला क्षेत्र को देखते हुए अलग-अलग क्विक रिस्पॉन्स टीमें भी तैनात होंगी, जो किसी भी घटना की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करेंगी। इसके अलावा, सिंहस्थ में वीआईपी आगंतुकों के लिए अलग ट्रेफिक रूट, जियो-फेंसिंग, स्कैनिंग जोन और ब्लू-ग्रीन लेन के प्रोटोकॉल अपनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेलीकॉप्टर लैंडिंग जोन और वॉचटावर बनाने के साथ-साथ जीपीएस-आधारित बस सेवा, ई-रिक्शा और मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब का भी संचालन होगा।

# संविदाकर्मियों को मिलेगा बढ़ा वेतन, आदेश जारी

भोपाल। वित्त विभाग के गुरुवार को जारी आदेश के बाद राज्य के संविदा अधिकारी और कर्मचारियों का वेतन बढ़ने का साफ हो गया है। ऐसे कर्मचारियों के वेतन में 2.94 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वित्त विभाग ने सभी विभागों के प्रमुखों, संभागीय आयुक्त, राजस्व मंडल अध्यक्ष एवं जिलों के कलेक्टर को संबोधित करते हुए वेतन वृद्धि का आदेश जारी किया है। बढ़े हुए वेतन का लाभ 1 अप्रैल 2025 से मिलेगा। सामान्य प्रशासन विभाग के 22 जुलाई 2023 के सर्कुलर के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की रिपोर्ट में संविदा अधिकारी कर्मचारियों की 2.94 प्रतिशत वेतन वृद्धि तय की गई थी। इसी आधार पर गुरुवार को वित्त विभाग ने निर्देश जारी कर दिए। इस वृद्धि के हिसाब से हर संविदा अधिकारी कर्मचारी को 31 मार्च 2025 की स्थिति में मिल रहे वेतन में 1 अप्रैल 2025 से 2.96 प्रतिशत बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। इस वृद्धि से संविदा अधिकारी कर्मचारी महासंघ संतुष्ट नहीं है। महासंघ का कहना है कि प्रदेश के संविदा अधिकारी कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 12 हजार से लेकर 65 हजार रुपए प्रतिमाह तक है। इसे लेकर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि 3.78 प्रतिशत की गई थी। ऐसे में संविदा वर्ग को उम्मीद थी कि सरकार कम से कम 4 प्रतिशत तक की वेतन में वृद्धि करेगी,लेकिन वित्त विभाग के आदेश से निराशा हाथ लगी। क्योंकि इस वृद्धि से कर्मचारियों का वेतन 300 से लेकर 1500 रुपए तक ही बढ़ेगा,जो मंहगाई के इस जमाने में काफी कम है।

**पीएचई मंत्री के गृह जिले में**

# चिलचिलाती धूप में बच्चे, बूढ़े और महिलाएं पानी के लिए कर रहे जद्दोजहद

जागरण, मंडला

जिले भर में भीषण गर्मी के साथ जल संकट लगातार गहराता जा रहा है, जिसका खामियाजा अब मवेशियों को भी भुगतना पड़ रहा है। पीएचई मंत्री सम्पतियां उइके का गृह जिला भी इससे अछूता नहीं है। इस भीषण गर्मी का असर निवास जनपद पंचायत के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र मनेरी से लगे ग्राम पंचायत पोड़ी का है, जहाँ भीषण जल संकट के चलते लगभग एक दर्जन मवेशियों की प्यास से मौत हो गई है। गांव की लगभग 1800 की आबादी केवल एक बोर के भरोसे है और करीब 20 साल बाद गांव का 35 एकड़ का जलाशय भी सूखने की कगार पर है, जिससे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं होता है, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। जानकारी अनुसार औद्योगिक क्षेत्र मनेरी से लगे ग्राम पंचायत पोड़ी के वंशिदे गांव से करीब एक किलोमीटर दूर बोर के पानी से अपनी प्यास बुझा रहे है। हमारी टीम ने जब गांव का दौरा किया, तो देखा कि ग्रामीण पानी के लिए किस तरह जद्दोजहद कर रहे हैं। बूढ़े, युवा और महिलाएं चिलचिलाती धूप में पानी भरने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। ग्रामीण पूरन झरिया, भीमसेन, संकेत झरिया, सुनील, जितेंद्र और संतोष झरिया ने बताया कि गांव में नल-जल योजना संचालित है और जल जीवन मिशन के तहत लगभग 226 कनेक्शन भी हैं, लेकिन सप्लाई मुश्किल से पांच से दस मिनट मिल पाती है और कभी-कभी तो कई दिनों तक पानी आता ही नहीं। गांव में बनी पानी की टंकी भी महज शोपीस बनकर रह गई है। हैंडपंप हवा उगल रहे हैं और कुएं पूरी तरह सूख चुके हैं।



## 20 साल बाद सूखे जलाशय मवेशी फंस रहे दलदल में

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2004 में बना लगभग 35 एकड़ का जलाशय भी अब सूखने लगा है। जलाशय के बीच में दलदल बन गया है, जिसमें फंसकर कई मवेशी मर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 20 वर्षों बाद ऐसी स्थिति आई है कि जलाशय में पानी न के बराबर बचा है। ग्रामीणों ने बताया कि जलाशय का गेट पूरी तरह क्षतिग्रस्त है, जिससे पानी रुक नहीं पा रहा और गौर नदी में बह जाता है। ग्रामीणों को मजबूरी में गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर एक बोर से पानी लाना पड़ रहा है, जो भी निश्चित समय पर ही चालू होता है। गांव के आधे से ज्यादा लोग औद्योगिक क्षेत्र मनेरी में काम करते हैं, जिसके लिए उन्हें सुबह ही पानी का इंतजाम करके जाना पड़ता है।

**जल संकट से रुक गए रिश्ते :** ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सांसद निधि से एक और विधायक निधि से एक टैंकर मिला हुआ है, लेकिन पंचायत इन टैंकरों के माध्यम से भी पानी की व्यवस्था नहीं कर पा रही है। ग्रामीणों ने पंचायत पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव की कुछ महिलाओं ने बताया कि यह समस्या आज की नहीं है, बल्कि जब से उनकी शादी होकर वे गांव आई हैं, तब से यही समस्या है। कुछ महिलाओं ने तो यहां तक बताया कि जल संकट को देखते हुए रिश्ते आने भी बंद हो गए हैं, क्योंकि लोग कहते हैं कि आपके गांव में जल संकट है।

## आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने बताया कि वे कई वर्षो से पंचायत में आवेदन, निवेदन कर रहे है। वहीं विगत दिनों उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी समस्या से अवगत कराया, लेकिन इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यहां सिर्फ वोट की राजनीति है, वोट लेने के लिए आते है, इसके बाद यहां के लोगों से इनका कोई सरोकार नहीं है। ग्रामीण अब उग्र आंदोलन की तैयारी में हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का हल नहीं होता है तो वे आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बोर में अचानक से जलस्तर कम होने के कारण ऐसी स्थिति बनी है। जल जीवन मिशन की योजना पानी की टंकी पंचायत को हैंडओवर नहीं हुई है, वह पीएचई विभाग के हैंडओवर में है। इसकी जानकारी मैंने उच्च अधिकारी को दी है।

**बल सिंह उईके**
**सचिव, ग्राम पंचायत पोड़ी**

***************


हमने गांव का निरीक्षण किया है। सभी जगह जलस्तर कम होने की वजह से दिक्कत आ रही है। जो जलाशय के पास बोर है, उसमें पाइप और बढ़ाएंगे जिससे उसी बोर से व्यवस्थित नल-जल योजना की सप्लाई हो सके।

**गरिमा मरकाम**
**एसडीओ, पीएचई विभाग, निवास**

# 1 लाख 33 हजार रुपए का इनामी फरार शातिर चोर गिरफ्तार

**जागरण, रीवा।** गढ़ पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ सतना और रीवा जिले में अलग थाना में करीब 46 मामले में पंजीबद्ध थे। अपनी उम्र से कई गुना ज्यादा चोरी की वारदातों को आरोपी ने अंजाम दिया था। बीते वर्ष हुई कई चोरी की घटनाओं के संबंध में पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस अधिकारियों द्वारा इस शातिर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 1 एक लाख 33 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। शातिर चोर शीवेंद्र उर्फ सूरज गोंड पिता कन्हैयालाल गोंड 35 वर्ष की तलाश रीवा संभाग के कई जिलों की पुलिस कर रही थी। जिसके बाद गढ़ पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया गया है कि यह शातिर बदमाश अपनी गैंग के साथ रीवा संभाग के अलग-अलग जिलों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। अकेले रीवा जिले के अलग-अलग थाना में उसके खिलाफ 23 मामले दर्ज थे, जिसमे वह फरार था। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद गढ़ पुलिस ने घेराबंदी कर साइबर सेल की मदद से आरोपी शीवेंद्र गोंड को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान शिवेंद्र ने रीवा संभाग के अलग-अलग जिलों में अब तक तकरीबन आधा सैकड़ा से ज्यादा चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी का माल भी बरामद किया है, साथ ही इस गैंग में शामिल अन्य आरोपियों को पकड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है।

# किसानों को मित्र बनाएं, सम्मान दें और योजनाओं का लाभ दें : राजस्व मंत्री



**छतरपुर।** प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व विभाग अंतर्गत प्रकरणों एवं कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक छतरपुर ललिता यादव, विधायक बिजावर राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, चंद्रभान सिंह गौतम और प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित अनुभागों में एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने राजस्व प्रकरणों नामांतरण, बंटवाना और सीमांकन आदि की समीक्षा करते हुई राजस्व अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा किसान की हर शिकायत पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा शिकायत नहीं आए। किसानों को मित्र बनाए और उनका सम्मान करे एवं उनकी राजस्व संबंधी समस्याओं का समयसीमा में त्वरित निराकरण करे। राजस्व मंत्री ने पीएम और सीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए सभी पात्र किसानों को लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने साइबर तहसील अंतर्गत लंबित प्रकरणों को समयसीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी मामलों में आने वाली आपत्तियों की विशेष रूप से जांच करें। उन्होंने कहा कई बार आपत्तिया लोगों को परेशान करने के उद्देश्य से लगाने वाले पर भी कार्यवाही करे।राजस्व मंत्री ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व संहिता, नियम-कानूनों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। अधिकारी नियमों को स्पष्ट रूप से समझें और कंठस्थ करें। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को सम्मान दें, उनका सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण कार्य प्राथमिकता से एवं समय पर करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किसी किसान की एक भी शिकायत उनके पास आती है, तो संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी।

# आदिवासी न्याय महाभियान के तहत 15 से 30 जून तक चलेंगे जागरुकता शिविर

**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा धरती आमा ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत 15 जून से 30 जून 2025 तक विशेष जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन होने जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य राज्य के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में रह रहे पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना है। शिविर विकासखण्डों एवं ग्राम स्तर तक सभी जनजातीय हितग्राहियों तक उनकी पात्रता अनुसार लाभ पहुंचाने हेतु विशेष अभियान रूप में चलाया जाएगा। शिविरों में जनजातीय क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, छात्रवृत्ति, राशन कार्ड, आवास योजनाएं, पेंशन योजनाएं एवं कौशल विकास योजनाओं जैसी सरकारी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विभागीय योजनाओं के तहत आने वाले लाभार्थियों की पहचान कर, उन्हें इन शिविरों के माध्यम से लाभान्वित करें। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविरों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र जनजातीय परिवारों तक पहुंच सके। प्रदेश सरकार के इस संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके अंतर्गत हर अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाएं प्रभावी रूप से पहुंचाई जा रही हैं। बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी बैठक में अपने अपने विभाग से संबंधित प्रस्ताव जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना (डीएजेजीयूए) से संबंधित तैयार किए गए प्रस्ताव के अनुसार प्राप्त आवंटन, कार्य की प्रगति, लक्ष्य और उपलब्धि के सहित पॉवरप्वाइंट प्रजेन्टेशन में तैयार कर आगामी बैठक में उपस्थित हों।

# खेत तालाब खुदाई में हो रहा बुल्डोजर मशीन का इस्तेमाल

**लवकुशनगर।** लवकुशनगर जनपद में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में लाखों की लागत से खेत तालाब के निर्माण कार्य हो रहे हैं. इस योजना के तहत ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले गरीब लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना ही इसका उद्देश्य है. लेकिन, जनपद पंचायत लवकुशनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैरा में लाखों की लागत से बन रहे खेत तालाब के निर्माण कार्य में मजदूरों का उपयोग न करते हुए खुलेआम बुल्डोजर मशीन, ट्रैक्टर जैसे संसाधनों का उपयोग किया जा रहा हैं। पूरे देश में जल गंगा संवर्धन अभियान अपनी चरम सीमा पर कार्य कर रहा है, वही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस अभियान को लेकर ज्यादा सख्ती बरती हुई है लेकिन यह नियम छतरपुर जिले के लवकुशनगर जनपद अंतर्गत भैरा ग्राम पंचायत पर लागू होता नहीं दिखाई दे रहा है, मनरेगा में लगे हुए मजदूर हाथ पर हाथ रखकर बैठे है, वही सरकार ने मनरेगा में सौ दिन की रोजगार गारंटी योजना चलाई थी जिससे मजदूरों को बाहर पलायन न करना पड़े और अपने ग्राम में ही रोजगार उपलब्ध हो सके, लेकिन सरपंच,सचिव और रोजगार सहायक सरकार के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है। मशीनों का उपयोग कर मजदूरों की मजदूरी दबा कर अपना पेट भरने में लगे है। लगता है कि प्रशाशन की आंखों पर इस समय पट्टी बंध चुकी है जो उन्हें ये सब दिखाई नहीं दे रहा है जबकि पंचायतों में निर्माण कार्य सेक्टर उपयंत्री की देखरेख में होना चाहिए लेकिन साहब को सिर्फ काम से मतलब है चाहे मशीनो से ही क्यों न हो।

# लात-घूंसों व धारदार हथियार से युवक पर हमला

**जागरण, मंडला।** जनपद पंचायत भुआ बिछिया की ग्राम करंजिया, तहसील बिछिया अंतर्गत एक मामला प्रकाश में आया है जहाँ पर मोहन साहू पिता संजय साहू, पेशा ड्रायवरी दिनांक 12 जून, दिन गुरुवार के सुबह 10 बजे अपनी मोटर साईकिल से करंजिया पेट्रोल पंप जा रहा था, स्कूल के सामने रोड में पके आम गिरे थे, जिसे खाने के लिए मोटरसाईकिल खड़ी कर मोहन साहू ने आम उठाया। तभी आम के पेड़ पर चढ़ा व्यक्ति कबरुद्दीन मुसलमान ने मोहन साहू को गंदी गंदी गालियां देते हुए पेड़ से उतरकर मारने के लिए दौड़ा। मोहन साहू द्वारा गाली गलोच के लिए मना करने पर तुरंत ही कबीरउद्दीन अपने घर तरफ गया और अपने साथि मुसलमान फखरउद्दीन मुसलमान व कलीमउद्दीन को लेकर आया। मोहन साहू ने भी घबराकर बचाव में अपने साथियों रंजीत, नरेश साहु व अखिलेश साहु को बुलाया। उन्ही के सामने कबीरउद्दीन ने गदी गंदी गालिया



देते हुए अपने हाथ में रखे हुए धारदार फरसा से मोहन साहू पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे मोहन साहू के दाहिने माथे में भौ के उपर गहरी चोट लगने से खून बहने लगा। उसके बाद कबीरउद्दीन और उसके साथियों ने मोहन साहू को लात घुसो से मारपीट किए है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए करंजिया ग्राम के सभी साहू समाज पुलिस थाना बिछिया में पहुंच गए। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सचिन तेकाम, थाने पहुंचे और संबंधित अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस थाना क्षेत्र भुआ बिछिया में मामला दर्ज कराया गया। ग्राम करंजिया के निवासियों ने बताया कि कबीरउद्दीन और उसके साथी तथा परिवारजन हमेशा इसी तरह छोटी छोटी बातों में ग्रामवासियों को मारने काटने की धमकी देते हैं और हिंसा भी करते हैं, जिससे बार बार ग्राम की शांति भंग होती है। मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया है और घटना की जांच में जुटी है।

कबीरउद्दीन ने मुझ पर धारदार हथियार फरसे से जान लेवा हमला किया, जिससे मैं मरते मरते बचा फिर मेने बिछिया थाने में शिकायत की है।

**मोहन साहू,**
**पीड़ित, करंजिया बिछिया**

***************

कबीरउद्दीन और उसके साथी लगातार ग्रामवासियों के साथ हिंसात्मक व्यवहार करते हैं, जिससे ग्राम करंजिया में भय का माहौल बना रहता है।

**संजय साहू,**
**निवासी करंजिया बिछिया**

# सेवा भारती कन्या छात्रावास में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

**जागरण,मंडला।** सेवा भारती कन्या छात्रावास में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास की सभी छात्राओं एवं उपस्थित प्रतिभागियों को वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा महिला हेल्प लाईन नंबर 181 एवं चाइल्ड हेल्प लाईन नं. 1098 के बारे में छात्राओं को महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिये जागरूक करने हेतु समझाईश दी गई। साथ ही छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता का महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पीसीपीएनडीटी एक्ट गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन किस प्रकार किया जाये इसके बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही लिंग संवेदीकरण के प्रति जागरूक रह कर लिंग के प्रति हिंसा से दूर रहने की बात समझाई गई। इसके अलावा साईबर सुरक्षा अभियान चला कर लोगों को साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 के प्रति भी जानकारी दी गई। किस प्रकार सतर्क रह कर न सिर्फ हम स्वयं की सुरक्षा कर सकते हैं बल्कि अपने परिवार और आस पास के लोगों को भी समाज में जागरूक कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम के दौरान छात्रावास की अधीक्षिका भारती मसराम, दीपक रोहरा, जिला समन्वयक हरिकेश दुबे, गायत्री शक्ति पीठ के सदस्य एवं वन स्टॉप से केसवर्कर सुश्री आशा नंदा, श्रीमती साक्षी पटवा बहूउद्देशीय कार्यक्रर्ता हरीशंकर कछवाहा उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर विकास पटेरिया ने किया शारीरिक शोषण

## पीड़ित महिला ने लगाए गंभीर आरोप, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर।** नौगांव थाना क्षेत्र की एक युवती ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का दावा है कि आरोपी ने उसे धोखे में रखकर न केवल उसका शारीरिक शोषण किया, बल्कि गर्भपात भी कराया। अब आरोपी उसे अपने साथ रखने से इनकार कर उसे प्रताड़ित कर रहा है। ईशानगर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 24 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह करीब 6 साल पहले गौना करौला गांव के भूपेंद्र बुंदेला के साथ हुआ था। आपसी विवाद के कारण पिछले साल दोनों अलग हो गए, और विवाह विच्छेद का आवेदन नौगांव न्यायालय में विचाराधीन है। कुछ समय पहले उसकी दोस्ती नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा निवासी 25 वर्षीय लकी उर्फ विकास पटैरिया से हुई। पीड़िता का आरोप है कि लकी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दोनों 15 दिन तक साथ रहे और इसी दौरान वह गर्भवती हो गई थी, जिसके बाद लकी ने उसका गर्भपात करवाया। महिला ने बताया कि एक दिन लकी ने कहा कि उसके माता-पिता उसकी शादी कहीं और करना चाहते हैं, इसलिए हम मंदिर से विवाह कर लेते हैं। दोनों ने मंदिर में विवाह भी किया, लेकिन अब लकी अपने परिवार के दबाव का हवाला देकर उसे साथ रखने से इनकार कर रहा है। वह उससे लड़ाई-झगड़ा करता है, मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि लकी ने पैसों का लालच देकर उसकी मां और भाइयों को भी अपने पक्ष में कर लिया है। न्याय की उम्मीद में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर लकी उर्फ विकास पटैरिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उसने शारीरिक शोषण, मानसिक प्रताडना और धोखाधड़ी के लिए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# नौगांव विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया नियम विरुद्ध अटैचमेन्ट

**छतरपुर।** नौगांव विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी चंद्रा ने नियम विरुद्ध तरीके से एक प्राथमिक शिक्षिका का अटैचमेन्ट कर खुले आम नियमों की धज्जिया उड़ा दी। इतना ही नहीं उन्होंने चोरी ऊपर से सीना जोरी बाली कहावत को चरितार्थ करते हुए सबाल पूछने पर सीना ठोक कर कहा, की मेने डीईओ साहव से अनुमति लेकर ही शिक्षिका का अटैच मेन्ट किया हैं। वही दूसरी और जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर पी प्रजापति कहते हैं की किसी को भी शिक्षक या शिक्षिका का अटैचमेन्ट करने का अधिकारी नहीं हैं। इस गंभीर मामले मै बीईओ और डीईओ के विरोधाभासी बयानों से इतना तों तय हो गया हैं की जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रजापति का अपने अधीनस्थ कर्मचारियो पर कोई नियंत्रण नहीं हैं। अटैचमेन्ट को लेकर शासन के स्पष्ट दिशा निर्देश हैं की अध्यापन कार्य मै संलग्न किसी भी कर्मचारी को अटैच नहीं किया जा सकता।

# डिंडौरी में कांग्रेस ऑब्जर्वर बोले : निजी स्वार्थ के लिए भाजपा में गए कार्यकर्ता, जांच के लिए बनाएंगे 'राजनीतिक हस्तक्षेप समिति

## उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष चुनने के लिए पार्टी ने कुछ मानदंड तय किए हैं

जागरण, डिंडोरी

डिंडोरी में बुधवार दोपहर 12 बजे कांग्रेस पार्टी के नियुक्त पर्यवेक्षक और छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने रेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस की।उन्होंने बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए जिले के कार्यकर्ताओं से लगातार बैठक की जा रही है। साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर भी कार्यकर्ताओं की राय ली जा रही है। बंजारे ने कहा कि 9 जून से अब तक मेंहदवानी और शहपुरा ब्लॉक में कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के साथ बैठकें हो चुकी हैं। इनमें सभी की बात सुनी गई है।उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ जगहों पर कार्यकर्ता कम संख्या में आए, लेकिन पार्टी की गाइडलाइन है कि हर स्तर के कार्यकर्ता की राय जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में शाहपुरा सीट कांग्रेस पांच हजार वोटों से हारी थी, उसकी भी समीक्षा की जा रही है।बंजारे ने बताया कि वे 18 जून तक जिले के ब्लॉकों में जाकर कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे और 20 जून को भोपाल में होने वाली समीक्षा बैठक में सभी सुझाव रखेंगे। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष चुनने के लिए पार्टी ने कुछ मानदंड तय किए हैं- जैसे उम्मीदवार कम से कम छह साल से सक्रिय सदस्य हो, निष्ठावान और पार्टी के लिए समय देने योग्य हो।प्रेस कॉन्फ्रेंस में बंजारे ने यह भी कहा कि कुछ कार्यकर्ता निजी स्वार्थ या अवसरवादी कारणों से भाजपा में चले गए हैं। ऐसे मामलों की जांच और निर्णय के लिए अब जिला स्तर पर एक 'राजनीतिक हस्तक्षेप समिति' बनाई जाएगी।इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक पड़वार, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष राम जी संतोषी साहू और ब्लॉक अध्यक्ष जावेद इकबाल भी मौजूद रहे।

# प्रतिबंध के बावजूद हो रही थी बोरिंग, पुलिस ने जब्त की मशीन




**छतरपुर।** कलेक्टर द्वारा जिले में बोरिंग पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद बोरिंश मशीन संचालक बोर कर रहे हैं। बीते रोज सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कमला कॉलोनी में एक स्थान पर बोरिंग की जा रही थी, जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर मशीन को जप्त कर लिया। थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन किए जाने की सूचना पर मशीन को जप्त किया गया है। संबंधित मशीन को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# हमारे नाम पर लोन उठा फरार हो गया नटवरलाल, एसपी करें इंसाफ

## मंडला जिले के बिछिया, घुघरी और मवई विकास खंड के विभिन्न गांवों की आदिवासी महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**जागरण, मंडला।** मंडला जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में रहने वाली गरीब आदिवासी महिलाओं ने निजी फाइनेंस कंपनियों के एक एजेंट पर उनके साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगया है। इन महिलाओं ने मंडला पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपकर इन फाइनेंस कंपनियों की जांच कराने, एजेंट पर कार्रवाई करने और ठगी का शिकार हुई महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग की है। मंडला जिले के बिछिया, घुघरी और मवई विकास खंड के विभिन्न गांवों की सैकड़ों महिलाओं ने मंडला पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि बिछिया विकास खंड के ख़मरोटी ग्राम का रहने वाला फाइनेंस कंपनियों का एजेंट सुखचेन उद्दे उनके नाम पर लोन लेकर पैसे को खुद डकार गया।

## फाइनेंस कंपनियों के लोग हमें परेशान कर रहे



सैकड़ों की तादाद में गुरुवार को महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक के पास पहुंच कर अपनी आप बीती सुनाई। महिलाओं ने कहा हम लोगों के नाम पर लोन लेकर एजेंट सुखचेन उद्दे ने हमसे कहा कि आप लोगों की किस्त मैं भरूंगा, आप चिंता ना करें। लेकिन जब किस्त भरने की बारी आई तो वह फरार हो गया। कंपनी वाले हम लोगों को परेशान कर रहे हैं। सुखचेन किस्त भी नहीं दे रहा है। हम गरीब-मजदूर वर्ग की महिलाओं को गुमराह कर हमारे साथ धोखा किया गया है। सुखचेन उद्दे अपनी कार को स्क्र ऑफिस के सामने खड़ी करके फरार हो गया तो पुलिस ने उसकी कार को टोचन कर मंडला कोतवाली में जब्त कर लिया है. पुलिस उसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ग्रामीणों के अनुसार, ये फाइनेंस कंपनियां गांव-गांव जाकर महिलाओं को लोन देने का झांसा देती हैं. महिलाओं को कर्ज से जुड़ी शर्तों और प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। एजेंट दस्तावेजों पर हस्ताक्षर या अंगूठा लगवाकर कथित रूप से लोन स्वीकृत कर देते हैं। कुछ दिनों बाद कंपनियां अपने एजेंटों को वसूली के लिए गांव भेजती हैं, जो महिलाओं पर रकम चुकाने का दबाव बनाते हैं। शिकायत में कहा गया है कि कई फाइनेंस कंपनियों के एजेंट पूरे क्षेत्र में सक्रिय हैं। और अब तक सैकड़ों महिलाएं इनके जाल में फंस चुकी हैं.ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से इन कंपनियों की जांच कराने, एजेंटों पर कार्रवाई करने और ठगी का शिकार हुई महिलाओं को न्याय दिलाने की मांग की है. इसके साथ ही उन्होंने वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और लोन संबंधी प्रक्रिया को पारदर्शी व नियंत्रित करने की भी मांग रखी है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# रैपुरा थाना क्षेत्र में नकली सोना दिखाकर पैसों से भरा बैग लूटने वाले 04 शातिर लुटेरों को किया गया गिरफ्तार



## पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में पुलिम टीम ने विशेष अभियान चलाकर सूचना के 24 घण्टे के अंदर पकड़े 04 ठग लूटी हुयी 6 लाख नगदी एवं घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकिल की गई जब्त

**पन्ना।** पन्ना पुलिस ने रैपुरा थाना क्षेत्र मे नकली सोना दिखाकर पैसो से भरे बैग को लूटने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सम्पूर्ण राशि ?6,00,000 (06 लाख) की नगदी बरामद की गई है। पुलिस की यह कार्यवाही घटना स्थल के आसपास जंगलो में घंटों तक चले एक जटिल और साहसिक सर्च ऑपरेशन के बाद संभव हो सकी।

फरियादी विकास सोनी निवासी शाहगढ जिला सागर ने अपने बड़े भाई के साथ थाना रैपुरा आकर शिकायत दर्ज कराई कि कुछ अज्ञात व्यक्ति जिनसे हमारी मुलाकात कलेही माता दर्शन करने हेतु पवई जाते समय रास्ते पर हुई तब आरोपियों द्वारा बताया गया कि हमे घर की खुदाई मे 01 किलो सोने की पत्तियां मिली है जिसे हमे बेचना है, उक्त व्यक्तियो द्वारा मेरे से लगातार सम्पर्क किया एंव सोने की बिस्किट दिखाई जिनके झांसे मे आकर मै पैसो से भरा बैग लेकर दमोह रोड रैपुरा पहुंचा जहां मौका पाते ही 04 व्यक्तियो द्वारा हम पर हमला बोलकर पैसो से भरा बैग लूट ले गये है जिसमे ?6 लाख नगदी एवं व्यक्तिगत डाक्युमेंट्स थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा मे लूट का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो को सूचितकिया गया।

पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल पुलिस टीम गठित कर उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया जिस पर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना वन्दना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई आर.एम. दुबे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रैपुरा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया विशेष रूप से सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु विशेष ऑपरेशन चलाया गया। जिस पर जानकारी मिली कि आरोपी रीठी-शाहनगर तरफ घटना स्थल से सटे घने जंगल की ओर भाग निकले हैं। सूचना पाते ही पुलिस टीम ने रात के अंधेरे में जंगल में प्रवेश कर लगभग 05 से 06 घंटे तक लगातार सर्चिंग अभियान चलाया। इस बेहद चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन के बाद पुलिस टीम को उक्त आरोपियों के मोहन्द्रा के पास से 04 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किये जाने मे सफलता मिली है।

### जब्त सामग्री

1. लूटा हुआ बैग सहित 06 लाख रुपये नगदी।
2. बैग मे रखा ए.टी.एम कार्ड, आधार कार्ड, इत्यादि दस्तावेज।
3. घटना मे प्रयुक्त बिना नम्बर की मोटर सायइकिल जप्त की गई है।

### आरोपी


1. रज्जू पारधी उर्फ देवी सिंह पारधी उम्र 32 साल निवासी कुपना थाना शाहनगर पन्ना।
2. किन्तू बहेलिया पिता चैक बाबू बहेलिया उम्र 40 साल निवासी कुपना थाना शाहनगर पन्ना।
3. बलराम बहेलिया पिता बलराज बहेलिया उम्र 26 साल निवासी कुपना थाना शाहनगर पन्ना।
4. विकाश गौड़ पिता मोहन गौड़ निवासी ग्राम चौपरा थाना शाहनगर जिला पन्ना।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव एवं थाना स्टाफ सहित सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा है।

पुलिस अधीक्षक पन्ना ने कार्रवाई में सम्मिलित टीम की सराहना करते हुए 10 हजार रुपये के नगद इनाम से पुरष्कृत किये जाने की घोषणा की गई। एवं कहा कि जिले में आम जनता की मेहनत की कमाई को ठगने/लूटने वाले ऐसे गिरोहों के लिए कोई जगह नहीं है। पन्ना पुलिस पूरी सख्तीऔर प्रतिबद्धता से अपराध के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

# विधायक के प्रयासों से मिली विद्युत सब स्टेशन की सौगात

**पन्ना।** पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टिकुरिहा एवं लक्ष्मीपुर में विद्युत सब स्टेशन की सौगात मिली है। इससे धरमपुर, बृजपुर एवं रमखिरिया क्षेत्र में भी विद्युत की लो वोल्टेज एवं पॉवर कट की समस्या से निजात मिलेगी। क्षेत्रीयजनों की मांग पर विधायक श्री सिंह ने विधानसभा में विद्युत सब स्टेशन की मांग ऊर्जा मंत्री के समक्ष रखी थी। विद्युत सब स्टेशन की मांग पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों ने स्थानीय विधायक का आभार जताया है। चार करोड़ 23 लाख रूपए की लागत से उक्त दोनों विद्युत सब स्टेशन का निर्माण होगा। इसके अतिरिक्त पूर्व मंत्री एवं विधायक द्वारा रूंझ बांध से विस्थापित आदिवासी बाहुल्य परिवारों की नवीन बस्ती आरामगंज एवं विश्रामगंज में भी विद्युतीकरण के संबंध में प्राक्कलन व तकनीकी स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।



## खेल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल पुरस्कार 2025 के तहत एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आगामी 15 जून से 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2025 की अवधि में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किए जाएंगे। समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित साहसिक खेलों में भी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पुरस्कार के लिए पात्रता, राशि व अन्य शर्तों का अवलोकन विभाग की वेबसाइट पर किया जा सकता है। वेबसाइट पर दी गई लिंक अथवा अनुदान एप के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन उपरांत आवेदक को आवेदन की प्रति के साथ खेल प्रमाण पत्र और अन्य अभिलेख की छायाप्रति जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय पन्ना अथवा टीटी नगर स्टेडियम भोपाल स्थित संचालनालय में अंतिम तिथि तक जमा कराना अनिवार्य है।

## नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए मतदान 7 जुलाई को

**पन्ना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध) अंतर्गत 31 मार्च 2025 की स्थिति में रिक्त पार्षद पद के लिए उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके तहत पन्ना जिले की नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में पार्षद पद का उप निर्वाचन भी कराया जाएगा। जारी उप निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार आगामी 16 जून को सुबह 10:30 बजे निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ रिटर्निंग अधिकारी द्वारा उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 जून को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा का कार्य 24 जून को होगा, जबकि 26 जून को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थिता से नाम वापिसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरांत इसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। आवश्यक होने पर सोमवार, 7 जुलाई को निर्धारित किए गए मतदान केंद्रो पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणाम की घोषणा गुरूवार, 10 जुलाई को सुबह 9 बजे से की जाएगी।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक 19 जून को

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की जनवरी से मार्च 2025 त्रैमास की बैठक गुरुवार, 19 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शमा बानो द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

## जागरुकता गतिविधियों एवं सेचुरेशन शिविर के संबंध में टाउन हाल में प्रशिक्षण आज

**पन्ना।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत पन्ना जिले के चिन्हांकित 108 ग्रामों में निवासरत जनजातीय समुदाय को विभिन्न योजनाओं में शत-प्रतिशत हितग्राहीवार सेचुरेशन के उद्देश्य से 15 से 30 जून तक शिविर लगाए जाएंगे। इसके जरिए हितग्राहियों को भारत सरकार की योजनाओं जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास, समग्र ई-केवायसी, 70 से अधिक उम्र के हितग्राहियों का आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धा, विकलांग एवं विधवा पेंशन, मनरेगा के तहत रोजगार, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, मातृत्व वंदना योजना, टीकाकरण के लाभ सहित सिकल सेल रोग परीक्षण का लाभ भी मिल सकेगा। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने बताया कि अभियान में जागरूकता व शिविर के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य से शनिवार, 14 जून को सुबह 11 बजे टाउन हाल पन्ना में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। इसमें संबंधित विभाग द्वारा ड्यूटी लगाए गए कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जरूरी जानकारी और दिशा निर्देशों के साथ प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में विकासखण्डवार एवं ग्राम पंचायतवार शिविर स्थलों का निर्धारण किया जा चुका है। शिविर में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता, आजीविका मिशन के कर्मचारियों सहित कृषि एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

## अनुपस्थित भृत्य को कर्तव्य पर उपस्थित होने के निर्देश

**पन्ना।** शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पन्ना में पदस्थ भृत्य अनुराग पिपले को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल कर्त्तव्य पर उपस्थित होने बावत् निर्देशित किया गया है। भृत्य श्री पिपले एक फरवरी 2025 से संस्था में अनुपस्थित हैं। पूर्व में भृत्य की उपस्थिति के संबंध में विद्यालय प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निवास के पते 1/47-1/बीडीए कॉलोनी, अमरावत खुर्द, अवधपुरी भोपाल के पते पर भी पत्राचार किया गया था, लेकिन भृत्य द्वारा पदांकित संस्था में अब तक अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई गई है।

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत पवई में समन्वय बैठक आयोजित

**पवई ।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद शिक्षा केंद्र पवई में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकासखंड के 13 जन शिक्षा केंद्रों के प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के नोडल अधिकारी शामिल हुए। यह बैठक जिला साक्षरता अधिकारी रमाकांत खरे के निर्देशन में तथा जिला प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। पवई विकासखंड साक्षरता सह-समन्वयक रमेश प्रजापति एवं स्त्रोत समन्वयक राजेश पटेल के नेतृत्व में बैठक का सफल संचालन हुआ।



बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भारत सरकार की साक्षरता योजना के तहत 2011 की जनगणना के अनुसार अशिक्षित व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें अक्षर साथी के माध्यम से साक्षर बनाया जाए। साथ ही पढ़े-लिखे नागरिकों, निजी विद्यालयों और सामाजिक संगठनों को अभियान से जोड़ते हुए नियमित कक्षाएं संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में रघुबीर तिवारी, श्रीकांत पटेल, मुकेश पाठक, कपिल बागरी, रामभगत द्विवेदी, दिवाकर पांडेय, रेखा नगायच सहित सभी जन शिक्षक, सह-समन्वयक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# भारतीय मजदूर संघ ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया कलेक्टर को ज्ञापन

## जिले को प्रदूषण से बचाने की मांग भारतीय मजदूर संघ ने दिया ज्ञापन

**छतरपुर।** जिले में बढ़ते प्रदूषण एवं उसकी रोकथाम के उपाय करने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ जिला छतरपुर द्वारा एक ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख अशोक पटेरिया एवं जिला मंत्री डॉ0 राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में छतरपुर कलेक्टर को सोपा गया। जिसमें जिले में बढ़ रहे प्रदूषण की जानकारी के साथ ही उसको रोकने का आग्रह किया गया। दिए गए ज्ञापन का वाचन करते हुए जिला मंत्री डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया की,पर्यावरण प्रदुषण की समस्या भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदुषण के कारण मनुष्य को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, पर उसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है, इस कारण वातावरण का तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गया, इससे कई प्रकार की समस्या आई। सही प्रकार से तालाबो का संरक्षण न होना और उनके संरक्षण न हो पाने के कारण भू-गर्भिय जल स्तर नीचे जाने लगा है। इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। भारतीय मजदूर संघ इस ज्ञापन के माध्यम से आपसे यह मांग करता है कि जिले में होने वाले सभी प्रकार के प्रदुषणों पर विशेष ध्यान देते हुए इसके रोकथाम हेतु तत्काल उपाय किये जाय, साथ ही निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। वायु प्रदुषण पर विशेष ध्यान दिया जाय, एवं इसे कम करने हेतु उचित उपाय किये जाय, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर न हो, साथ ही सभी प्रमुख शहरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदुषण का स्तर दशनि वाला इलेक्ट्रानिक बोर्ड लगवाया जाय। नदी, नालों के पानी को प्रदुषित होने से बचाने हेतु उचित उपाय किये जाय। अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाय, एवं वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाय। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों के बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाय। जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास, सरकारी एवं निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में रूफटाप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से वर्षा के जल को भू-जल में रिचार्ज करने की नियमानुसार व्यवस्था की जाय। शहरों से निकलने वाले कचड़ो के प्रबंधन की नियमानुसार उचित व्यवस्था की जाये। ज्यादा प्रदुषण फैलाने वाले उद्योगों पर कड़ी कार्यवाही की जाय। ध्वनी प्रदुषण से स्वास्थ्य पर कई प्रकार की समस्या आ रही है, इसके रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिले के नगर छतरपुर के मध्य में स्थित प्रताप सागर तालाब और किशोर सागर तालाब के चारों ओर से अतिक्रमण कै हटाया जाए तथा सीवेज का पानी उसमें छोड़ने से तलाव अत्यधिक प्रदूषित है तथा उसमें मिलने वाले सीवेज के पानी को मिलने से रोकने हेतु कड़ी कार्रवाई की जावे। जिले में स्थित नदी नालों ल से अवैध निर्माण हो रहा है उन्हें मुक्त कराया जाए। ध्वनि प्रदूषण रोकथाम हेतु आवश्यक कारयवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख अशोक पटेरिया, जिला मंत्री डॉ राजेंद्र सिंह, विद्युत महासंघ अध्यक्ष विनोद सैनी , उपाध्यक्ष अनिल सेन, कार्यालय मंत्री अरविंद गौतम, नरेंद्र चतुर्वेदी , अरविंद विंदुआ, उपाध्यक्ष अर्चना साहू, सह मंत्री राजेंद्र चौरसिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग के लिए 24 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जी, नीट एवं क्लैट की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण एवं वर्तमान में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके तहत भोपाल में जी प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग के लिए 400 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसी तरह इंदौर में नीट तथा जबलपुर में क्लैट प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग के लिए 200-200 विद्यार्थियों का चयन कर दो वर्ष की निःशुल्क कोचिंग के साथ आवासीय सुविधा, पुस्तकें एवं स्टेशनरी, टेबलेट एवं अध्ययन के लिए इंटरनेट व डाटा प्लान की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी। कोचिंग संस्था द्वारा प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों को एमपी टॉस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी है।

जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने बताया कि आवेदक को अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य होने के साथ मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना भी आवश्यक है। आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 8 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। इस संबंध में हाईस्कूल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विभागीय विशिष्ट आवासीय संस्थाओं के प्राचार्यों व सीनियर एवं उत्कृष्ट छात्रावासों के अधीक्षकों को भी विद्यार्थियों को योजना की जानकारी प्रदान कर अधिकाधिक संख्या में आवेदन कराने के लिए निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा गैर आदिवासी जिलों से न्यूनतम 200 विद्यार्थियों के आवेदन के निर्देश दिए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या पर टोल फ्री नंबर 1800-2333-951 पर संपर्क किया जा सकता है।

# विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर डिंडोरी में जनजागरण अभियान आयोजित

**जागरण डिंडोरी।** विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला श्रम पदाधिकारी कार्यालय डिंडौरी द्वारा एनजीओ प्रदीपन के सहयोग से बालश्रम जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य जिले में बालश्रम के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। अभियान के तहत जिला श्रम विभाग की टीम एवं एनजीओ प्रदीपन के सदस्यों ने संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों, दुकानों और निर्माण स्थलों का भ्रमण कर वहां कार्यरत बच्चों की जानकारी ली तथा संबंधित प्रतिष्ठानों को बालश्रम कानूनों की जानकारी दी। साथ ही, बालश्रम में संलिप्त बच्चों के पुनर्वास व शिक्षा हेतु शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अभियान के दौरान नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शन, जनसंवाद और पम्पलेट वितरण जैसे माध्यमों से आमजन को यह संदेश दिया गया कि बालश्रम न केवल एक कानूनी अपराध है बल्कि यह बच्चों के भविष्य को अंधकारमय भी बनाता है। लोगों को बताया गया कि 14 वर्ष से कम




उम्र के बच्चों से श्रम कराना कानूनन प्रतिबंधित है और दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान मालिकों पर दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। इस अवसर पर 'जिला श्रम पदाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा शिक्षा पाए, सम्मान के साथ जीवन जिए और उसका बचपन सुरक्षित रहे। एनजीओ प्रदीपन के प्रतिनिधियों ने भी बालश्रम उन्मूलन के लिए समुदाय की भूमिका पर बल दिया और लोगों से आह्वान किया कि बालश्रम की किसी भी घटना की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें। अभियान में स्कूलों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग समेत कई अन्य विभागों की सहभागिता रही। जनजागरण अभियान को स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सराहा और बालश्रम उन्मूलन में सहयोग देने का संकल्प लिया।

# ग्राम पठा में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र को मंजूरी

## विधायक अरविंद पटैरिया की पहल से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति होगी सुदृढ़

**छतरपुर।** राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया के अथक प्रयासों से उनकी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पठा में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। यह उपकेन्द्र छतरपुर जिले का एकमात्र 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र होगा, जो क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को मजबूत करने और ग्रामीणों की बिजली समस्याओं को हल करने में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक अरविंद पटैरिया ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा, ग्राम पठा में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना राजनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम है। हमारी सरकार और मैंने हमेशा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी है। यह उपकेन्द्र न केवल पठा, बल्कि आसपास के गांवों में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। इससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिलेगी, घरेलू उपयोग की समस्याएं कम होंगी और छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मैं इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार, ऊर्जा विभाग और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग से यह संभव हुआ। हमारा संकल्प है कि राजनगर का हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े। इस दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं, और जल्द ही इस उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू होकर क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। ग्राम पठा और आसपास के ग्रामीणों ने इस स्वीकृति के लिए विधायक अरविंद पटैरिया का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक की मेहनत और समर्पण से क्षेत्र में बिजली की पुरानी समस्याओं का समाधान होगा और ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।

# बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यक्रम बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक : राजीव अकोटकर





## बालिका सशक्तीकरण अभियान जेम 25 का समापन

**जागरण, शक्तिनगर**

एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा अपने प्रमुख नैगम सामाजिक दायित्व सीएसआर कार्यक्रम बालिका सशक्तीकरण अभियान जेम 25 के सफल समापन का आयोजन किया गया। यह मिशन आसपास के क्षेत्रों की सरकारी स्कूलों की 120 बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु 18 मई से प्रारंभ हुआ था जिसका समापन समारोह आज एनटीपीसी सिंगरौली परिसर में स्थित मनोरंजन केंद्र सभागार में उत्साहपूर्वक मनाया गया। एक माह तक चलने वाले इस जेम कार्यक्रम के तहत छात्राओं को शैक्षणिक विषयों के साथ.साथ अंग्रेजी भाषा कंप्यूटर शिक्षा पर्यावरण अध्ययन योग नृत्य आत्मरक्षा कला एवं शिल्प संवाद कौशल और नैतिक मूल्यों की ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित किया गया। समापन समारोह के दौरान बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं जिनमें पारंपरिक नृत्य नाट्य प्रस्तुति और सामुहिक गीत शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली ने बालिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान जेम कार्यक्रम बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए सहायक सिद्ध होते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से हम न केवल बालिकाओं के आत्मविश्वास और प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं बल्कि उन्हें नेतृत्व टीमवर्क और संवाद कौशल जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं से भी सुसज्जित करते हैं। ऐसे प्रयास समाज में लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करते हैं और एक समावेशी एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस संदर्भ में वनिता समाज शक्तिनगर की अध्यक्षा श्रीमती पीयूषा अकोटकर ने भी बालिकाओं को प्रेरित करते हुए शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली हमेशा बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्पबद्ध रहेगा। बता दें कि जेम मिशन भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ् योजना के अनुरूप लड़कियों को समान अवसर और सशक्त मंच प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। अब तक यह कार्यक्रम





देशभर के कई एनटीपीसी परियोजना स्थलों पर 10,000 से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित कर चुका है। एनटीपीसी सिंगरौली सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित होकर शिक्षा सशक्तिकरण और समानता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ऐसे प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुग्रह मिश्र उप प्रबंधक मानव संसाधन एवं इसकी रूपरेखा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मानव संसाधन द्वारा की गई। श्री कुमार आदर्श ने बालिका सशक्तिकरण अभियान के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। इस कार्यक्रम में ई.सत्य फनी कुमार कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी विंध्याचल श्रीमती सरोजा फनी कुमार अध्यक्षा सुहासिनी संघ एनटीपीसी विंध्याचल श्रीमती शिखा श्रीवास्तव अध्यक्षा वर्तिका महिला मंडल एनटीपीसी रिहंद तथा सिंगरौली परियोजना के जोसेफ बास्टियन महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डॉ एस के सिंह महाप्रबंधक मेडिकल सर्विसेज़ पीयूष श्रीवास्तव महाप्रबंधक रसायन विभाग रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएं अजीत कुमार सिंह महाप्रबंधक मेकैनिकल मेंटेनेंस सिद्धार्थ मंडल अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन यूनियन एवं एसोशिएशन के मानद प्रतिनिधिगण विद्यालय के प्राचार्य स्थानीय ग्राम प्रधान एवं जेम 25 की बालिकाओं के अभिभावक जन आदि उपस्थित रहे। जेम की सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की सफल पूर्णता के उपरांत विदाई से पूर्व उपहार भेंट किए गए।

# सूखे कुएं में उतरते समय होने वाली दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु एडवाईजारी जारी

**जागरण, बैढ़न।** क्षेत्रिय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जानकारी देते हुयें अवगत कराया है कि प्रदेश के कई स्थानों में सूखे कुएं में उतरने से नागरिकों के मौत संबंधित दुर्घटनाएं को मध्य नजर रखते हुए मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्यालय भोपाल द्वारा सूखे कुएं में उतरने के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानी तथा कुएं में उतरने से होने वाली कई तरह की दुर्घटनाओं के संबंध में जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी के अनुसार सूखे कुएं में उतरने से कई तरह की दुर्घटना हो सकती हैं जिनमें सूखे कुएं में उतरने से जहरीली गैस जिनमे कार्बन मोनोक्साईड मिथेल कार्बन डाई आक्साईड आदि गैसो के सम्पर्क में आने से बेहोसी घुटन एवं मृत्यु होने की संभावनाअक्सीजन की कमी एवं पानी का आचानक भर जना जैसी घटनायें शामिल है। जारी निर्देश अनुसार कुए में उतरने से पहले लालटेन के माध्यम से कुए के अंदर स्थित गैस का जायजा ले यदि लालटेन बुझ जाता है तो इसका मतलब है कि कुए में आक्सीजन की कमी या जहरीली गैस हो सकती है। बिना उचित प्रशिक्षण एवं सुरंक्षित उपकरणो के कुए में उतरने का प्रयास न करे तत्काल मदद के लिए आपातकालीन सेवाओं को सूचित करे। कुए के आस पास के क्षेत्र को खाली कराए ताकि अन्य लोग खतरे में न पड़े। दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को सुरंक्षित रूप से कुए से बाहर निकालने के लिए उचित तकनीको का उपयोग करे। साथ ही तत्काल ही प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करे। बचाव के दौरान ध्यान रखे कि इस कार्य में समय लगता है अपनी जान जोखिम में न डाले। सूखे कुए में दुर्घटना होने पर सबसे पहले आपातकाली सेवाओं को बुलाए प्रशिक्षित बचाव दल की प्रतिक्षा करना सबसे उचित कदम है। अपनी सुरंक्षा को प्राथमिकता देना और बचाव दल के निर्देशो का पालन करना महत्वपूर्ण है ताकि दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को सुरंक्षित रूप से बचाया जा सके।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में 15 से 30 तक शिविरों का किया जायेगा आयोजन

**जागरण, बैढ़न।** भारत सरकार के निर्देशानुसार आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ किया गया ह जिसके तहत जनजातीय समुदायों के हितग्राहीवार सर्वांगीण विकास के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आगामी 15 से 30 जून तक जनजागरूकता गतिविधियों एवं शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं के लाभ से लाभांवित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। सिंगरौली जिले के तीनो विकास खण्डो जिनमें विकास खण्ड बैढ़न विकास खण्ड के 36 ग्राम विकास खण्ड देवसर के 164 तथा विकास खण्ड चितरंगी के 90 ग्राम अभियान में शामिल हैं। इन ग्रामों में निवासरत लोगों को निर्धारित तिथि में आयोजित शिविरों के जरिए लाभ प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह के देखरेख मे आयोजित होने वाले शिविरो के जरिए पात्र हितग्राहियो का आधार कार्ड राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र किसान क्रेडिट कार्ड पीएम किसान सम्मान निधि जनधन बैंक खाता प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना प्रधानमंत्री आवास समग्र ई.केवायसी 70 से अधिक उम्र के हितग्राहियों का आयुष्मान भारत कार्ड वृद्धावस्था दिव्यांग एवं विधवा पेंशन मनरेगा के तहत रोजगार मुद्रा लोन पीएम विश्वकर्मा मातृत्व वंदना योजना टीकाकरण तथा सिकल सेल रोग परीक्षण किया जायेगा। शिविर के माध्यम से इन ग्रामों मे निवासरत अनुसूचित जनजाति के परिवारों के सदस्यों को शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जायेंगा।

# पिता वह नींव हैं जिन पर हमारा वर्तमान और भविष्य खड़ा होता है : सुमन शर्मा

## नगर निगम लेडीज़ क्लब सिंगरौली ने फादर्स डे पर किया पिताओं को समर्पित भावपूर्ण आयोजन

**जागरण, बैढ़न।** नगर निगम लेडीज़ क्लब सिंगरौली द्वारा फादर्स डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात क्लब की सदस्याओं द्वारा पिताओं को समर्पित गीत कविताएँ और हृदयस्पर्शी नाट्य प्रस्तुतियाँ दी ।बच्चों द्वारा किए गए विशेष डांस और कविता पाठ ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। आयोजन के दौरान विशेष रूप से पिता छाया भी छत भी् विषय पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने सबके मन को छू लिया। जिसमें क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा के नेतृत्व में पिताओं को समर्पित इस समारोह ने एक भावनात्मक छाप छोड़ी। कार्यक्रम में



बच्चों ने अपने पिताओं के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। भावपूर्ण गीत नृत्य और कविताओं ने उपस्थित जनों की आँखों को नम कर दिया। क्लब की ओर से सभी पिताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। क्लब अध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा ने अपने इस अवसर पर कहा कि पिता वह नींव हैं जिन पर हमारा वर्तमान और भविष्य खड़ा होता है। यह दिन हमें उनके संघर्ष और प्रेम को याद दिलाता है। कार्यक्रम के पश्चात स्वादिष्ट जलपान और मिलन समारोह ने आयोजन को और भी आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम की मेज़बानी बड़े ही गरिमापूर्ण ढंग से नेहा खत्री ने की जिनकी ऊर्जा और स्नेहिल प्रस्तुति ने समस्त आयोजन में चार चाँद लगा दिए। इस सुंदर आयोजन में क्लब की सक्रिय सदस्य सुमन पांडेय रेनू सिंह मीना बैस अंजू गोस्वामी मनीषा तिवारी गरिमा तिवारी अर्चना इला साहू शशि द्विवेदी अलमा सिंह दुर्गा सिंह श्रेया तिवारी जागृति सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# जेसीबी मशीन से किया जा रहा था मिट्टी ढीला

## उपसरपंच ने लगाया अनियमितता का आरोप, सरपंच ने दी सफाई

**जागरण, चितरंगी।** ग्राम पंचायत बहेरी में मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन अमृत सरोवर तालाब को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। उपसरपंच अंकुश चतुर्वेदी ने निर्माण कार्य में अनियमितता और मनरेगा नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि मजदूरों की जगह जेसीबी से लेवल कठोर मिट्टी खुदाई में मशीनों का उपयोग कर मिट्टी को ढीला किया जा रहा है जिससे मनरेगा श्रमिकों का हक मारा जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि जब उन्होंने इस विषय पर आपत्ति जताई तो उन्हें धमकाया गया और मारपीट की गई। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर को आवेदन पत्र सौंपते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**सरपंच की सफाई :** ग्राम पंचायत की सरपंच ने उपसरपंच के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि अमृत सरोवर के निर्माण के प्रारंभिक चरण में उच्च मिट्टी की ढुलाई मशीनों से की गईए जो स्वीकृत एस्टिमेट के अनुरूप है। शेष कार्य पंजीकृत मनरेगा श्रमिकों से कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंचायत में किसी भी कार्य को ठेकेदारी प्रथा के तहत नहीं किया जा रहा है और मारपीट के आरोपों की सच्चाई नहीं है। सरपंच के अनुसार उपसरपंच ने स्वयं बाद में माना कि उनके साथ कोई मारपीट नहीं हुई।



**प्रशासन की प्रतिक्रिया :** जनपद पंचायत चितरंगी के सीईओ ने बताया कि मिट्टी को ढीला करने के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया जो कि स्वीकृत प्रावधानों के तहत वैध है। अमृत सरोवर योजना केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस योजना की पारदर्शिता और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

# मछली मारने पर 16 जून से 15 अगस्त तक रहेगा प्रतिबंध

**जागरण, बैढ़न।** वर्षाकाल का आरंभ मछलियों का प्रजनन काल होता है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला ने जिले के सभी जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक मछली मारने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। इस अवधि में मछली का शिकार विनिमय तथा परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर एक वर्ष के कारावास अथवा पांच हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा। प्रतिबंध की अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करे। यह प्रतिबंध छोटे तालाब अथवा अन्य ऐसे जल स्त्रोत पर लागू नहीं होगा जिसका संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है।

# जिला पुर्नवास केन्द्र द्वारा श्रृंगी ऋषि वृद्धा आश्रम मे 7 बुजुर्गों को सहायक उपकरणों का किया गया वितरण

**जागरण, बैढ़न।** जिला पुर्नवास केन्द्र सिंगरौली द्वारा आज श्रृंग ऋषि वृद्धा आश्रम बरगवा में पहुचकर वृद्धा आश्रम निवास करने वाले 7 बजुर्गो के 8 सहायक उपकरणो का वितरण किया गया। जिला पुर्नवास केन्द्र के सदस्यो द्वारा 1 नग श्रवण यंत्र 1 नग बैसाखी तथा 6 नग स्टीक का वितरण किया गया। किट वितरित करके बुजुर्गों की सहायता करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह पहल समुदाय में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के उनके चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। श्रवण यंत्रों का उद्देश्य श्रवण दोष वाले लोगों की सहायता करना हैए जबकि बैसाखी



तथा स्टीक का उपयोग उनके स्वास्थ्य की अधिक प्रभावी ढंग से निगरानी और प्रबंधन मे सहायक होगा। इस दौरान जिला पुर्नवास केन्द्र के अजय सिंह व श्याम बाबू यादव उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक श्रीमती चारूलता पहुंची मंडला

**जागरण, मंडला।** कांग्रेस में संगठन सृजन की कवायद जारी है। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक श्रीमती चारूलता टोकस जी मंडला पहुंची। उन्होंने यहां वन विश्राम गृह में आयोजित पत्रकारवार्ता में अच्छा काम कर रहे कार्यकर्ताओं को संगठन सृजन में महत्व दिया जाएगा। अच्छे लोगों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में 5 दिन रहकर कांग्रेस के सभी 15 ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनकी राय ली जाएगी। जिले में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन का सृजन किया जाना है। उन्होंने स्पष्ट किया गया कि चयन में उम्र को लेकर की जा रहीं बातें गलत हैं। उम्र का कोई बंधन नहीं है और अच्छा काम करने वालों की उपेक्षा नहीं की जाएगी। पत्रकारवार्ता में बैतूल के पूर्व विधायक प्रदेश पर्यवेक्षक निलय डागा जी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष एड राकेश तिवारी, जिला संगठन प्रभारी श्रीमती किरण अहिरवार, सह संगठन प्रभारी समीर खान,निवास विधायक विधायक चैन सिंह बरकड़े, पूर्व विधायक प्रो संजीव उईके,पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त गुलाब सिंह उईके,आदि मौजूद रहे। जिला कांग्रेस कमेटी मंडला के द्वारा बुधवार की दोपहर कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक में श्रीमती चारूलता टोकस जी ने कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर तक मजबूत करने लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे।

# अमृत हरित अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

**जागरण, बैढ़न।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में अमृत हरित अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के समस्त नगरीय



निकायों के प्रतिनिधि हिस्सा लिया। कार्यशाला में नगर पालिक निगम सिंगरौली का प्रतिनिधित्व नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा किया गया। वही नगर पालिक निगम सिंगरौली के अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में कार्यशाला का लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से सीधी प्रसारण किया गया। इस दौरान नगर पालिक निगम सिंगरौली के उपायुक्त आरपी बैस सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय दिनेश तिवारी सामाजसेवी डॉ.डी.के मिश्रा उपयंत्री पी.के सिंह प्रभारी अधिकारी नवजीवन विहार संतोष तिवारी सीटी मिशन मैनेजर कृष्ण पटेल पवन मिश्रा सहित आम जन मानस उपस्थित रहे।

# आधुनिक खेती के लिए किसानों को उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए जागरूक करें : चन्द्र शेखर


## कलेक्टर ने की कृषि आदानों की समीक्षा

**जागरण, बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कृषि आदानों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। खेती के बेहतर होने से अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं। खेती के साथ.साथ किसानों को पशुपालन मुर्गीपालन और मछलीपालन से जोड़कर उन्हें आर्थिक विकास का अवसर दें। इसके लिए फसलवार वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करें। विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से मिले सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। समन्वित प्रयासों से ही खेती बेहतर होगी।




कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा फसल विविधीकरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। किसानों को आगामी फसल में धान के साथ साथ दलहन और तिलहनी फसलों की पैदावार करने के लिए प्रेरित करें। इनके रकबे में वृद्धि करने के लिए आवश्यक उपाय करें दलहन तथा तिलहन फसलों के उन्नत बीज किसानों तक पहुंचाएं। किसानो को उद्यानिकी फसलों की पैदावार करने के लिए प्रेरित करे। उन्होने कहा कि जिले के कई किसान सब्जी और फलों की अच्छी खेती कर रहे हैं अच्छा लाभ प्राप्त कर रहे है अन्य किसानों को भी उद्यानिकी फसलों से जोड़ें। कलेक्टर कृषि आदान तथा कृषि संबद्ध विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि किसानो को खाद की कमी न होने पाये इसकी लगातार मानीटरिंग किया जाये साथ किसानो को डीएपी के स्थान पर एनपीके का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाये। संबंधित अधिकारी जिले में खाद बीज की उपलब्धता और वितरण पर भी लगातार निगरानी रखें। बैठक में कलेक्टर ने कृषि उपज मण्डी में बेहतर साफ सफाइ कराने के साथ मण्डी की रैंकिंग में सुधार कराने के निर्देश दिए। साथ ही बीज निगम द्वारा बीजों के प्रमाणीकरण एफपीओ द्वारा तैयार बीजों के प्रमाणीकरण एवं मोटे अनाजों की खेती के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी उप संचालक उद्यानिकी एच.एल निमोरिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौतम गंभीर की मां को आया हार्ट अटैक, स्वदेश लौटे



**बेकेनहैम (ब्रिटेन), जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर शुक्रवार को स्वदेश लौट आए, क्योंकि उनकी मां सीमा गंभीर को स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सूत्र ने बताया कि गंभीर को अपनी मां को देखने के लिए वापस लौटना पड़ा, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है और वह इस समय नई दिल्ली के एक अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती हैं। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा, गौतम की मां को बुधवार को दिल का दौरा पड़ा था। वह और उनका परिवार गुरुवार को भारत के लिए रवाना हुए और वे दिल्ली पहुंच गए हैं। गंभीर की अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे भारत और भारत-ए के बीच अभ्यास मैच के दौरान मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली। उन्हें गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक जैसे अन्य कोचिंग स्टाफ से सहायता मिलेगी। अगर गंभीर के घर पर सब कुछ ठीक रहा तो उनके एक सप्ताह के भीतर इंग्लैंड लौटने की उम्मीद है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, उनकी मां की स्थिति में सुधार दिख रहा है, हालांकि वह अभी आईसीयू में हैं। पूरी संभावना है कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह शुरुआती टेस्ट (20 जून से शुरू होने वाला) से पहले वापस ब्रिटेन आ जाएंगे।

# मार्कराम का शतक, जीत से 69 रन दूर दक्षिण अफ्रीका

### डब्ल्यूटीसी फाइनल : ऑस्ट्रेलिया ने दिया 282 रन का लक्ष्य, दक्षिण अफ्रीका के 213 रन पर दो विकेट




**लंदन, जेएनएन।**

सलामी बल्लेबाजी एडेन मार्कराम (नाबाद 102) के शतक और कप्तान तेंबा बवूमा (नाबाद 65) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को जीत के लिए 282 रन का पीछा करते हुए तीसरे दिन स्टंप तक अपनी दूसरी पारी में 56 ओवर में दो विकेट पर 213 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका अब जीत से 70 रन दूर है और उसके आठ विकेट शेष है। मार्कराम और बवूमा के बीच नाबाद 143 रन की साझेदारी हो गई है। दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया को दोनों सफलता मिचेल स्टार्क ने दिलाई। इससे पहले स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। बल्लेबाजों के लिए आसान हुई परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा आक्रामक अंदाज में किया। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने शुरुआती ओवर में स्टार्क के खिलाफ चौका जड़ा, लेकिन इस बाएं थ के तेज गेंदबाज ने अपने अगले ओवर में विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। मार्कराम ने हेजलवुड और स्टार्क के खिलाफ आत्मविश्वास से भरे चौके जड़े तो वहीं वियान मुल्डर (27 रन) ने भी हेजलवुड और पैट कमिंस के खिलाफ शानदार चौके लगाए। दक्षण अफ्रीका की आक्रामक शुरुआत से निपटने के लिए कमिंस को 10वें ओवर में ही ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का सहारा लेना पर मजबूर होना पड़ा। लियोन के आक्रमण पर आने से रन गति पर काफी हद तक लगाम लगी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने 13वें ओवर में रनों का अर्धशतक पूरा किया। मुल्डर ने लियोन के खिलाफ चौका लगाया, लेकिन कमिंस के लिए गेंदबाजी में बदलाव कर स्टार्क को गेंद थमाना फायदेमंद साबित हुआ। स्टार्क ने अपने दूसरे स्पैल की शुरुआती ओवर में ही मुल्डर को चलता कर दूसरे विकेट के लिए खतरनाक होती साझेदारी को तोड़ा। स्टार्क के अगले ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा को जीवनदान मिल जब स्लिप में स्टीव स्मिथ उनका मुश्किल कैच लपकने में नाकाम रहे। बावुमा और मार्कराम ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को सफलता से दूर रखा। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कगिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। लियोन ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं हुआ। स्टार्क और हेजलवुड ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाते हुए 135 गेंदों में 59 रन की साझेदारी की। एडेन मार्कराम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया जिसके बाद अंपायरों ने लंच की घोषणा कर दी। स्टार्क ने तीन घंटे से अधिक की पारी में 136 गेंद का सामना कर पांच चौके लगाए। वह गुरुवार को जब क्रीज पर उतरे थे उस समय ऑस्ट्रेलिया की टीम 73 रन पर सात विकेट गंवा कर मुश्किल स्थिति में थी। उन्होंने एलेक्स कैरी के साथ आठवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आखिरी विकेट के लिए 59 रन जोड़ कर मैच में ऑस्ट्रेलिया की स्थिति बेहद मजबूत कर दी। स्टार्क और हेजलवुड टेस्ट क्रिकेट में दसवें विकेट के लिए तीन बार पचास से अधिक की साझेदारी करने वाली दूसरी जोड़ी है, उनसे पहले यह उपलब्धि बीजे वाटलिंग और ट्रेंट बोल्ट ने हासिल की थी। हेजलवुड ने भी स्टार्क का साथ अच्छे से दिया और अपनी बल्लेबाजी तकनीक से प्रभावित करते हुए 53 गेंद की पारी में दो चौके लगाए। मार्को यानसेन की गेंद स्टार्क के बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप के ऊपर से चार रनों के लिए चली गयी जिससे उन्होंने टेस्ट में अपना 11वां अर्धशतक पूरा किया और टीम के स्कोर को 200 रन तक पहुंचाया। आखिरी विकेट चटकाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने तेज गेंदबाजों को आजमाने के बाद केशव महाराज और फिर मार्कराम को गेंद थमाई। मार्कराम का पहला ओवर मेडन रहा लेकिन उनके दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में हेजलवुड महाराज को कैच दे बैठे।

#### स्कोर बोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 212**
**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी : 138**
**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी : 212/10 (56.4 ओवर)**
**कल के स्कोर 144/8 से आगे**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 58 | 136 | 5 | 0 |
| नाथन लियोन पगबाधा बो. रबाडा | 2 | 13 | 0 | 0 |
| हेजलवुड का. महाराज बो. मार्कराम | 17 | 53 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त :** 19, **कुल :** 40 ओवर में 8 विकेट पर 144 रन, **विकेट पतन :** 1-28, 2-28, 3-44, 4-48, 5-64, 6-66, 7-73, 8-134, **गेंदबाजी :** कगिसो रबाडा 11-0-44-3, मार्को यानसन 12-3-31-1, वियान मुल्डर 6-0-14-1, लुंगी एन्गिडी 9-0-35-3, केश्व महराज 2-0-10-0

**दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी : 138**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्कराम खेल रहे हैं | 102 | 159 | 11 | 0 |
| रिकलटन का. कैरी बो. स्टार्क | 6 | 8 | 1 | 0 |
| मुल्डर का. मानर्स बो. स्टार्क | 27 | 50 | 5 | 0 |
| बवूमा खेल रहे हैं | 65 | 121 | 5 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, **कुल :** 56 ओवर में दो विकेट पर 213 रन, **विकेट पतन :** 1-9, 2-70, **गेंदबाजी :** स्टार्क 9-0-53-2, हेजलवुड 13-0-43-0, पैट कमिंस 10-0-36-0, नाथन लियोन 18-3-51-0, बो वेब्स्टर 4-0-11-0, ट्रेविस हेड 2-0-8-0.

## खेल एक नजर

### श्रेयस की फाल्कंस को हराकर मराठा रॉयल्स ने जीता खिताब



**मुंबई, जेएनएन।** राजेश सुतार (53 रन) के अर्धशतक और अवैस नौशाद (38 रन) के उपयोगी योगदान से मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने फाइनल में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी-20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। यह अय्यर की बतौर कप्तान टी-20 लीग में 10 दिन के अंदर लगातार दूसरी फाइनल में हार है। इससे पहले तीन जून को पंजाब किंग्स को आईपीएल-2025 फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा था। मराठा रॉयल्स ने मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। सुतार और नौशाद के बीच चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी हुई, जिससे मराठा रॉयल्स 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। इससे पहले मयूरेश टंडेल (नाबाद 50) और हर्ष अघव (नाबाद 45) की 49 गेंदों पर 85 रन की अटूट साझेदारी की मदद से मुंबई फाल्कंस ने चार विकेट पर 157 रन बनाए।

### आईएसएसएफ विश्व कप : भारत की सुरुचि सिंह की गोल्डन हैट्रिक



**म्यूनिख, जेएनएन।** उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 574 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहीं।

### भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए एक्लेस्टोन की वापसी




इंग्लैंड टीम घोषित

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें बाएं हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी-20 सीरीज के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेलेगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि नई कप्तान नैट सिवर-ब्रंट और कोच चार्लोट एडवर्ड्स की अगुआई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम में एक्लेस्टोन की वापसी हो रही है। 26 साल की एक्लेस्टोन ने चोट से उबरने के साथ ही अपने समग्र स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए खेल से संक्षिप्त विश्राम लिया था। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी-20 मैच 28 जून को ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा। तीसरा टी-20 चार जुलाई को ओवल में खेला जाएगा, जबकि चौथा और पांचवां मैच क्रमशः नौ और 12 जुलाई को ओल्ड ट्रैफर्ड और एजबेस्टन में खेला जाएगा।

## स्कॉटलैंड ने किया वनडे में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर चेज

### मंसी की 191 रन की पारी पर भारी पड़ी ओडाउड की 158* रनों की पारी

**फोर्टहिल, जेएनएन।** मैक्स ओडाउड ने नाबाद 158 रनों की पारी खेलकर जॉर्ज मंसी की 191 रनों की पारी पर पानी फेरते हुए नीदरलैंड्स को स्कॉटलैंड पर आईसीसी विश्व कप लीग-2 के मुकाबले में चार विकेट से बड़ी जीत दिलाई। इस मैच में दोनों टीमों ने मिलकर कुल 743 रन बनाए। इस मैच में वनडे क्रिकेट के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी चेज हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने मंसी की 150 गेंद में 191 रनों की पारी की बदौलत 6 विकेट खोकर 369 रन बनाए। मंशी का स्कोर किसी ऐसोसिएट बल्लेबाज का वनडे में सबसे अधिक स्कोर था। उन्होंने 2010 में कनाडा के खिलाफ पॉल स्टर्लिंग के 177 रनों के स्कोर को पछाड़ा। मंसी के पास दोहरा शतक लगाने का बड़ा मौका था, लेकिन वह आउट हो गए, उस समय पारी में तब भी 10 गेंद शेष थी। कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 49 गेंद में 59 रनों की पारी खेली। क्रॉस और मंसी के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 गेंद में 150 रनों की साझेदारी हुई, जिसकी मदद से स्कॉटलैंड ने छह विकेट पर 369 रनों का स्कोर किया। स्कॉटलैंड के लिए आर्यन दत्त और माइकल लिविट ने दो-दो विकेट लिए।




#### नीदरलैंड्स ने 21 ओवर में 143 रन

स्कॉटलैंड के लिए ओडाउड कुछ और ही सोचकर उतरे थे। उन्होंने और लेविट (44) ने 9.2 ओवर में ही 68 रन जोड़ दिए थे। इस बीच शेफयान शरीफ ने लेविट का विकेट निकाल लिया। दो ओवर बाद शरीफ ने जाक लियोन कैचेट (3) को भी चलता कर दिया, जिसके बाद स्कोर दो विकेट पर 75 रन हो गया। लेकिन ओडाउड और स्कॉट एडवर्ड्स ने दोबारा से चेज को रास्ते पर लाया और नीदरलैंड्स ने 21 ओवर में 143 रन बना डाले। एडवर्ड्स (32) और फिर वेस्ली बैरेसी(13) के आउट होने के बाद ओडॉउड को तेजा निदामनुरू के रूप में एक साथी मिला। दोनों ने तेजी से रन बनाए और 91 गेंदों पर 101 रन जोड़े। आखिरी दस ओवरों में 91 रन की जरूरत थी और छह विकेट हाथ में थे। लेकिन अगली ही गेंद पर उन्होंने निदामनुरू (51) को खो दिया। नोआह क्रोस ने इसके बाद 29 गेंद में 50 रनों की पारी खेली और स्कॉटलैंड की जीत के दरवाजे बंद कर दिए। जब वह 48वें ओवर में आउट हुए तो नीदरलैंड्स को 15 गेंद में इतने ही रनों की आवश्यकता थी। अंत में ओडाउड ने छक्का लगाया और चार गेंद और चार विकेट शेष रहते अपनी टीम को जीत दिला दी।

**वनडे में एसोसिएट खिलाड़ी द्वारा हाईएस्ट स्कोर**

| खिलाड़ी | देश | विरुद्ध | रन | साल |
|---|---|---|---|---|
| जॉर्ज मंसी | स्कॉटलैंड | नीदरलैंड्स | 191 | 2025 |
| पॉल स्टर्लिंग | आयरलैंड | कनाडा | 177 | 2010 |
| कैलम मैकलियोड | स्कॉटलैंड | कनाडा | 175 | 2014 |
| जसकरन मल्होत्रा | अमेरिका | पीएनजी | 173* | 2021 |

### एमएलसी : सैन फ्रांसिस्को ने वॉशिंगटन को 123 रन से हराया

## एलन ने 51 गेंद में बनाए 151 रन, सबसे ज्यादा छक्के लगाकर गेल को पीछे छोड़ा



■ एलेन ने पारी में 19 छक्के जड़े। वे एक टी-20 मैच में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड संयुक्त रूप से क्रिस गेल (बनाम ढाका डायनामाइट्स 2017) और साहिल चौहान (बनाम साइप्रस 2024) के नाम था, जिन्होंने 18 छक्के लगाए थे।

**134** रन एलेन ने बाउंड्री से बनाए, जिसमें 114 रन उन्होंने 19 छक्कों से बनाए। केवल तीन अन्य बल्लेबाजों ने एक टी-20 पारी में बाउंड्री से एलेन से अधिक रन जुटाए हैं।

**ऑकलैंड, जेएनएन।** फिन एलन (151 रन) के तूफानी शतक की बदौलत सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स ने मेजर क्रिकेट लीग 2025 के ओपनिंग मैच में वॉशिंगटन फ्रीडम को 123 रन से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए सैन फ्रांसिस्को ने पांच विकेट पर 269 रन बनाए। यह एमएलसी का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके साथ ही टीम अमेरिका में एक टी-20 मैच में 250 रन बनाने वाली पहली टीम भी बनी। इससे पहले 2016 में लॉडरहिल में वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ छह विकेट पर 245 रन बनाए थे। जवाब में वॉशिंगटन फ्रीडम 13.1 ओवर में 146 रन बना पाई। न्यूजीलैंड के स्टार ओपनर एलन ने 34 गेंदों में शतक जड़ा, जो इस लीग का सबसे तेज शतक है। एलन ने 51 गेंदों पर 5 चौके और 19 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। एलेन ने 150 रन बनाने में 49 गेंद खेली। यह टी-20 में सबसे तेज 150 रन की पारी है, उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस के रिकॉर्ड को तोड़ा, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में नाइट्स के खिलाफ 2022 में 52 गेंद में 150 रन बनाए थे।

## भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में जर्मनी और आयरलैंड के साथ एक ग्रुप में

**जेएनएन, लुसाने (स्विट्जरलैंड)**

भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल-सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल-ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल-बी में रखा गया है। यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था, जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अनुसार चिली के सैंटियागो में आयोजित ड्रॉ समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं। भारत ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कभी नहीं जीता है। जर्मनी के मोनचेंग्लाडबैक में खेलने गए टूर्नामेंट भारत तीसरे और दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में खेले गए टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहा था।

#### वर्ल्ड कप के लिए ग्रुप

**पूल-एः नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया**
**पूल-बीः अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे, वेल्स**
**पूल-सीः जर्मनी, भारत, आयरलैंड, नामीबिया**
**पूल-डीः इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन, ऑस्ट्रिया,**
**पूल-ईः ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा, स्कॉटलैंड**
**पूल-एफः अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड, उरुग्वे।**

## मप्र की प्राची-पूजा ने एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप में दूसरे दिन भी जीते गोल्ड

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की स्टार पैरा कैनो क्याक प्राची यादव और पूजा ओझा ने एशियन पैरा कैनो चैंपियनशिप में दूसरे दिन भी स्वर्ण पदक जीते। वहीं मप्र के ही मनीष यादव ने रजत और मनीष कौरव ने कांस्य पदक जीता। थाइलैंड के पटाया में आयोजित इस चैंपियनशिप में दूसरे दिन भारत ने तीन स्वर्ण, आठ रजत व एक कांस्य सहित कुल 12 पदक जीते। इस तरह भारत के पांच स्वर्ण, पांच रजत व नौ कांस्य सहित 19 पदक हो गए हैं। शुक्रवार को 500 मी और 200 मीटर की रेस आयोजित हुई। ओलंपियन प्राची ने दो और पूजा ने एक सोने का तमगा हासिल किया। प्राची ने केएल-2 और वीएल-2 में 200 मीटर में पदक हासिल किए। वहीं पूजा ने 500 मीटर रेस के केएल-1 इवेंट में खिताब जीता। संगीता राजपूत 500 व 200 मीटर में दो कांस्य पदक अर्जित किए।



### जूनियर चैंपियनशिप में चार कांस्य पदक

एशियन कैनो स्प्रिंट जूनियर व अंडर-23 चैंपियनशिप में भारत चार कांस्य पदक जीते। अंडर-23 पुरुष कैनो 1000 मी. में ज्ञानेश्वर और पुरुष के-4 में भारतीय चौकड़ी रिमसन, जसप्रीत, तोमथिलंगान्बा व हर्षवर्धन सिंह शेखावत ने कांस्य पदक जीता। जूनियर पुरुष सी-2 में सुधीर कुमार और प्रिंस गोस्वामी की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता। सी-2 में दीपिका ढीमर व गौरी कृष्णा की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता है।

## रबजीत के दोहरे प्रदर्शन से जीती अंकुर अकादमी



**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच रबजीत (5 विकेट व 43 रन) के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत अंकुर क्रिकेट अकादमी ने पहले जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-14 बॉयज टूर्नामेंट में क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान्स को सात विकेट से शिकस्त दी। शनिवार को मयंक क्रिकेट अकादमी और एस क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला जाएगा। भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान्स पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.2 ओवर में 148 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए वेद ने 42, जबकि रोहित और स्वस्तिक ने एकसमान 26-26 रन बनाए। अंकुर अकादमी के रबजीत ने 21 रन देकर 5 विकेट झटके। रूद्र, अथर्व और अभिनव को 1-1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंकुर अकादमी ने 22.2 ओवर में 3 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। रूद्र ने 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

## गॉड लाइक फुटबॉल क्लब बना चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** गॉड लाइक फुटबॉल क्लब ने शुक्रवार को खेलो भोपाल फुटबॉल प्रतियोगिता मेला के अंडर-18 आयु वर्ग में मुजी इलेवन को 2-0 से परास्त कर खिताब पर कब्जा जमाया। शहर के टीटी नगर स्टेडियम में खेली गई प्रतियोगिता के फाइनल में गॉड लाइक क्लब के लिए आयुष और महमूद ने एक-एक गोल दागा। इसके साथ ही लीग का समापन हो गया। 26 मई से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में अंडर-18 आयु वर्ग में आठ टीमों के बीच मुकाबले खेले गए। अंडर-15 आयु वर्ग में 19 टीम और अंडर-10 बेबी लीग में 7 टीमों के बीच मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में लीग के कुल 37 मैच और नॉकआउट पद्धति के 34 मैच मिलाकर कुल 40 टीमों के बीच 71 मैच खेले गए। यह प्रतियोगिता समर कैंप में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों के बीच हुई। कैंप में 650 से अधिक बालक और बालिकाओं ने फुटबॉल की तकनीक और मैच की प्रक्रिया सिखा।

## धोनी हाउस की दोनों टीम जीती

**भोपाल, खेप्र।** महेंद्र सिंह धोनी हाउस की टीम ने अलग-अलग वर्ग में मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी विराट कोहली हाउस की टीम 109 रन बना पाई। कनव ने 45 रन बनाए। धोनी हाउस के यशवर्धन ने 3, जबकि आशमान और प्रथम ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में धोनी हाउस ने 9 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। मानस ने 32 व यशवर्धन ने नाबाद 22 रन बनाए। कोहली हाउस के गर्व और भूपेन्द्र ने 2-2 हासिल किए। मिनी ग्रुप में धोनी हाउस पहले बल्लेबाजी करते हुए 88 रन पर सिमट गया। प्रिंस ने सर्वाधिक नाबाद 45 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर हाउस के लिए पलक ने तीन विकेट लिए। जवाब में तेंदुलकर हाउस 53 रन बना पाया। उदय ने सबसे ज्यादा 17 रन बनाए। धोनी हाउस के आदविक और अमोघ रावत ने दो-दो विकेट झटके। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार यशवर्धन और प्रिंस को प्रदान किया गया।



मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस प्रतियोगितां

## विश्व योग दिवस पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम

**सतना।** ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिला स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले में जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन को नोडल अधिकारी बनाया है।

## महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 23 जून तक

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 की परीक्षा में चयनित एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर से संबंधित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 13 जून से किया जा रहा है। परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी 23 जून तक प्रातः 11 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में उपस्थित होकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन करा सकते हैं।

# एसएडीओ ने किसान से की अभद्रता एसडीएम से हुई शिकायत

### मुख्यालय पर निवास नहीं करने का भी लगाया आरोप, डीडीए एवं एसडीएम ने कहां होगी कार्यवाही




जागरण, सतना

किसानो को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे डीडीए मनोज कश्यप के इरादो पर रामपुर में पदस्थ एसएडीओ अशोक निगम पानी फेरने का काम कर रहे है। किसानो को बेहतर सुविधाए देना तो दूर वे किसानो से अभद्रता करते है और उन्हे दुतकार कर कार्यालय से भाग देते है। इसकी एक शिकायत रामपुर बाघेलान एसडीएम आरएन खरे के समक्ष किसान ने दर्ज कराई है अब देखना ये है कि किसानो के कल्याण के लिए संचालित कृषि विभाग रामपुर बाघेलान में पदस्थ एसए डीओ के विरूद्ध विभागीय अधिकारी कोई कार्यवाही करते है या उन्हे मनमानी करने की खुली छूट देते है। यह तो आने वाला वक्त बतायेगा मगर जागरण से चर्चा करते हुये डीडीए मनोज कश्यप एवं एसडीएम आरएन खरे ने संबंधितो के विरूद्ध कार्यवाही की बात कहीं है।

### एसएडीओ सहित मुख्यालय में नहीं रहता अमला

एसडीएम से शिकायत करते हुये पीडित किसान ने कहा है कि कृषि विभाग में पदस्थ एसएडीओ और आरएईओ मुख्यालय में निवास नही करते। इतना ही नही आरोप में यह भी कहा गया है कि कृषि विभाग का अमला कभी फील्ड में नही जाता और न ही किसानो को कोई जानकारी देता की उन्हे किस तरह की फसल की बोनी करनी चाहिए। कोई किसान जानकारी लेने कार्यालय आता है तो उसे भगा दिया जाता है। जानकार बताते है कि कृषि विभाग का अमला मुख्यालय में नही बल्कि सतना एवं रीवा में निवास करता है। कृषि विभाग द्वारा कई योजनाओ का संचालन किया जाता है मगर किसानो को किसी तरह की जानकारी नही दी जाती। हैरानी की बात ये है कि एसएडीओ के बरताव से किसान इतना व्यथित हो गया कि उसने एसडीएम से शिकायत करने के बाद सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई है। मजे की बात ये है कि कृषि विभाग में जो भी अधिकारी कर्मचारी पदस्थ है उन्होने विभागीय अधिकारियो को विधिवत यह लिखित जानकारी दी होगी। कि वे मुख्यालय में किस जगह पर निवास करते है। इस तरह की भ्रामक जानकारी देने वाले कर्मचारियों की डीडीए को जांच करानी चाहिए। सीएम हेल्पलाइन क्रमांक 3283 9958 में शिकायत दर्ज कराई है कि रामपुर बघेलान कृषि विकास अधिकारी अशोक निगम ने उनके द्वारा बीज के लिए मागी गई जानकारी पर उन्हें अभद्रता से जवाब देते हुए कार्यालय से भगा दिया है और कहां है कि मैं सरकार का नौकर हूं तुम्हारा नहीं।



किसान ने एसएडीओ द्वारा अभद्रता किये जाने की शिकायत की है। उसकी जांच कराई जायेगी। मुख्यालय में यदि निवास नही करते तो उसकी भी जांच की जायेगी। साथ ही उन्हे यह निर्देश भी दिया जायेगा कि वे एक रोस्टर बनाये की उन्हे कब फील्ड में जाना और कब आफिस में रहना है।

**आर.एन. खरे एसडीएम रामपुर बाघेलान**



मुख्यालय में निवास नही करने वाले रामपुर के सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी जवाब तलब किया जायेगा साथ ही यह भी सत्यापित किया जायेगा की उन्होने मुख्यालय में रहने का जो पता दे रखा है उस पर निवास करते है या नही। किसानो के साथ अभद्रता करने वालो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही सिविल सेवा आचरण अधिनियम के तहत की जायेगी।

**मनोज कश्यप डीडीए सतना**

## एनीमल एवं डेयरी हस्ब्री टेक्नोलॉजी डिप्लोमा की प्रवेश परीक्षा के लिए दल गठित

**सतना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा एनीमल एवं डेयरी हस्ब्री टेक्नोलॉजी डिप्लोमा की प्रवेश परीक्षा 17 जून को सतना जिले के तीन परीक्षों केन्द्र मां मीरा कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल वैष्णो देवी मंदिर डाली बाबा डेलौरा सतना, आदित्य कॉलेज आफटेक्नोलॉटी एण्ड साइंस सतना तथा आदित्य कॉलेज मैनेजमेंट में एक पाली दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए रिपोर्टिंग का समय प्रातः 11 बजे से 12.30 बजे तक नियत किया गया है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा सहायक समन्वयक, प्रशासनिक आब्जर्वर, उडनदस्ता दल तथा आब्जर्वर का गठन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे को सहायक समन्वयक, एसडीएम राहुल सिलाडिया को प्रभारी, डीएसपी डीपी सिंह को सुरक्षा समन्वयक, डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे, तहसीलदार रघुराजनगर सौरभ मिश्रा तथा नायब तहसीलदार राजेश कुमार सिंह को प्रशासनिक आब्जर्वर, शारदा सोनी, नीलेश गेहचन्द पटेल, अनूप सिंह, बृजेन्द्र सिंह तथा यादवेन्द्र सिंह को आब्जर्वर तकनीशियन, सहायक ग्रेड-3 दयाराम वर्मा को शाखा प्रबंधक, रोशन वर्मा एवं सचिन श्रीवास्तव को भृत्य तथा आकाश यादव की पेपर जमा करने में ड्यूटी लगाई गई है।

### कक्षा 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा के लिये कार्यवाही सुनिष्चित करें

सतना। जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय परीक्षा 17 जून से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा के संचालन हेतु केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की जानी है। डिप्टी कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी सतना को नियुक्त संबंधी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

# एयर इंडिया विमान हादसे पर भाजपा ने जताया शोक, दी श्रद्धांजलि



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी सतना जिला कार्यालयए भरहुत नगर में एक शोकसभा का आयोजन कर अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दुर्घटना में बड़ी संख्या में लोगों की दुखद मृत्यु पर भाजपा पदाधिकारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित दुर्घटना में काल के गाल में समा गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहाए यह घटना अत्यंत पीड़ादायक और असहनीय है। इससे पूरा देश स्तब्ध है। हम दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हैं और ईश्वर से कामना करते हैं कि शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति मिले। इस कठिन समय में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। भाजपा पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी और उनके प्रति संवेदना प्रकट की। शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी महापौर योगेश ताम्रकार वरिष्ठ नेता पंडित रामदास मिश्रा पुष्पराज बागरी पूर्व महापौर ममता पांडेय जिला महामंत्री रमाकांत गौतम जिला उपाध्यक्ष किरण सेन बालेन्द्र गौतम जिला मंत्री शुभम तिवारी कोषाध्यक्ष जय प्रताप गुप्ता जिला कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी अभिषेक तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता , रविन्द्र सिंह सेठी एड अरविन्द मिश्रा दीपेन्द्र नाथ त्रिपाठी सीमा सिंह मनीषा सिंह नीता सोनी आशा शुक्ला महेंद्र तिवारी आदि ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।







# राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रतिषत दर बढायें : कलेक्टर

### राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देष



जागरण, सतना। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने आर.सी.एस.एस. पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों और उनके निराकरण की स्थिति में सुधार लाते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण की दर 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम आरएन खरे, जीतेन्द्र वर्मा, राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, सुमेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने न्यायालयवार आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज राजस्व प्रकरणों एवं निराकरण की समीक्षा की। आरसीएमएस पोर्टल पर कुल 32 राजस्व न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों की संख्या 33 हजार 947 रही। जबकि निराकृत प्रकरणों की संख्या 16 हजार 406 पाई गई। प्रकरणों के निराकरण का औसत प्रतिशत 48 फीसदी पाया गया। कलेक्टर ने निराकरण का प्रतिशत 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिये है। बंटवारा के कुल दर्ज 2001 प्रकरणों में 1114 प्रकरणों का निराकरण और नामांतरण के 11019 दर्ज प्रकरणों में 6229 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार सीमांकन के कुल दर्ज 5313 प्रकरणों में से 3336 का निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान समय में खेत खाली है। सीमांकन करने का यह समय सर्वथा उपयुक्त है। अतः सीमांकन प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण करें। सुनिश्चित करें कि नामांतरण और बंटवारा के कोई भी प्रकरण 6 माह से अधिक और सीमांकन के प्रकरण 3 माह से अधिक समय तक लंबित नहीं रहे। राजस्व न्यायालयों में दर्ज 2 से 5 वर्ष के प्रकरणों की संख्या कम करें और निराकरण का प्रतिशत बढाये। सीमांकन के दौरान सरहदी काश्तकारों को सूचना की तामीली अनिवार्य होगी। एसडीएम मझगवां की कोर्ट में 5 प्रकरण सहित कुल 15 प्रकरण 5 वर्ष से अधिक समय के है। इसी प्रकार नागौद तहसील में 89, अटरा में 30, सज्जनपुर में 13 प्रकरण 2 से 5 वर्ष तक के लंबित है। इनका शीघ्र निराकरण करें।

कलेक्टर ने कहा कि अतिक्रमण के धारा 250, 248 और रास्ते के विवाद के प्रकरणों का निराकरण तहसीलदार को स्पाट पर पहुंच कर निर्णय लेना चाहिए। सीमांकन के बाद पटवारी को अपनी रिपोर्ट पुष्टि के लिए प्रारूप 'क' में प्रस्तुत करनी चाहिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के अधिक डिस्पोजल परसेन्टेज वाले राजस्व अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कमजोर प्रगति वालों को और भी मेहनत कर परफारमेंस सुधारने के निर्देश दिये। राजस्व प्रकरणों में कमजोर प्रगति पर सिंहपुर के नायब तहसीलदार राजेन्द्र प्रसाद मांझी और जैतवारा के नायब तहसीलदार परमानंद तिवारी का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। कलेक्टर ने कहा कि 30 जून तक की अवधि में सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण 75 प्रतिशत तक किया जाये।













## बालश्रम के विरुद्ध जागरुकता रैली का आयोजन

**सतना।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर सहायक श्रमायुक्त द्वारा शुक्रवार को स्टेशन रोड सतना से पन्नीलाल चौक तक बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में प्रभारी सहायक श्रमायुक्त अनुराग प्रताप सिंह, श्रम निरीक्षक मानवधिकार सुरक्षा संगठन भारत एवं जायटस ग्रुप ऑफ सतना के सदस्य हेमन्त डेनियल, राहुल चौकसे, पुष्पेन्द्र धुर्वे, मनोज कुमार यादव, राजेश खत्री, श्री श्रीवास्तव, आरपी गुप्ता, सावित्री गुप्ता, आरएन त्रिपाठी, दीपचन्द्र गुप्ता, नीलम कुशवाहा, कैलाश सत्यार्थी, फाउण्डेशन से आरबी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सोहावल के कार्यालय में सीईओ जनपद प्रतिपाल बागरी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशा निवारण हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहावल द्वारा समस्त जनपद स्टाफ सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायकों को नशा न करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही युवा वर्ग की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित किए जाने के लिए सेल्फी प्वाइंट के जरिए नशा मुक्ति का संदेश दिया गया।







जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com